CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 23°C

लखनऊ, बुधवार 3 सितम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 303 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 10 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में आउटसोर्स सेवा निगम का गठन होगा: योगी
पेज 2



राशिद खान ने टी-20 विकेटों का विश्व रिकॉर्ड बनाया
खेल टाइम्स



रेड कार्पेट, चियर्स गर्ल्स और कूटनीति
सम्पादकीय



फलस्तीन को मान्यता देने की तैयारी में बेल्जियम
पेज 12

# भूस्खलन से सूडान तबाह, 1000 की मौत

## दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच पूरा गांव हुआ दफन, केवल एक व्यक्ति जीवित बचा

खार्तूम, वार्ता

**सूडान के पश्चिमी** क्षेत्र दारफुर में भूस्खलन के कारण 1000 लोगों के मारे जाने की खबर है। इस देश पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोही समूह-सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि कई दिनों की भारी बारिश के बाद तरासिन गांव में रविवार को भूस्खलन हुआ।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ये गांव मध्य दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच है। इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा है। सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तरासिन गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत हो चुकी है। केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है। अनुमान है कि लगभग एक हजार लोग मारे गए हैं। गांव पूरी तरह से तबाह हो चुका है। राहत और बचाव कार्य चलाने में मदद

- **सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने शवों को बरामद करने को यूएन से लगाई गुहार**
- **हजारों विस्थापितों ने मर्राह पहाड़ियों में ली है शरण**
- **इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा**

और मलबे के नीचे दबे शवों को बरामद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय सहायता समूहों से गुहार लगाई गई है। स्थानीय मीडिया द्वारा एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें दिखाया गया है कि पहाड़ों के बीच पूरा इलाका समतल हो गया है और लोग वहां मलबे में तलाश कर रहे हैं। यह आपदा ऐसे समय में आई



है, जब सूडान पहले से ही भयानक गृहयुद्ध से जूझ रहा है। अप्रैल 2023 से देश की सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच राजधानी खार्तूम समेत कई जगहों पर लड़ाई छिड़ी हुई है। सेना और आरएसएफ के बीच लड़ाई के कारण मर्राह पर्वत समेत दारफुर क्षेत्र का अधिकांश भाग संयुक्त राष्ट्र और सहायता समूहों की पहुंच से बाहर है। मर्राह पर्वत क्षेत्र में स्थित सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी, दारफुर और कोर्डोफन में सक्रिय कई विद्रोही संगठनों में से एक है। यह मौजूदा गृहयुद्ध में किसी भी पक्ष के साथ नहीं है। मर्राह पहाड़ियां 160 किलोमीटर लंबी ज्वालामुखीय पर्वत श्रृंखला हैं, जो अल-फशर के दक्षिण-पश्चिम में फैली हुई हैं। यह क्षेत्र राजधानी खार्तूम से करीब 900 किलोमीटर दूर है और संघर्ष से विस्थापित हजारों परिवार यहां शरण ले चुके हैं। सूडान में इस संघर्ष में अब तक 40,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 1.4 करोड़ से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। देश के कई हिस्सों में अकाल जैसी स्थिति है, जिसके कारण लोगों को जिंदा रहने के लिए घास खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों के अनुसार इस संघर्ष में जातीय हिंसा, नरसंहार और दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने भी युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच शुरू कर दी है।

# दूसरे दिन भी फिर दहला अफगानिस्तान

## मरने वालों की संख्या 1411 हुई

काबुल, वार्ता

**अफगानिस्तान में** एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। मंगलवार को दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले अफगानिस्तान के जलालाबाद में रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप में मरने वालों की संख्या 1411 के पार हो गई है। जबकि घायलों का आंकड़ा 3250 से ज्यादा हो गया है।

न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक तालिबान ने इसकी जानकारी दी है। अफगानिस्तान में जलालाबाद के पास रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। इस वक्त ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दुनियाभर से मदद मांगी है। इसके बाद भारत ने मदद के लिए 1000 टेंट काबुल भेजे हैं। साथ ही 15 टन खाने का सामान काबुल से कुनार भेजा। विदेश

- **दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का फिर आया भूकंप**

मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि भारत आगे भी राहत सामग्री भेजेगा। 2021 में तालिबान सरकार बनने के बाद अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने अफगानिस्तान की मानवीय सहायता रोक दी थी। संयुक्त राष्ट्र ने भी मृतकों के लिए दुख जताया है।

एक्स पर संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि हमारी टीमें पहले से ही राहत बचाव काम में लगी हुई हैं। अफगानिस्तान की अपील के बाद भारत के अलावा चीन और ब्रिटेन जैसे देशों ने भी मदद भेजी है। ब्रिटेन ने भूकंप से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए 1 मिलियन पाउंड (10 करोड़) के इमरजेंसी फंड का ऐलान किया है। वहीं चीन ने कहा कि वह अफगानिस्तान की जरूरतों और अपनी क्षमता के मुताबिक उसकी मदद करेंगे।

### सोशल मीडिया आर्टिस्ट की पति ने की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नजफगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक सोशल मीडिया आर्टिस्ट की उसके पति ने गला दबाकर हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार सुबह की है। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी पति अमन (35) ने खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की, पर समय रहते पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसकी जान बच गई। दंपति के दो पुत्र हैं। वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश में पीलीभीत के निवासी हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि पुलिस को मंगलवार तड़के करीब 4:23 बजे एक पीसीआर कॉल मिली थी, कॉल करने वाले व्यक्ति ने पुलिस को नजफगढ़ के पुरानी रोशनपुरा में किराये के मकान में महिला की हत्या की सूचना दी थी। इस मकान में वह दंपति अप्रैल 2025 से रह रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस को 30 वर्ष महिला का शव मिला। जांच में पता चला कि वह एक सोशल मीडिया आर्टिस्ट थी और सोशल मीडिया पर उसके 6,000 फॉलोअर्स थे।

### ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए अहम योजना का शुभारंभ

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार की ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए एक अहम योजना की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि क्रेडिट को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड का उद्घाटन किया और 105 करोड़ रुपये की राशि का जीविका निधि में ट्रांसफर किया। इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए कहा कि बिहार की माताओं, बहनों और बेटियों को अवसरों की कमी न हो, इसके लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जीविका निधि का उद्देश्य सामुदायिक सदस्यों को सस्ती ब्याज दरों पर आसानी से ऋण उपलब्ध कराना है।


# भारत का पहला स्वदेशी स्पेस प्रोसेसर 'विक्रम 3201' लॉन्च

## रॉकेट और सैटेलाइट मिशन होंगे और मजबूत

नई दिल्ली, वार्ता

**सेमिकॉन इंडिया** 2025 सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 'विक्रम 3201' पेश किया। इसे भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है।

इस प्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और चंडीगढ़ स्थित सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) के सहयोग से तैयार किया गया है। यह एक 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है, जिसे खासतौर पर अंतरिक्ष मिशनों की कठोर परिस्थितियों में काम करने के लिए बनाया गया है। इसकी 55 डिग्री सेल्सियस से लेकर +125 डिग्री सेल्सियस तक तापमान झेलने की क्षमता इसे बेहद मजबूत बनाती है। इसका काम रॉकेट और लॉन्च व्हीकल्स में नेविगेशन, कंट्रोल और



- **सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम**

मिशन मैनेजमेंट को संभालना है। इसे मिलिट्री-ग्रेड स्टैंडर्ड्स के हिसाब से तैयार किया गया है, ताकि यह रेडिएशन और वाइब्रेशन जैसी कठिन परिस्थितियों में भी काम करता रहे। इससे पहले इसरो 2009 से 'विक्रम 1601' (16-बिट प्रोसेसर) का इस्तेमाल कर रहा था। अब 'विक्रम 3201' न सिर्फ 32-बिट आर्किटेक्चर लाता है, बल्कि इसमें 64-बिट फ्लोटिंग-प्वाइंट ऑपरेशन, एडीए प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का सपोर्ट और बेहतर कम्युनिकेशन के लिए ऑन-चिप 1553बी बस इंटरफेस जैसे कई बड़े अपग्रेड शामिल हैं। इसे एससीएल की चंडीगढ़ यूनिट में 180-नैनोमीटर सीओएमएस तकनीक से बनाया गया है, जो एयरोस्पेस एप्लिकेशंस के लिए भरोसेमंद है। 'विक्रम 3201' को पहले ही पीएसएलवीएंडसी-60 मिशन में टेस्ट किया जा चुका है। इसने पीएसएलवी ओरबीटल ईपेरामेंटल मॉड्यूल (पीओईएम-4) के मिशन मैनेजमेंट कंप्यूटर को सफलतापूर्वक संचालित किया। इस सफलता के बाद इसरो अब इसे अपने आगामी लॉन्च व्हीकल्स में व्यापक रूप से अपनाने जा रहा है। इसरो ने इसी साल मार्च 2025 में 'विक्रम 3201' के साथ 'कल्पना 3201' नाम का दूसरा प्रोसेसर भी लॉन्च किया था। यह 32-बिट एसपीएआरसी 8 आरआईएससी आर्किटेक्चर पर आधारित है।

### उमर खालिद और शरजील इमाम को हाईकोर्ट ने जमानत देने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने साल 2020 में हुए दंगों से जुड़ी कथित साजिश के मामले में अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद, शरजील इमाम सहित कई अन्य आरोपियों को जमानत देने से इन्कार कर दिया। मंगलवार को न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शैलिंदर कौर की खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया। अदालत ने उमर खालिद, शरजील इमाम, मोहम्मद सलीम खान, शिफा उर रहमान, अतहर खान, मीरान हैदर, अब्दुल खालिद सैफी और गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। अदालत में सुनवाई के दौरान उमर खालिद और अन्य की ओर से पेश वकीलों ने दलील दी कि उनके मुवक्किल निर्दोष हैं। हालांकि हाईकोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि इस स्तर पर उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती। बचाव पक्ष ने साफ किया है कि वे इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे।

# जल आपदा की चपेट में दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड

## उत्तराखंड के सभी जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद

नई दिल्ली, वार्ता

**पंजाब,** हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश जारी है। पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 12 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है।

भिवानी, हिसार, सिरसा, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला में मंगलवार को कुछ स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। गुरुग्राम के दफ्तरों में कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी किए गए हैं। उधर दिल्ली में यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के बाद मंगलवार को ट्रांस-यमुना क्षेत्र की कई कालोनियों में पानी घुस गया। यमुना बाजार, मयूर विहार और आसपास के इलाकों की कालोनियों में रहने वाले लोगों को



- **पंजाब के 12 जिलों में बाढ़, 29 लोगों की मौत**
- **दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ा, कई कालोनियां खाली कराई गईं**

अपना जरूरी सामान लेकर राहत शिविरों में जाने की अपील की है। उत्तराखंड के सभी 13 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर लैंडस्लाइड से दो लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए।

भारी बारिश के कारण चार धाम यात्रा 5 सितम्बर तक स्थगित कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश में इस साल अगस्त की बारिश ने 76 साल का रिकॉर्ड तोड़ा दिया। बीते महीने सामान्य से 68 प्रतिशत ज्यादा (256.8 एमएम) बारिश हुई। यह 1949 के बाद से सबसे ज्यादा है। शिमला में पिछले 24 घंटे में लैंडस्लाइड और मकान गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हिमाचल के 6 जिलों में बहुत तेज बारिश का रेड अलर्ट है। 8 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे।

# कांग्रेस-आरजेडी ने मेरी मां को गाली दी: मोदी

नई दिल्ली/पटना, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के लिए मां की गरिमा, उसका सम्मान, उसका स्वाभिमान बहुत बड़ी प्राथमिकता है। मां ही तो हमारा संसार होती है, मां ही हमारा स्वाभिमान होती है। उन्होंने कहा कि बिहार में कुछ दिनों पहले जो हुआ, उसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी।

बिहार में राजद-कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गई। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं है। ये देश की मां-बहन-बेटी का अपमान है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पता है कि आप सबको भी ये



- **प्रधानमंत्री ने कहा: यह देश की हर मां का अपमान, ये लोग जहां मिलें उनका विरोध करें**

देखकर और सुनकर कितना बुरा लगा है। मैं जानता हूं कि इसकी जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों को भी है। इसलिए, आज जब इतनी बड़ी तादाद में बिहार की लाखों माताओं-बहनों के दर्शन मैं कर रहा हूं, तो आज मेरा मन और मैं अपना दुख आपसे साझा कर रहा हूं। ताकि आप माताओं-बहनों के आशीर्वाद से मैं इसे झेल पाऊं। उन्होंने कहा कि मैंने हर दिन, हर क्षण अपने देश के लिए पूरी मेहनत से काम किया है और इसमें मेरी मां की बहुत बड़ी भूमिका रही है। मुझे मां भारती की सेवा करनी थी, इसलिए मुझे जन्म देने वाली मेरी मां ने मुझे अपने दायित्वों से मुक्त कर दिया था। उस मां के ही आशीर्वाद से मैं चल पड़ा था। इसलिए मुझे आज इस बात की पीड़ा है कि जिस मां ने मुझे देशसेवा का आशीर्वाद देकर भेजा, खुद से अलग करके मुझे जाने की इजाजत दी। मोदी ने कहा कि आप सब जानते हैं कि अब मेरी मां का शरीर तो इस दुनिया में नहीं है। कुछ समय पहले 100 साल की उम्र पूरी करके वो हम सबको छोड़कर चली गई। मेरी उस मां को जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, जिसका शरीर भी अब नहीं है। मेरी उस मां को राजद-कांग्रेस के मंच से भद्दी-भद्दी गालियां दी गई। ये बहुत ही दुख, कष्ट और पीड़ा देने वाला है। उस मां का क्या गुनाह है कि उसे भद्दी गालियां सुना दी गई। पीएम ने कहा कि आज मंगलवार के दिन बहुत मंगल कार्य की शुरुआत हो रही है। बिहार की माताओं- बहनों को आज एक नई सुविधा मिलने जा रही है। जीविका निधि साख सरकारी संघ। इससे गांव-गांव में जीविका से जुड़ी बहनों को अब और आसानी से पैसा मिलेगा। उन्हें आर्थिक मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि मुझे ये देखकर खुशी हो रही है कि जीविका निधि की व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल है। मैं बिहार की माताओं-बहनों को बहुत बधाई देता हूं और इस अद्भूत पहल के लिए मैं नीतीश कुमार और बिहार सरकार का भी अभिनंदन करता हूं।

# नागपुर से कोलकाता जा रहे इंडिगो विमान से पक्षी टकराया

**मुंबई।** नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो-6ई812 फ्लाइट से मंगलवार को पक्षी टकरा गया। इससे विमान की नागपुर में ही इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

प्लेन में 272 यात्री सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। घटना सुबह 7.01 बजे की है। विमान को 8.50 बजे कोलकाता पहुंचना था। एयरपोर्ट पर मौजूद अधिकारियों का कहना है कि उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही विमान से एक पक्षी टकरा गया। इससे विमान की नोज (सबसे आगे का हिस्सा) को नुकसान पहुंचा। वह अंदर धंस गई। इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग का यह 5 दिन में

- **विमान की नोज को नुकसान, अंदर धंसी**
- **5 दिनों में इंडिगो विमान की दूसरी इमरजेंसी लैंडिंग**

दूसरा मामला है। 28 अगस्त को सूरत से दुबई जा रही इंडिगो फ्लाइट की अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। विमान संख्या 6ई-1507 ने गुरुवार सुबह 9.30 बजे सूरत एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण विमान को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। विमान में 150 यात्री सवार थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेसी नेता पवन खेड़ा के पास दो वोटर आईडी: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को कांग्रेसी नेता पवन खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र होने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र हैं, जबकि कानून के मुताबिक देश के किसी भी नागरिक के पास सिर्फ एक वोटर आईडी होनी चाहिए। श्री भंडारी ने कहा कि ऐसे में जब श्री खेड़ा का सच सामने आ चुका है तो क्या देश भर में घूमकर आम मतदाताओं के वोटों को फर्जी बताने और वोट चोरी का आरोप लगाने वाले कांग्रेसी नेता राहुल गांधी अपने पार्टी के नेता के खिलाफ कुछ कार्रवाई करेंगे या कुछ बोलेंगे।

### दो जगह मेरे नाम के लिए आयोग जिम्मेदार : खेड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा है कि वोटर सूची में अगर दो जगह उनका नाम है तो इसमें चुनाव आयोग की गलती है और आयोग को ये बताना चाहिए कि उनके नाम पर किससे वोट दिलवाया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख श्री खेड़ा ने मतदाता सूची में उनका नाम दो जगह होने के भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित मालवीय के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि वह नौ साल पहले नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से जंगपुरा शिफ्ट हो चुके हैं और यदि उनका नाम अब भी वहां की वोटर लिस्ट में है तो यह आयोग की गलती है। वह मंगलवार को यहां अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। श्री खेड़ा ने कहा कि मैं नई दिल्ली से 9 साल पहले जंगपुरा गया हूं और मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म–7 भी भरा है। इसके बावजूद यदि अब भी मेरा नाम मतदाता सूची में है तो इसमें मेरी कोई गलती नहीं है।

# अभाविप कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज, सीओ पर गिरी सीएम की गाज

## एसएचओ सहित चौकी इंचार्ज को किया लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं पर एक दिन पूर्व बाराबंकी के श्रीराम स्वरूप मेमो. रियल विवि में हुए पुलिसिया लाठी चार्ज की घटना को संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सीओ हर्षित चौहान को हटाने के साथ ही एसएचओ कोतवाली रामकिशन राणा और चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर किया गया है। जबकि दोषी पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन से सम्बद्ध कर दिया गया है।

पूरे मामले की जांच आईजी अयोध्या रेंज प्रवीण कुमार को सौपी गयी है। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व राम स्वरूप यूनिवर्सिटी में अभाविप कार्यकर्ताओं और स्टूडेंट्स ने विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से लगातार की जा रही अवैध वसूली और लॉ कोर्स की संबद्धता बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) से न होने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर रहे थे। छात्रों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए भीड़ को तितर बितर करने के लिए लाठी चार्ज कर दिया था। लाठी चार्ज की घटना में दर्जन भर कार्यकर्ता चोटिल हो गए थे। अभाविप अवध प्रांत के प्रदेश मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई ने बताया कि विवि में लंबे समय से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यहां की लॉ डिग्री की मान्यता नहीं है। ऐसे में लॉ स्टूडेंट्स के साथ धोखा किया गया है।उनका कहना था कि साल 2022 से विधि विभाग की बार काउंसिल ऑफ इंडिया से संबद्धता के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहा है। जिससे छात्रों को फर्जी झांसा देकर उनके भविष्य को अंधकार में धकेला जा रहा है। जब छात्रों ने इस बाबत सवाल किया तो छात्र आदर्श पांडे और अभय राम त्रिपाठी को विश्व. विद्यालय से निष्कासित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जब इन मुद्दों पर बात करने के लिए प्रतिनिधिमंडल कुलपति डॉ. विकास मिश्रा से मिलने उनके कार्यालय गया, तो कुल. पति ने छात्रों से संवाद करने के बजाय पुलिस बल का प्रयोग किया। कुलपति के कहने पर पुलिस द्वारा उन पर लाठी चार्ज किया गया।

### लाठी चार्ज के विरोध में अभाविप ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के मातृ संगठन के रूप में शामिल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को विधानसभा सहित लखनऊ विश्वविद्यालय व कैसरबाग स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने संजय प्रसाद होश में आओ, पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद, योगी सरकार मुर्दाबाद, छात्र शक्ति जिंदाबाद जैसे नारे भी लगाए। बाराबंकी के रामस्वरूप यूनिवर्सिटी में एक दिन पूर्व हुए पुलिसिया लाठी चार्ज के विरोध में आज लखनऊ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। इस दौरान कुछ छात्र जो पहले से ही विधानसभा के सामने स्थित भाजपा कार्यालय पर मौजूद थे। वह विधानसभा का घेराव करने के लिए मुख्य सड़क पर आ गए।

# उप्र में अगले 24 घंटे के दौरान कई जिलों में भारी बारिश की सम्भावना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ प्रदेश के एक दर्जन से ज्यादा जिलों में बारिश से जनजीवन प्रभावित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत यूपी के एक दर्जन से ज्यादा जिलों में बारिश जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान लखनऊ समेत कई जिलों में सामान्य से भारी बारिश होने की सम्भावना है।

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को आसमान बादलों से घिरा रहेगा और कुछ स्थानों पर बारिश एवं गरज के साथ बौछारें पड़ने के साथ सामान्यत: बादल छाए रहेंगे। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 31 और 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। वहीं राज्य में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई स्थानों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। साथ ही, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं मौसम विभाग के आंकड़ों की मानें तो पिछले छह सालों में शहर के लिए ये मानसून के सबसे अच्छे तीन महीने रहे। लखनऊ में 2020 के बाद से जून, जुलाई और अगस्त के महीनों में सबसे ज्याादा बारिश हुई है। अब तक कुल 542.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। पिछली बार इतनी भारी बारिश 2019 में हुई थी, जब जून से अगस्त तक कुल 577.7 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। राज्य मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने कहा कि अगर हम इस साल के आंकड़ों पर गौर करें तो अब तक 542.7 मिमी बारिश हुई है जबकि पिछले साल 525.9 मिमी बारिश हुई थी। 2023 में यह 483.9 मिमी, 2022 में बहुत कम 351. 2 मिमी, 2021 में 450.3 मिमी और 2020 में घटकर 447.8 मिमी रह गई। ताज़ा पश्चिमी विक्षोभ, सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण और अन्य कारणों से अच्छी बारिश हुई। बुधवार तक और बारिश होने की संभावना है और तापमान में एक–दो डिग्री की गिरावट भी संभव है। सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 4.4 डिग्री कम था, जबकि न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.1 डिग्री कम था।

## मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने दी15 फैसलों को मंजूरी

# आउटसोर्स सेवा निगम का गठन होगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें कई अहम फैसले लिए गए।

कैबिनेट की बैठक में 15 प्रस्ताव पास किए गए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि सरकार उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक में हुए फैसलों की जानक. ारी देते हुए नगर विकास मंत्री अरलवद कुमार शर्मा मंत्री ने बताया कि, कानपुर और लखनऊ ई बस सेवा की शुरुआत की जाएगी। नगरीय परिवहन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ई बस सेवा की सुविधा का प्रस्ताव रखा गया था जिसको मंजूरी मिली है। श्री शर्मा ने बताया कि कानपुर और लखनऊ के 10–10 रूट पर इन बसों का संचालन किया जाएगा। एक बस की कीमत 10 करोड़ रुपये आयेगा और इसको 12 साल के लिए लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक रूट पर एक बस चालाई जाएगी और जरूरत पड़ने पर इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। सरकार उसकी निगरानी करेगी और भाड़े को नियंत्रित करेगी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सरकार उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। इसके ज़रिये जैम पोर्टल के माध्यम से एजेंसी का चयन किया जाएगा। श्री खन्ना ने बताया कि सरकार ने आउटसोर्सिंग को लेकर बड़ा फ़ैसला लिया है। सरकार ने इसमें पारदर्शी प्रकिया का प्रावधान किया गया है। इसमें सरकार अब आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

### कर्मचारियों के खाते में जाएगी सैलरी

आउटसोर्स कर्मचारियों को सीधे पूरा वेतन कर्मचारी के खाते में जाएगा। बैठक में कुल 15 प्रस्तावों को स्वीकृति दी, जिसमें कम्पनीज एक्ट–2013 के सेक्शन–8 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड के गठन को मंजूरी देना भी शामिल रहा। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि यह एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी होगी, जिसे नान–प्रॉफिटेबल संस्था के रूप में संचालित किया जाएगा। इसके माध्यम से अब आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी का चयन करेगा। आउटसोर्स कर्मचारियों का चयन तीन वर्ष के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को 16 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया गया है।

### मिलेगा रोजगार

यह निर्णय न केवल लाखों युवाओं को बेहतर अवसर देगा, बल्कि प्रदेश में रोजगार और सुशासन का नया मॉडल भी स्थापित करेगा। श्री खन्ना ने बताया कि लगातार यह शिकायतें सामने आ रही थीं कि उन्हें सरकार द्वारा स्वीकृत मानदेय का पूरा भुगतान नहीं मिल रहा। साथ ही ईपीएफ, ईएसआई जैसी अनिवार्य सुविधाओं का नियमित अंशदान भी कई बार एजेंसियों द्वारा नहीं किया जाता था। अब चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी तय करेगा। कर्मचारियों का मानदेय 16 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है।

# यूपी सरकार ने किया 13 पीसीएस का तबादला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार देर रात 13 वरिष्ठ पीसीएस अधिकारियों का तबा. दला कर दिया। एक दिन पहले ही सरकार ने आठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया था। सरकार की ओर से जारी की गई सूची के अनुसार राम प्रकाश को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण में भेजा गया है जबकि कुंवर पंकज महोबा में एडीएम (वित्त/राजस्व) होंगे।

नवीन चंद्र को अपर ज़िलाधिकारी मेरठ, ज्योति राय को अपर ज़िलाधिकारी बलरामपुर, प्रदीप कुमार को उपनिदेशक पशुपालन विभाग की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। सुनन्दु सुधाकरण को अपर आयुक्त वाराणसी मंडल, राकेश लसह को अपर ज़िलाधिकारी सुल्तानपुर बनाया गया है। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों को भी नए पद सौंपे गए हैं जिससे राज्य के प्रशासनिक ढांचे में बदलाव आया है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य में एक बार फिर 8 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया था।

### महोबा के जिला आबकारी अधिकारी को किया निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कदम उठाते हुए महोबा जनपद के जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। राजेंद्र प्रसाद वर्मा द्वारा रिश्वत लिए जाने से संबंधित वीडियो दिनांक 26 जून को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

## अर्थ व्यापार


सेंसेक्स 80157.88
निफ्टी 24579.60

सोना रु. 104662
प्रति 10 ग्रा. 24 कैरेट

चांदी रु. 123281
प्रति किलो

# बिकवाली से प्रमुख सूचकांक में रही गिरावट

**मुंबई, वार्ता**



■ सेंसेक्स लुढ़ककर 80,157.88 अंक पर बंद हुआ
निफ्टी–50 टूटकर 24,579.60 अंक पर बंद हुआ

बैंकिंग और फार्मा कंपनियों में बिकवाली के दबाव में मंगलवार को प्रमुख सूचकांकों में गिरावट रही, हालांकि मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सुबह बढ़त से साथ खुलने और 400 अंक से अधिक चढ़ने के बावजूद दोपहर बाद दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से सेंसेक्स 206.61 अंक (0.26 प्रतिशत) लुढ़ककर 80,157. 88 अंक पर बंद हुआ।

यह 155.60 अंक की बढ़त में 80,520. 09 अंक पर खुला था। यह ऊपर 80,761.14 अंक तक और नीचे 80,008.50 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी–50 सूचकांक 45.45 अंक यानी 0.18 प्रतिशत टूटकर 24,579.60 अंक पर बंद हुआ। यह भी 27.95 अंक की तेजी के साथ 24,653 अंक पर खुला था। इसका उच्चतम स्तर 24,758.10 अंक और निचला स्तर 24,522. 35 अंक रहा। संेसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों में गिरावट रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 2.45 प्रतिशत, एशियन पेंट्स का 1.33, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.28 और आईसीआईसीआई बैंक का 1. 15 प्रतिशत लुढ़क गया। टाटा मोटर्स, एलएंडटी, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयर भी टूट गए। पावर ग्रिड में सबसे ज्यादा 2.43 प्रतिशत की तेजी रही। एनटीपीसी में 1.60 प्रतिशत, टाटा स्टील में 1.44, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.09 और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 0.92 प्रतिशत की बढ़त रही। बीईएल, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, इटरनल, आईटीसी और सनफार्मा के शेयर भी मजबूती के साथ बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली से निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.53 प्रतिशत चढ़ गया। वित्तीय, बैंकिंग, ऑटो, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के सूचकांकों में गिरावट रही जबकि एफएमसीजी, तेल एवं गैस, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और धातु सेक्टरों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया। विदेशों में ज्यादातर शेयर बाजारों में गिरावट का रुख रहा। एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 0.45 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.47 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। जापान का निक्केई सूचकांक 0.29 प्रतिशत चढ़ा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.24 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.33 फीसदी उतर चुका था।

### सोने और चांदी के दाम में रही तेजी

**नई दिल्ली।** सोने–चांदी के दाम में बुधवार को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 169 रुपए बढ़कर 1,04,662 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं चांदी की कीमत 481 रुपए बढ़कर 1,23,281 रुपए प्रति किलो हो गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,240 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,400 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,250 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,250 रही। वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,250 और भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,140 रही।

# चावल–गेहूं महंगे, दालों–खाद्य तेलों में घट–बढ़, चीनी के भाव चढ़े

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल की कीमत में उछाल देखा गया। गेहूं के दाम भी बढ़ गए। दालों और खाद्य तेलों में उतार–चढ़ाव रहा जबकि चीनी मजबूत हुई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 94 रिंगिट चढ़कर 4,474 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.56 प्रतिशत चढ़कर 52.43 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब आठ रुपये बढ़कर 3,856.64 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं भी सात रुपये की मजबूती के साथ 2,856.81 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 18 रुपये मजबूत हुआ और 3,318.67 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। सरसों तेल औसतन तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल में 37 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी रही। सोया तेल के भाव कमोबेश स्थिर रहे। सूरजमुखी तेल 52 रुपये और वनस्पति 27 रुपये महंगा हुआ। पाम ऑयल भी 16 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। दाल–दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत करीब 64 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी जबकि अन्य दालों में तेजी रही। चना दाल 11 रुपये और मूंग दाल 23 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत में 19 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त दर्ज की गयी। उड़द दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। गुड़–चीनी: मीठे के बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब नौ रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। चीनी भी करीब तीन रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे। दाल.दलहन : दाल चना 7991.88 रुपये, मसूर काली 8173.05 रुपये, मूंग दाल 10129.40 रुपये, उड़द दाल 10448.47 रुपये, अरहर दाल 10695.89 रुपये प्रति क्विंटल।

# किसानों, ग्रामीण अर्थव्यस्था के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दें बैंक

**चेन्नई, वार्ता**



■ सिटी यूनियन बैंक के स्थापना दिवस समारोह में बोलीं मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण हमारे बैंकिंग क्षेत्र की प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि कि समय पर और किफायती ऋण प्रदान करके, वित्तीय साक्षरता प्रदान करके और कृषि–तकनीक पहलों को समर्थन देकर, बैंक कृषि को टिकाऊ और लाभदायक बनाने में मदद कर सकते हैं। श्रीमती मुर्मु यहां सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रही थी। 'स्वदेशी बैंकिंग की विरासत 120 वर्षों का उत्सव' शीर्षक के इस समारोह में तमिलनाडु के राज्यपाल एन आर रवि , केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और तमिलनाडु सरकार की समाज कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण विभाग की मंत्री पी गीता जीवन उपस्थित थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि जैसे–जैसे हमारी डिजिटल और ज्ञान–संचालित अर्थव्यवस्था का विस्तार हो रहा है, डिजिटल परिवर्तन और उद्यमिता में बैंकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। स्टार्ट–अप से लेकर स्मार्ट सिटी तक, ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां बैंक मदद कर सकते हैं। बैंक एक विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदार बन सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम क्षेत्र (एमएसएमई क्षेत्र) को विकास के इंजन में बदलने में बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे बैंकों को वंचित और हाशिये पर पड़े वर्गों की मदद के लिए भी कदम उठाने चाहिए। दिहाड़ी मजदूरों और प्रवासी मजदूरों को बैंकिंग सेवाओं से बेहतर ढंग से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और बैंकिंग उद्योग इसकी विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा–UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# लखनऊ में टैक्स फ्रॉड व फर्जीवाड़ों का जाल

## करोड़ों की चोरी से लेकर नकली कारोबार तक का खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यह जनपद हाल के वर्षों में टैक्स फ्रॉड और फर्जीवाड़ों का गढ़ बनता जा रहा है। ताज़ा घटनाक्रम में राज्य कर विभाग की शिकायत पर नारायण इंटरप्राइजेज नामक फर्म के खिलाफ करोड़ों रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट घोटाले का केस दर्ज हुआ है।

इससे पहले भी राजधानी और उसके आसपास फर्जी फर्मों और दस्तावेज़ों के सहारे टैक्स चोरी के बड़े मामले सामने आ चुके हैं। बीते दिनों लखनऊ में तीन फर्जी फर्मों द्वारा एक करोड़ बत्तीस लाख रुपये की जीएसटी चोरी का खुलासा हुआ, वहीं गुडंबा और माल क्षेत्र की दो फर्मों पर भी करोड़ों रुपये का इनवॉइस फ्रॉड उजागर हुआ। इन मामलों में वास्तविक लेन-देन के




बिना ही कागज़ी बिक्री दिखाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट का गलत दावा किया गया। केवल टैक्स चोरी ही नहीं, बल्कि नकली कारोबार के भी जाल सामने आए हैं। बक्शी का तालाब क्षेत्र में एसटीएफ ने एक बड़े नकली सीमेंट रैकेट का पर्दाफाश किया, जिसमें सरगना ठाकुर प्रसाद समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया और हजारों बैग नकली सीमेंट, पैकेलजग मशीनें और माल बरामद हुआ। इसके अतिरिक्त राजधानी में रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़ा रोहतास प्रोजेक्ट्स का मामला भी सुल्खयों में रहा, जहां रस्तोगी परिवार पर दो सौ अड़तालीस करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में ईडी ने लखनऊ और दिल्ली में आठ स्थानों पर छापेमारी की। पिछले कुछ वर्षों में लखनऊ पुलिस और कर विभाग की संयुक्त कार्रवाई में कई और बड़े घोटाले सामने आए हैं। साइबर क्राइम टीम ने एक मामले में संजय सिंह यादव नामक आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसने फर्जी कंपनियों के जरिए दो सौ पंद्रह करोड़ रुपये का टैक्स फ्रॉड किया। इसी तरह करीब छह सौ पचास फर्जी कंपनियों का एक नेटवर्क उजागर हुआ, जिसने हजार करोड़ रुपये तक के जीएसटी घोटाले की योजना बनाई थी। लखनऊ आयुक्तालय की जांच में भी एक सौ इकतीस जाली फर्म पंजीकरण का पता चला, जिन्होंने फर्जी दस्तावेज़ों से जीएसटी का लाभ उठाया। इन लगातार उजागर होते मामलों से साफ है कि लखनऊ में टैक्स फ्रॉड, फर्जीवाड़ा और नकली कारोबार का संगठित नेटवर्क सक्रिय है।

### कुल्हाड़ी से हमले का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र के ग्राम बालापुर अहिरी में बीते दिनों हुए बम ले के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी पंचू निषाद पुत्र नरेश निषाद को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार, 31 अगस्त को गांव में रिंकू नामक युवक पर पंचू निषाद और उसके साथियों ने विवाद के दौरान कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पीड़ित की मां की तहरीर पर मऊ थाना में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर बनी टीम ने मंगलवार को आरोपी को बालापुर मोड़ से दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने कुल्हाड़ी छिपाने की बात स्वीकार की।

# शिक्षक दिवस पर बताया: कैसे किया यूपी की शिक्षा व्यवस्था का कार्याकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** शिक्षक दिवस पर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से शिक्षा व्यवस्था में किए गए बदलावों का उल्लेख किया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वर्ष 2018 में शुरू किए गए 'ऑपरेशन कायाकल्प' ने प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर बदल दी है। विभाग का कहना है कि इस अभियान के तहत 19 मानकों पर 97 प्रतिशत तक काम पूरा किया जा चुका है।

पहले जहां स्कूलों में टॉयलेट, पानी, बिजली और फर्नीचर तक का अभाव था, वहीं अब विद्यालय गेट युक्त बाउंड्री वॉल, टाइल्स युक्त शौचालय, पेंटेड परिसर और सोलर लाइट्स से सुसज्जित हो चुके हैं। नीति आयोग ने भी इसे देशभर के लिए अनुकरणीय मॉडल करार दिया है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 'प्रोजेक्ट अलंकार' के तहत 2295 विद्यालयों की अवस्थापना स्थिति को सुधारने के लिए मैलपग की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत विद्यालयों में कक्षा-कक्ष, कंप्यूटर लैब, वाई-फाई, स्मार्ट क्लास, खेल का मैदान और बहुउद्देशीय हॉल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा सुरक्षा और आधुनिकता को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों में सीसीटीवी, बायोमेट्रिक मशीन, सोलर पैनल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और साइकिल स्टैंड की भी व्यवस्था की जा रही है। शिक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार 2017 से पहले अधिकांश विद्यालयों की हालत बेहद खराब थी। भवन जर्जर हो चुके थे और बच्चों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल रही थीं। इसके कारण विद्यालयों में नामांकन लगातार घट रहा था और शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा था। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और स्पष्ट किया कि बच्चों को गुणवत्ता आधारित, समान और समावेशी शिक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी है। इसी खृष्टि से चलाए गए 'ऑपरेशन कायाकल्प' और 'प्रोजेक्ट अलंकार' जैसे अभियानों ने विद्यालयों को नया स्वरूप देने के साथ-साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव भी रखी है।

# बुनकर समाज ने अखिलेश को किया सम्मानित

## सस्ती बिजली व ऋण सुविधा की उठाई मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मंगलवार को बुनकर और राईन समाज के प्रति. निधियों ने भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर बाराबंकी के बुनकर मोमिन अंसार एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी उसामा अंसारी, शोएब सिद्दीकी, राईन समाज के अध्यक्ष हारून राईन तथा समा. जवादी पार्टी के जिला सचिव मोहम्मद वसीम सिद्दीकी मौजूद रहे।

प्रतिनिधियों ने कहा कि समा. जवादी सरकार में बुनकरों को फ्लैट रेट पर विद्युत आपूर्ति की सुविधा मिलती थी, जिससे उनका कारोबार सुचारू रूप से चलता था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में बिजली न केवल महंगी कर दी गई है बल्कि उसका आपूर्ति तंत्र भी नियमित और निर्बाध नहीं है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि समाजवादी सरकार के कार्यकाल में बुनकरों और उद्यमियों के उत्पादों के विपणन के लिए लखनऊ में अवध शिल्पग्राम और अवध बाजार जैसी योजनाएं बनाई गई थीं। प्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि बुनकर समाज 2027 में अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अखिलेश यादव ने प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि बुनकर और राईन समाज पीडीए का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा बुनकर समाज की समस्याओं को गंभीरता से उठाती रही है। उन्होंने न्यूनतम ब्याज पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराने और पावरलूम उद्योग के लिए सस्ती व समय से बिजली आपूल्त सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि समाजवादी पार्टी की नीतियां हमेशा बुनकरों, कारीगरों और मेहनतकश वर्ग के हितों को प्राथमिकता देंगी और उनके आल्थथक-सामाजिक सशक्तिकरण के लिए काम करती रहेंगी।

# योगी सरकार ने उच्च शिक्षा में सृजित किए 948 नए पद

### तीन विश्वविद्यालयों को बड़ी सौगात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अहम कदम उठाते हुए तीन नवगठित विश्वविद्यालयोंख्रमुरादाबाद के गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मिर्जापुर के मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय और बलरामपुर के मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय में 948 नए पदों के सृजन को मंजूरी दी है।

उच्च शिक्षा विभाग के अधिक. ारियों ने बताया कि इनमें 468 अस्थायी शिक्षणेतर पद और 480 आउटसोह्सग पद शामिल हैं। सरकार का कहना है कि नए पदों से विश्वविद्यालयों की प्रशासनिक



और कार्यात्मक व्यवस्था सुखृढ़ होगी, साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और शैक्षिक गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उनके अनुसार, यह निर्णय न केवल विश्वविद्यालयों को मजबूत करेगा बल्कि प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकता प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापरक शिक्षा और रोजगार उपलब्ध कराना है, और विश्वविद्यालयों में नए पदों का सृजन इसी दिशा में उठाया गया ठोस कदम है। अधिकारियों के मुताबिक प्रत्येक विश्वविद्यालय में 156 अस्थायी शिक्षणेतर पद स्वीकृत किए गए हैं, जो 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेंगे। इन पदों में फार्मासिस्ट, इलेक्ट्रिशियन, अवर अभियंता, आशुलिपिक, सहायक लेखाकार, कनिष्ठ सहायक, लैब टेक्नीशियन, लैब असिस्टेंट, उप कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, वैयक्तिक सहायक, लेखाकार, प्रधान सहायक, चिकित्साधिकारी और स्टाफ नर्स जैसे पद शामिल हैं। इनकी भर्ती अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, सीधी भर्ती, पदोन्नति और प्रतिनियुक्ति के माध्यम से की जाएगी। इसके अलावा, प्रत्येक विश्वविद्यालय में 160 पद वाह्य सेवा प्रदाता (आउटसोह्सग) से पूरे किए जाएंगे, जिससे कुल 480 पद बनेंगे। इनमें कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्वच्छकार, चौकीदार, माली, चपरासी, वाहन चालक और पुस्तकालय परिचर जैसे पद शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि आउटसोह्सग की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी ढंग से पूरी की जाएगी और सभी नियुक्तियों में आरक्षण संबंधी नियमों का पालन अनिवार्य होगा।

# मुठभेड़ की होगी मजिस्ट्रेटी जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** पिसावा थाना क्षेत्र में 7 अगस्त को पुलिस मुठभेड़ में राजू तिवारी उर्फ रिजवान एवं संजय तिवारी उर्फ सिब्बू उर्फ अकील खान उर्फ सकील खान पुत्रगण ख्रष्ण गोपाल तिवारी उर्फ करीम खान। निवासी ग्राम अटवा थाना मिश्रित की मौत हो गई थी।

पुलिस के मुताबिक दोनों बदमाश पत्रकार राघवेंद्र हत्याकांड में शामिल थे। इन्हीं बदमाशों ने पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की गोलियों से भून कर हत्या कर दी थी। इस मुठभेड़ को लेकर जिला मजिस्ट्रेट ने 25 अगस्त को मुठभेड़ की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए थे। जांच उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर को सौंपी गई है।

उन्होंने कहा है कि उक्त प्रकरण से संबंधित जिस किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी हो तो वह उनके कार्यालय/न्यायालय में दिनांक 3 सितम्बर से 17 सितंबर तक प्रातः 10-00 से सायं 5 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में उपस्थित होकर लिखित अथवा मौखिक रूप से साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

# अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 के तहत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने राजकीय इण्टर कालेज, उजागर लाल इण्टर कालेज, म्युनिसिपल इण्टर कालेज का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

उन्होंने कालेज परिसर, परीक्षा कक्षों, सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हो यह सुनिश्चित किया जाये। सभी परीक्षा केन्द्रों पर




आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास यातायात व्यवस्था सुचारू रहे, इसके लिये आवश्यक प्रबंध किये जायें। परीक्षा केन्द्रों के निर्धारित सीमा के अन्दर स्थित फोटोकापी की दुकानें बन्द रखी जायें।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाहर से आने वाले एवं जनपद से बाहर जाने वाले अभ्यल्थयों के आवागमन में कोई असुविधा हो, इसके लिये समुचित प्रबंध किये जायें। बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन पर हेल्पडेस्क एवं मेडिकल टीमों की तैनाती की जाए।

हेल्पडेस्क पर पुलिस एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों की तैनाती की जाये। डड्यूटी में तैनात किये जाने वाले कक्ष निरीक्षकों का बेहतर प्रशिक्षण सुनिश्चित कराया जाये। सभी संबंधित मार्गों पर यातायात सुचारू रूप से चले, इसके लिये समुचित प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

# आरएलडी छात्र सभा पदाधिकारी घायल छात्रों से मिले, लाठीचार्ज की निंदा

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल छात्र सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडेय एवं प्रदेश महामंत्री मनीष तिवारी ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ लकग जॉर्ज मेडिकल यूनिवल्सटी ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर बाराबंकी स्थित रामस्वरूप यूनिवल्सटी में हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस लाठीचार्ज में घायल हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं से मुलाक़ात की और उनका कुशलक्षेम जाना। आरएलडी छात्र सभा पदाधिकारियों ने कहा कि लोकतंत्र में छात्रों की आवाज़ को दबाने के लिए लाठीचार्ज जैसी घटनाएं अत्यंत लनदनीय हैं।

उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और परिजनों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडेय ने कहा कि छात्रों की समस्याओं का समाधान संवाद और संवेदनशीलता से होना चाहिए, न कि हिंसा और दमन से। प्रदेश महामंत्री मनीष तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल सदैव छात्रहितों के पक्ष में खड़ा रहा है।

# उलेमा-ए-इकराम ने अखिलेश यादव से की मुलाकात

### दोबारा मुख्यमंत्री बनने की की दुआ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मंगलवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए उलेमा-ए-इकराम के एक बड़े प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस मौके पर उलेमा-ए-इकराम ने अखिलेश यादव को आशीर्वाद देते हुए उनके दोबारा मुख्यमंत्री बनने की दुआ की।

उलेमा-ए-इकराम ने एक स्वर में कहा कि अखिलेश यादव नेताजी मुलायम सिंह यादव के नक्शेकदम पर चल रहे हैं और समाजवादी पार्टी के साथ उनका भावनात्मक रिश्ता है। उन्होंने भरोसा जताया कि पूरा समुदाय समाजवादी पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा है और पार्टी को सत्ता में लाने के लिए पूरी ताकत से काम करेगा। अखिलेश यादव ने उलेमा-ए-इकराम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के दौर में अन्याय और अत्याचार की पराकाष्ठा हो गई है। कानून का राज समाप्त हो गया है और निर्दोषों को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में मॉब ललंलचग की घटनाएं बढ़ी हैं, पुलिस हिरासत में मौतें हो रही हैं और सत्ता के राजनीतिक फायदे के लिए पुलिस का गैरकानूनी इस्तेमाल किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है, भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है तथा किसानों, नौजवानों और छात्रों सहित सभी वर्गों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा ने बुनकरों का कारोबार चौपट कर दिया है और नफरत की राजनीति को बढ़ावा दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को कमजोर करने में समाजवादी पार्टी ने अहम भूमिका निभाई थी और 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करना पार्टी का संकल्प है। उन्होंने कहा कि भाजपा को सत्ता से बाहर करना ही देशहित में है। समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर सामाजिक न्याय की स्थापना होगी और पीडीए की नीति पर चलकर सबके कल्याण और विकास का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह लोकसभा चुनाव में पार्टी ने मजबूती दिखाई, उसी तरह विधानसभा चुनाव में भी जिम्मेदारी बढ़ गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चीन भारत का मित्र नहीं हो सकता और भारत की अर्थव्यवस्था पर चीन का बढ़ता कब्ज़ा लचता का विषय है। उन्होंने कहा कि चीन पर निर्भरता किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। इस मौके पर समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना इकबाल कादरी और प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शकील नदवी भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल में मौलाना आरिफ (जहूर कासमी), राव कारी सलीम देवबंद, मौलाना अब्दुल हलीम, मौलाना अशरफ, मौलाना इकबाल, मौलाना सुफियान, मौलाना शमशाद, मौलाना उमैर, मुफ्ती मोहम्मद मुदस्सिर, बहरोज़ आलम (जहूर कासमी), कारी मोहम्मद असगर, कारी अफजाल, सूफी मुकीम (जगेता), कारी जुनैद, कारी सईद अहमद, मुफ्ती साबिर, मुफ्ती अतहर, हाजी अ"यूब, मौलाना हारुन, मौलाना रेहान, मुफ्ती जुल्फिकार, मौलाना आकिल, मौलाना रिजवान, मुफ्ती नुवेद, कारी सुएब, कारी नईम, कारी इमरान, मौलाना फरमान और मौलाना आलिशान प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल और तेजंदर विर्क की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

# टास्क फोर्स की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में शस्त्र लाइसेंसों की पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच व सत्यापन हेतु गठित जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि सभी उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी शस्त्र लाइसेसों की पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच कर आख्या प्रस्तुत करें।

उन्होंने कहा कि अवैध शस्त्रों निर्माण, विक्रय आदि पर प्रभावी नियंत्रण हेतु त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इसके लिये गोपनीय सूचनाओं के आधार पर भी




कार्यवाही की जाये।

अवैध शस्त्रों से संबंधित लम्बित अभियोजन मामलों में भी प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शस्त्र लाइसेंस धारक नियमों का पालन सुनिश्चित करें तथा प्रतिबंधित कार्य यथा हर्ष फायरिंग आदि न करें। किसी भी प्रकार के विस्फोटक का अवैध भण्डारण न किया जाए।

### गैंगेस्टर एक्ट में दो आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर।** रामपुर कला थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने सिधौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर निवासी संजय पुत्र रेवती लाल को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि संजय शातिर अपराधी है। गैंगस्टर एक्ट के मामले में आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस का कहना है इसके विरु) पूर्व में भी चोरी आदि जैसे अपराधों में जनपद, सीतापुर में अभियोग पंजीख्रत है। आरोपी द्वारा अपराध से अल्जत संपत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। इधर महमूदाबाद कोतवाली पुलिस ने महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुड़कुड़ा सेमरा निवासी मिथुन कुमार पुत्र महादेव को गिरफ्तार किया है।

# भाजपा बूथ अध्यक्ष को पितृ शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के ग्राम नैपालापुर के बूथ अध्यक्ष दीपक शुक्ला के पिता जी श्यामानंद शुक्ला का मंगलवार की सुबह निधन हो गया।

उन्होंने 85 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि सुबह सीने में दर्द होने की शिकायत थी, परिवारजनों ने अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, किसी भी चुनाव ने दम तोड़ दिया। उनके निधन का समाचार सुनते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा नैपालापुर दीपक शुक्ला के आवास पर पहुंचे और उन्होंने निधन पर शोक जताया। अचिन मेहरोत्रा ने परिवार को ढांढस बढ़ाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में वह परिवार के साथ खड़े हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा ने दीपक शुक्ला के आवास पर जाकर संवेदना प्रकट की। इस दौरान अमित शुक्ला, विवेक शुक्ला, उत्तम पांडेय, सत्यम सिंह आदि शोक संवेदना प्रकट की है। इस अवसर पर रामप्रताप जायसवाल, राजकुमार शुक्ला, प्रकाशनंद शुक्ला, ब्रह्मादीन लोधी, ननके लोधी, प्रधान प्रतिनिधि सोनू अग्रवाल आदि ने भी शोक जताया है।

# राष्ट्रीय लोकदल ने संगठन विस्तार को दी नई गति, विभिन्न प्रकोष्ठों में सहप्रभारी नियुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल ने संगठन को नई ऊर्जा देने के लिए विभिन्न प्रकोष्ठों में सहप्रभारियों की नियुक्ति की है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने कहा कि इन नियुक्तियों से पार्टी को मजबूती, गति और नई दिशा मिलेगी। प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि पार्टी का लक्ष्य हर वर्ग और हर क्षेत्र तक संगठन को पहुंचाना है।

इसी खृष्टि से सहप्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई है ताकि वे अपने क्षेत्र में पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचा सकें। नवनियुक्त सहप्रभारी प्रकोष्ठ इस प्रकार हैं ख्र ओ. डी. त्यागी (गाज़ियाबाद) किसान प्रकोष्ठ, वीरपाल दिवाकर (अलीगढ़) सामाजिक न्याय प्रकोष्ठ, अशोक निरंजन (झांसी) खेल प्रकोष्ठ, सुनील चरोरा (बुलंदशहर) पंचायती राज प्रकोष्ठ, मुकेश सैनी (शामली) युवा प्रकोष्ठ, उमाशंकर वाजपेयी (सीतापुर) प्रोफेशनल मंच, कुंवर अयूब हसन (सहारनपुर) अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, जितेन्द्र राय (गाजीपुर) श्रम प्रकोष्ठ, डॉ. रूपेश चौधरी (आगरा) पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ, महिपाल पटेल (बस्ती) छात्रसभा, सिंहासन प्रसाद गुप्ता (कुशीनगर) व्यापार प्रकोष्ठ, मुन्ना लाल दिनकर (बांदा) अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ, सुजाता चौधरी (मथुरा) महिला प्रकोष्ठ और अशोक सिंह (बस्ती) सहकारिता प्रकोष्ठ। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राय ने विश्वास जताया कि नवनियुक्त सहप्रभारी निष्ठा और सक्रियता से संगठन को सशक्त करेंगे तथा राष्ट्रीय लोकदल की जनसेवी नीतियों को व्यापक स्तर पर पहुंचाएंगे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरी नगर निवासी नरेंद्र उम्र 21 वर्ष पुत्र श्याम किशोर मंगलवार की सुबह बाइक से कहीं जा रहे थे। रास्ते में लखनऊ लखीमपुर बायपास देहात कोतवाली क्षेत्र में मलुही रेल ओवर ब्रिज पर किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में ट्टर मार दी। ट्टर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार नरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि घटना को लेकर परिजनों ने हत्या का संदेह जताया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुर्घटना की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मोबाइल लूटने वाले तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** फेज-3 थाने की पुलिस ने सेक्टर-68 स्थित डंपिंग ग्राउंड के पास से मंगलवार को तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों चोरी के वाहन से मोबाइल फोन झपटमारी करते थे। डीसीपी सेंट्रल शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पुलिस की टीम क्षेत्र में गशत कर रही थी, तभी सूचना मिली कि तीन बदमाश सेक्टर-68 स्थित डंपिंग ग्राउंड के पास आने वाले हैं। तीनों बदमाश चोरी के वाहन का इस्तेमाल कर राहगीरों से मोबाइल फोन छीनते हैं। सूचना को पुख्ता कर टीम ने चेकिंग शुरू कर दी, तभी दो बाइक पर तीन लोग आते दिखाई दिए। उन्हें रुकने का इशारा किया तो तीनों मुड़कर भागने लगे।



टीम ने पीछा करके तीनों को दबोच लिया। जांच में पता चला कि दोनों बाइक चोरी की हैं। तलाशी लेने पर तीनों के पास से 10 मोबाइल फोन, एक तमंचा, एक कारतूस और दो चाकू बरामद हुए। बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि ये मोबाइल फोन लोगों से छीने गए हैं। तीनों बदमाशों की पहचान सेक्टर-63 स्थित चोटपुर कॉलोनी निवासी मोहित मिश्रा, मामूरा निवासी आदित्य महतो और सागर के रूप में हुई है। मोहित आठवीं, आदित्य पांचवीं और सागर छठी कक्षा तक पढ़ा है। तीनों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं।

## दहेज में स्कॉर्पियो और पांच लाख की मांग

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में दहेज प्रताड़ना का एक मामला सामने आया है। मिर्जापुर गांव की रहने वाली रिंकी भाटी ने अपने पति और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रिंकी की शादी 2018 में गाजियाबाद के वेब सिटी निवासी रोहित भाटी से हुई थी। शादी के शुरुआती दिन ठीक रहे। बाद में ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। 23 अगस्त को पति रोहित, सास और ननद ने दहेज में स्कॉर्पियो कार, 5 लाख रुपए नकद और 10 तोला सोने की मांग की। रिंकी ने जब इस मांग का विरोध किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद रोहित अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उसे गाड़ी में डालकर यमुना एक्सप्रेसवे पर छोड़कर भाग गया। स्थानीय लोगों ने रिंकी को पहचान कर उसके मायके पहुंचाया। पीड़िता का आरोप है कि उसका दो साल का बेटा भी उससे छीन लिया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा में आज बारिश के चलते बंद रहेंगे स्कूल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा जारी किए गए आदेश में आज नोएडा और ग्रेटर नोएडा के कक्षा 1-12 तक के स्कूल को बंद करने का आदेश जारी किया गया है। ये कदम बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। हालांकि कक्षा 12 तक के बच्चों को छुट्टी मिली है, लेकिन सरकारी विद्यालयों में काम करने वाले स्टाफ को इससे मुक्त रखा गया है।

आज 3 सितंबर को कक्षा 1 से 12 तक के सभी स्कूलों का अवकाश घोषित किया गया है।इसमें जनपद के सभी परिषदीय, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएससी समेत मदरसा बोर्ड शामिल हैं। जारी किए गए आदेश में ये कदम जनपद गौतमबुद्ध नगर में अत्यधिक बारिश के चलते छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।




हालांकि जनपद के सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों में काम करने वाले स्टाफ को स्कूल समय से पहुंचना होगा। आदेश में कहा गया है कि इन स्कूलों का समस्त स्टाफ विद्यालय में समय से उपस्थित होकर विभागीय कामों को पूरा करेगा। इस आदेश को कड़ाई से पालन करवाने की बात भी कही गई है।

## जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** शहर की एनआरआई सिटी सोसाइटी में रहने वाले व्यक्ति ने एक युवक पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी ने उनके ड्राइवर को फोन कर धमकी दी है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोसाइटी में रहने वाले शरद सहगल की शिकायत पर राहुल शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़ित के मुताबिक आरोपी उनके ड्राइवर के मोबाइल पर कॉल कर धमकी दे रहा है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी और उसके भाई द्वारा पूर्व में भी उनके ड्राइवर के साथ मारपीट की जा चुकी है। आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति के हैं। उनके खिलाफ पूर्व में मुकदमे दर्ज हैं। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर मदद की गुहार लगाई है।

# 50 सोसायटी के बेसमेंट बने कूड़ाघर, बीमारी का मंडरा रहा खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बनी ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों में कूड़ा निस्तारण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कई सोसायटियों में कूड़ा दिनभर बेसमेंट या पार्किंग क्षेत्र में जमा रहता है। इससे बदबू तो आती ही है साथ ही बीमारी का खतरा भी मंडराता रहता है। निवासियों का आरोप है कि बिल्डर और प्रबंधन आंख मूंद कर बैठे हुए है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि उन्होंने सभी सोसायटियों को कूड़ा अलग-अलग संग्रह और वैज्ञानिक निस्तारण के निर्देश दिए है। इस निर्देश का असर जमीनी स्तर पर देखने को नहीं मिल रहा है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की 50 सोसायटी ऐसी है जहां कूड़ा निस्तारण केंद्र की मशीनें नहीं लगी है। ऐसे में बेसमेंट कूड़ा घर बनते जा रहे है।



**निवासियों को हो रही परेशानी:** श्री राधा स्काई गार्डन सोसायटी में रहने वाले सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि परिसर में लगभग 1400 परिवार रहते है। घरों से निकलने वाला कूड़ा पार्किंग के रैंप के पास जमा कर दिया जाता है। एक तरह से अस्थाई कूड़ाघर बना दिया गया है।

लगातार सड़ता कूड़ा बीमारियों का कारण बन रहा है। उन्होंने बताया कि सोसायटी प्रबंधन ने निस्तारण मशीन लगाने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। रविवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना कर जुर्माना भी लगाया, लेकिन उसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

**महागुन मंत्रा-1 में दुर्गंध से त्रस्त निवासी:** महागुन मंत्रा-1 सोसायटी के निवासियों ने बताया कि कूड़े का निस्तारण नियमित नहीं हो रहा। बेसमेंट से लेकर ऊपरी मंजिलों तक दुर्गंध फैली रहती है। कई महीनों से निवासी मेंटिनेंस टीम से शिकायत कर रहे है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। बिल्डर ने 2021 में ही कूड़ा निस्तारण मशीन खरीदी थी, लेकिन उसे अभी तक इंस्टॉल नहीं किया गया। प्रबंधन द्वारा सफाई के बाद ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नहीं किया जाता है।

**निराला ग्रीनशायर व गौड़ सिटी में भी यही हाल:** निराला ग्रीनशायर सोसायटी में भी पार्किंग क्षेत्र में ही कूड़ाघर बना दिया गया है। स्थिति यह है कि कई परिवार बालकनी के दरवाजे तक नहीं खोल पाते, क्योंकि बदबू लगातार अंदर आती रहती है। गौड़ सिटी-1 के 4 एवेन्यू के निवासी ठाकुर अजय सिंह ने बताया कि प्रबंधन ने लोगों की पार्किंग के पास कूड़ा निस्तारण मशीन लगाने की बात कही थी, लेकिन आज तक कोई कदम नहीं उठाया गया। कूड़ा बेसमेंट में सड़ता रहता है। बच्चों, बुजुर्गों और अन्य निवासियों को स्वास्थ्य संबंधी खतरा बना हुआ है।

**प्राधिकरण का दावा:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि सोसायटियों को कूड़ा निस्तारण की मशीनें लगाने के निर्देश दिए गए है। जो सोसायटी इन निर्देशों का पालन नहीं कर रही है उन पर जुर्माना लगाया जा रहा है।

## एक नजर

### बाढ़ प्रभावित इलाकों के लिए छह मेडिकल टीम बनाई

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यमुना और हिंडन के आसपास के क्षेत्रो में बाढ़ के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने छह मेडिकल टीम बनाई हैं। टीम में डॉक्टर समेत स्वास्थ्यकर्मी होंगे। जरूरत पड़ने पर प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। टीम में एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट, एक स्टाफ नर्स, एक वार्ड समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल होंगे। स्वास्थ्य शिविर लगने की स्थिति में एंबुलेंस की सुविधा भी दी जाएगी, ताकि जरूरत पड़ने पर मरीजों को जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदि स्थानों पर इलाज के लिए लाया जा सके। दवाओं के लिहाज से सर्पदंश के इलाज के लिए एंटी वेनम, ओआरएस पाउडर, जीवनरक्षक दवाओं समेत अन्य जरूरी सामान उपलब्ध करा दिए गए हैं।

### कैंटर की टक्कर से एक दोस्त की मौत, दूसरा घायल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** हबीबपुर गांव के गेट के समीप बेकाबू कैंटर ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचल दिया। हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मूलरूप से अमेठी के रहने वाले रामसरोज हबीबपुर गांव में परिवार के साथ किराये के मकान में रहते हैं। रामसरोज ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा शिवा 12 अगस्त की शाम अपने दोस्त सचिन के साथ बाइक से दुकान पर जा रहे थे। हबीबपुर गेट के समीप एक तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी।

हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान शिवा की मौत हो गई, जबकि सचिन का इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि घटना के समय परिवार के लोग शव लेकर अपने पैतृक गांव गए थे। अब वहां से वापस लौटने के बाद कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस आरोपी कैंटर चालक की तलाश में जुटी है।

### दुर्घटना में घायल छात्रों की हालत चिंताजनक, डंपर मालिक व चालक हिरासत में

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दादरी के रामपुर फतेहपुर गांव तिराहे के पास बीते सोमवार को तेज रफ्तार कार की डंपर से टक्कर हो गई थी। टक्कर होने के मामले में पुलिस को घटना की तहरीर नहीं दी गई है। घायलों में युगराज की हालत चिंताजनक बनी है। ग्रेटर नोएडा अस्पताल में घायलों का उपचार चल रहा है। पुलिस ने डंपर चालक व मालिक को हिरासत में लिया है। ज्ञात हो कि सोमवार को एक विश्वविद्यालय के बीबीए द्वितीय वर्ष के छात्र कार में सवार होकर विश्वविद्यालय के लिए जा रहे थे। जाते समय दादरी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर फतेहपुर गांव तिराहे के पास डंपर से कार की टक्कर हो गई थी। कार को छात्र युगराज चला रहा था। कार में इशिका, अन्वी, यश और हर्ष बैठे हुए थे। टक्कर जबरदस्त होने पर कार के परखच्चे उड़ गए थे। घायलों का इलाज ग्रेटर नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में चल रहा है। जबकि घायल युवराज की हालत चिंताजनक बनी है। एसएसआई दीनानाथ यादव का कहना है कि डंपर मालिक व चालक को हिरासत में ले लिया है। घटना की तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### निक्की के बच्चे की कस्टडी के लिए कोर्ट का रूख करेंगे विपिन के परिजन, एकत्र किए साक्ष्य

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में हुए चर्चित निक्की मर्डर केस में निक्की के बेटे की कस्टडी के लिए विपिन के परिजन जल्द ही कोर्ट का रूख करेंगे। सोमवार को विपिन के चचेरे भाई देवेंद्र के घर के बाहर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस सभा को तेरहवीं का नाम दिया गया। इसमें निक्की के परिवार के एक दर्जन से ज्यादा लोग शामिल हुए। गांव के लोग भी यहां पहुंचे। बेटे की कस्टडी के साथ ही विपिन के परिजन विपिन के मौके पर नहीं होने और रोहित के सिरसा टोल पर होने के साक्ष्य एकत्र किए है। इस केस में विपिन पक्ष के अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष मनोज भाटी बोड़ाकी ने बताया कि अभी हम साक्ष्य एकत्र कर रहे है। साक्ष्य एकत्र करने के बाद उनका मिलान कराया जाएगा। इसके बाद जमानत अर्जी कोर्ट में दाखिल की जाएगी। दावा किया गया है कि घटना के समय रोहित सिरसा टोल पर था इस वजह से सबसे पहले उसकी जमानत अर्जी दाखिल होगी।

**अभियोजन करेगा जमानत का विरोध:** इस मामले में पुलिस भी मजबूत साक्ष्य एकत्र कर रही है। फोरेंसिक लैब में भेजे गए सैंपल के रिपोर्ट का इंतजार पुलिस कर रही है। लैब रिपोर्ट इस केस में अहम कड़ी साबित होगी। पुलिस भी लोगों के बयान दर्ज कर व सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर मजबूती से अपना पक्ष कोर्ट में रखेगी।

# शेयर बाजार में निवेश के नाम पर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने सेक्टर-62 के गेल अपार्टमेंट में रहने वाले व्यक्ति को शेयर बाजार में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 2.28 लाख रुपये ठग लिए। मुनाफे समेत रकम नहीं निकलने पर पीड़ित को अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ। पीड़ित ने सेक्टर-58 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। चिरंजीच टिक्कू के मोबाइल पर 14 जुलाई को शेयर बाजार में निवेश संबंधी एक लिंक आया था। लिंक के माध्यम से टिक्कू ठगों के संपर्क में आ गया। ठग ने टिक्कू को शेयर बाजार में निवेश करने पर दो से तीन गुना तक मुनाफा होने का झांसा दिया।

टिक्कू ठग की बातों में आ गया। पहले 796 रुपये निवेश किए तो ऐप पर दोगुना से ज्यादा रकम दिखानी लगी। इससे टिक्कू को ठग पर विश्वास हो गया। उसने रकम निवेश करनी शुरू कर दी। कुछ दिनों बाद तीन लाख रुपये से ज्यादा का पोर्टफोलियो दिखने पर पूरी रकम निकालनी चाही, लेकिन ठगों ने कर के रूप में रकम की मांग की। टिक्कू ने अपने दोस्त से उधार लेकर कई बार में रुपये दे दिए, लेकिन ठग फिर भी अन्य कर के रूप में रकम मांगते रहे। रुपये नहीं देने पर ठगों ने संपर्क तोड़ दिया। एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

## मुर्गी फार्म से 12 नमूने लेकर जांच को भेजे

**ग्रेटर नोएडा।** दिल्ली चिड़ियाघर में एवियन इन्फ्लुएंजा बर्डफ्लू का मामला प्रकाश में आने के बाद गौतमबुद्धनगर के मुर्गी फार्म में 12 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे है। हालांकि अभी तक जिले में बर्ड फ्लू का कोई मामला प्रकाश में नहीं आया है। गौतमबुद्धनगर में भी पशुपालन विभाग बर्ड फ्लू को लेकर सतर्क है और जिले में मौजूद मुर्गी फार्म में हर रोज नमूने लिए जा रहे है। मंगलवार को 11 मुर्गी फार्म से 12 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे है। अब तक जिले में 226 नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे जा चुके है। जिले में बर्ड फ्लू का मामला नहीं आया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अरुण कुमार सचान ने कहा कि गौतमबुद्धनगर में सभी वेटलैंड पर नजर रखी जा रही है।

# नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस-वे के किनारे वाहन शोरूम को मिलेगा ठिकाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में बेतरतीब खुले दो पहिया व चार पहिया वाहनों के शोरूम को नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे किनारे ठिकाना मिलेगा। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-105 में जगह चिन्हित कर ली है। यहां करीब 10 हजार वर्ग मीटर से ज्यादा जगह पर भूतल के साथ 4 तल की इमारत बनेगी। इसमें अलग-अलग शोरूम को जगह दी जाएगी।

मौके पर चिन्हित की गई जमीन हाजीपुर सेक्टर-98 चौराहे से ग्रेटर नोएडा की तरफ चलने वाली सर्विस रोड के किनारे है। जमीन के चारों तरफ सड़क बनी हुई है। प्राधिकरण की तैयारी यह है कि प्लॉट का लेआउट कार शोरूम मॉल की तरह बनाया जाए। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि अब तक के तय प्रारूप के मुताबिक प्राधिकरण किसी एक को प्लॉट का आवंटन करेगा। फिर वह विकासकर्ता के रूप में काम करते हुए विभिन्न कार कंपनियों के शोरूम खुलवाएगा। अभी तक प्राधिकरण में वाहन शोरूम के लिए सीधे प्लॉट आवंटन का नियम नहीं है। ऐसे में यह अधिकांश शोरूम औद्योगिक व व्यावासयिक संपत्ति पर चल रहे हैं। वहीं बरौला में बनी अवैध इमारतों में भी कई शोरूम खुल गए हैं। यह समस्या भी बने हुए हैं। कई जगहों पर कार शोरूम की वजह से प्राधिकरण प्लॉट आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई भी कर चुका है। अब प्राधिकरण ऑटो शोरूम का भू-उपयोग वाणिज्यिक करने के साथ उनके आवंटन के नियम व शर्ते तैयार करेगा।

**डिजाइन व निगरानी का अधिकार प्राधिकरण के पास होगा:** योजना के बारे में जानकारी देते हुए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम ने बताया कि एक्सप्रेस-वे किनारे यह इमारत शोरूम नुमा बनवाई जाएगी। सामने की तरफ शीशे होंगे। पूरी इमारत की डिजाइन एक रहेगी कोई बदलाव नहीं हो सकेगा। इसके लिए डिजाइन व निगरानी का अधिकार प्राधिकरण के पास ही रहेगा। अगर कोई परिवर्तन करना होगा तो प्राधिकरण ही करेगा। सीईओ ने बताया कि नियोजन विभाग को जमीन का लेआउट सौंप दिया गया है। अब आगे की योजना तैयार हो रही है।

# दीपावली से पहले नोएडा पहुंचेंगी आठ डबल डेकर बस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर को दी गई आठ डबल डेकर बसें अब तक जिले में नहीं पहुंच पाई है। दावा किया गया है कि दीपावली से पहले यह बसें नोएडा आ जाएंगी। सारी बसें कानपुर से बनकर प्रयागराज में कुंभ के दौरान भेजी गई थी। वहां से नोएडा तक का मात्र 10 घंटे का सफर 150 दिन बीत जाने के बावजूद भी पूरा नहीं हो सका है। इसका मुख्य कारण है कि रास्ते में इतने चार्जिंग प्वाइंट नहीं है। बसों को ट्रांसपोर्ट ट्रक से लाने की योजना है।



फरवरी में शासन स्तर पर हुई बैठक में नोएडा को आठ डबल डेकर बसें देने की घोषणा की गई थी। जिले के मोरना और कासना डिपो को पहले ही 100 नई सीएनजी बसें मिल चुकी हैं। इनमें 40 बसें मोरना और 60 बसें कासना डिपो को आवंटित की गई थी। यात्रियों की बढ़ती संख्या और लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर रोडवेज प्रबंधन ने शासन से डबल डेकर बसों की मांग की थी।

**कुंभ के बाद से खड़ी है बसें:** सभी 8 डबल डेकर बसें कानपुर में बनकर मार्च में प्रयागराज भेजी गई थी। इनका उपयोग महाकुंभ की तैयारियों के लिए किया जाना था। अप्रैल तक इनका नोएडा आना प्रस्तावित था, लेकिन अब तक ये प्रयागराज में ही खड़ी है। बसों को नोएडा लाने के लिए ट्रांसपोर्ट ट्रकों का सहारा लिया जाना है।

**यात्रियों को मिलेगी राहत:** डबल डेकर बसों के नोएडा आने के बाद यात्रियों को राहत मिलेगी। जिले के अलग-अलग रूट पर यह बसें चलेंगी। तेजी से बस रहे शहर में यात्रियों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है ऐसे में यहां जल्द ही ट्रांसपोर्ट सेवा में सुधार देखने को मिलेगा। उत्तर प्रदेश के आरएम मनोज कुमार सिंह का कहना है कि बसें दीपावली से पहले नोएडा पहुंच जाएंगी।

# कनाडा में रह रहे व्यक्ति का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र

**■ ग्रेटर नोएडा में 50 बीघे जमीन के लिए फर्जी वसीयतनामा बनाया, 13 लोगों पर केस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक गंभीर जमीन घोटाले का मामला सामने आया है। कनाडा में रह रहे 70 वर्षीय व्यक्ति का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर उसकी 50 बीघा जमीन हड़पने का प्रयास किया गया। मामले में पीड़ित जिले सिंह ने बताया कि उन्होंने 1996 में दिल्ली निवासी राहुल सोनी से बेला खुर्द गांव में जमीन खरीदी थी। पॉवर अटॉर्नी और बैनामा कराने के बाद राहुल कनाडा चला गया। इसके बाद चार राज्यों के 13 लोगों ने मिलकर एक साजिश रची।

आरोपियों ने पंजाब से राहुल का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया। फिर फर्जी बेटा-बेटी बनाकर वसीयतनामा तैयार करवाया। अट्टा फतेहपुर के कुछ आरोपियों ने सरकारी कार्यालय में इसकी पुष्टि भी करवाई। इस तरह उन्होंने जमीन के दस्तावेजों में अपना नाम दर्ज करा लिया। आरोपियों में उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के लोग शामिल हैं। पीड़ित को दनकौर पुलिस से मदद न मिलने पर उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह के अनुसार मामले की गहन जांच की जा रही है।

# खुद को गोली मारने वाले युवक की हालत में सुधार नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-134 स्थित जेपी कॉसमॉस सोसाइटी में शनिवार रात सवा दो बजे दोस्त की जन्मदिन पार्टी में खुद के सिर में गोली मारने वाले युवक की हालत अब भी बेहद गंभीर है। वह शहर के एक निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत से लड़ रहा है। पुलिस मंगलवार को भी उसके परिजनों से पूछताछ नहीं कर सकी। एसीपी ट्विंकल जैन ने बताया कि बुलंदशहर के खानपुर निवासी 25 वर्षीय विक्रम ठाकुर जेपी कॉसमॉस सोसाइटी में किराये का फ्लैट लेकर दो दोस्तों के साथ रहता है। वह पहले कार चलाता था, लेकिन बीते डेढ़ महीने से वह कोई काम नहीं कर रहा था।

शनिवार को विक्रम के एक दोस्त आदर्श की जन्मदिन पार्टी थी। इसमें आठ से दस लोग शामिल हुए। ज्यादातर युवक थे। कुछ सोसाइटी के रहने वाले थे, जबकि कुछ बाहरी थे।

पार्टी रात दो बजे तक चलती रही। इसी दौरान विक्रम अपने कमरे में गया और पिस्तौल से खुद के सिर में गोली मार ली। पार्टी में शामिल दोस्त जब तक उसके पास पहुंचे, तब तक वह लहूलुहान होकर गिर गया था। आनन-फानन में उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया और घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस और घायल के परिजनों को दी गई। पुलिस ने मंगलवार को भी पार्टी में शामिल युवकों से पूछताछ की।

# यमुना का जलस्तर खतरनाक स्तर पर

## ग्रेटर नोएडा में 200 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया, प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हथिनीकुंड बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। इसका प्रभाव ग्रेटर नोएडा में देखा जा रहा है। बाढ़ की आशंका को देखते हुए गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रशासन ने सेक्टर-150, ग्राम तिलवाड़ा और आसपास के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। अब तक करीब 150-200 परिवारों को पुस्ता पर स्थानांतरित किया जा चुका है। ग्रेटर नोएडा सदर तहसील की टीम डूब क्षेत्र की निगरानी कर रही है।



प्रशासन ने लोगों को बाढ़ चौकी या पुस्ता पर जाने की सलाह दी है। विस्थापित परिवारों के लिए भोजन और आवास की व्यवस्था की गई है।

सदर तहसील के एसडीएम प्रतीक चौहान के अनुसार, डूब क्षेत्र में स्थित फार्म हाउस में रह रहे परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया है। आने वाले घंटों में जलस्तर में और वृद्धि की आशंका है। प्रशासन ने राहत और बचाव दलों को अलर्ट पर रखा है। अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# दो पक्षों में मारपीट, लाठी-डंडों से हमले में पांच लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला किया। इस घटना में कुल 5 लोग घायल हुए।

पहले पक्ष के इरशाद ने बताया कि सोमवार को वह दुकान जा रहा था। रास्ते में शमशाद, इरशाद, दानिश और आबिद ने उसे रोका। आरोप है कि विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बचाव में आए इरशाद के भाई समीर और नूर मोहम्मद को भी पीटा गया।

दूसरे पक्ष के शमशाद का कहना है कि वह अपने बेटे के साथ दुकान जा रहा था। इस दौरान इरशाद, जानू, समीर और नूर मोहम्मद ने उन पर लाठी-डंडे और स्टील की रॉड से हमला किया। इस हमले में पिता-पुत्र दोनों घायल हुए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मंगलवार को 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति को सरकार की मंजूरी

## सरकार का दावाः ग्लोबल हब बनाने की दिशा में यह नीति कारगर साबित होगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025 (यूपी ईसीएमपी-2025) को मंजूरी प्रदान कर दी है। सरकार का दावा है कि उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने की दिशा में यह नीति कारगर साबित होगी। अगले छह वर्षों तक प्रदेश में डिस्प्ले, कैमरा मॉड्यूल, मल्टीलेयर पीसीबी जैसे 11 महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा देने वाली इस नीति से पांच हजार करोड़ रुपये के निवेश और लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय को मंजूरी दी गयी।

ईसीएमएस एक अप्रैल 2025 से अगले छह वर्षों तक प्रभावी रहेगी। इस नीति के तहत उद्यमियों को केंद्र की योजना के समतुल्य अतिरिक्त प्रोत्साहन दिए जाएंगे, जिससे यूपी का मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभरेगा। नीति का क्रियान्वयन शासन स्तर पर गठित नीति कार्यान्वयन इकाई और सशक्त समिति की देखरेख में नोडल संस्था द्वारा किया जाएगा। इसके तहत डिस्प्ले, कैमरा मॉड्यूल, मल्टीलेयर पीसीबी जैसे कॉम्पोनेन्ट्स के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी और नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा।



प्रमुख सचिव अनुराग यादव ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में देश में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। 2015 में जहां केवल दो यूनिट मोबाइल बनाती थीं, आज 300 यूनिट्स कार्यरत हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स का उत्पादन 1-9 लाख करोड़ से बढ़कर 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। मोबाइल फोन का निर्यात 1,500 करोड़ से 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा है। यूपी इस क्रांति का केंद्र बन चुका है, जहां देश के आधे से ज्यादा मोबाइल फोन का उत्पादन होता है। यह नीति यूपी को आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगी। यह नीति न केवल यूपी को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाएगी, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर यूपी की आत्मनिर्भरता को भी मजबूत करेगी। नीति के तहत 5,000 करोड़ रुपये का अनुमानित व्यय होगा, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के लाखों अवसर सृजित होंगे। यह कदम यूपी को निवेश का पसंदीदा गंतव्य बनाने और औद्योगिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण साबित होगा। मंत्रिमंडल ने इसके अलावा पारिवारिक संपत्ति के बंटवारे के लिए विभाजन विलेख पर स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस को अधिकतम पांच हजार रुपये तक सीमित करने का ऐतिहा. सिक फैसला लिया। वर्तमान में विभाजन विलेख पर चार प्रतिशत स्टाम्प शुल्क और एक प्रतिशत रजिस्ट्रेशन फीस लागू है, जो संपत्ति के मूल्य पर आधारित है। इसकी वजह से लोग बंटवारा विलेख रजिस्टर कराने से हिचकते हैं, जिससे दीवानी और राजस्व न्यायालयों में मुकदमों की संख्या बढ़ रही है। नई व्यवस्था से पारिवा. रिक विवाद कम होंगे और संपत्ति का सौहार्दपूर्ण बंटवारा संभव होगा।

### इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति को हरी झंडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025 (यूपी ईसीएमपी-2025) को मंजूरी प्रदान कर दी है। सरकार का दावा है कि उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने की दिशा में यह नीति कारगर साबित होगी। अगले छह वर्षों तक प्रदेश में डिस्प्ले, कैमरा मॉड्यूल, मल्टीलेयर पीसीबी जैसे 11 महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा देने वाली इस नीति से पांच हजार करोड़ रुपये के निवेश और लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय को मंजूरी दी गयी। ईसीएमएस एक अप्रैल 2025 से अगले छह वर्षों तक प्रभावी रहेगी। इस नीति के तहत उद्यमियों को केंद्र की योजना के समतुल्य अतिरिक्त प्रोत्साहन दिए जाएंगे, जिससे यूपी का मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभरेगा। नीति का क्रियान्वयन शासन स्तर पर गठित नीति कार्यान्वयन इकाई और सशक्त समिति की देखरेख में नोडल संस्था द्वारा किया जाएगा।

# प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसरः राज्यपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मंगलवार को राजभवन, लखनऊ में भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अधिकारियों से कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम, अधिकारियों को जमीनी स्तर पर शासन-प्रशासन, विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की कार्यप्रणाली समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि अधिकारियों का यह अनुभव, विदेश सेवा में कार्य करते हुए भारत की छवि को और सशक्त बनाने में सहायक होगा। राजभवन में भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला-बाल विकास, स्टार्ट-अप, कृषि, निवेश, पर्यटन एवं सांस्कृतिक धरोहर से सम्बन्धित पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है और विदेशों के साथ निवेश तथा शैक्षिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अनेक अवसर यहां



उपलब्ध हैं। राज्यपाल ने अधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालय लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ विभिन्न समझौता ज्ञापन संपन्न हुए हैं। विश्व. विद्यालयों ने नैक में सर्वोच्च ग्रेड प्राप्त कर अपनी गुणवत्ता को प्रमाणित किया है। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि विदेशी विद्यार्थी अब उत्तर प्रदेश में आकर हिंदी और संस्कृत सहित अन्य विशयों का भी अध्ययन कर रहे हैं। राज्यपाल ने, राजभवन द्वारा, चुनौतियों को अवसर में बदलकर समाजहित में किये जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि राजभवन परिसर में स्थापित विद्यालय के बच्चों तथा भिक्षावृत्ति छोघ चुके बच्चों को राजभवन में बैंड का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

इन बच्चों द्वारा गठित राजभवन बैंड ने 26 जनवरी को विधान सभा के सामने आयोजित परेड में प्रतिभाग कर प्रथम स्थान प्राप्त कर राजभवन का गौरव बघया। बच्चों को एसपीसी की ट्रेलनग दी जा रही है, जिससे उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और नागरिक उत्तरदायित्व का भाव विकसित हो रहा है। राज्यपाल ने बताया कि राजभवन के प्रयासों से प्रदेश की आंगनबाघ्यिों को सशक्त बनाने हेतु अब तक लगभग 40 हजार आंगनबाघी केंद्रों को संसाधन किट उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि बच्चों को बेहतर ढंग से पघया-लिखाया जा सके। इसी प्रकार, प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए राजभवन ने विशेष अभियान चलाया है, जिसके अंतर्गत मरीजों को पोषण पोटली प्रदान की जा रही है और अब तक लगभग चार लाख टीबी मरीज स्वस्थ होकर टीबी मुक्त हो चुके हैं।

# वाराणसी में 41 पुलिसकर्मियों का तबादला

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले के लंका थाने और अन्य चार पुलिस चौकियों पर तैनात 45 पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया गया है।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) काशी जोन गौरव बंशवाल ने मंगलवार को बताया कि जांच के बाद लंका थाने और उससे संबंधित चौकियों से जुड़े 45 पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया।

जांच में पाया गया कि ये पुलिसकर्मी तीन वर्ष से अधिक समय से थाने और विभिन्न चौकियों पर तैनात थे। भेलूपुर एसीपी गौरव कुमार ने लंका थाने के साथ-साथ बीएचयू, रमना, नगवा और संकट मोचन चौकियों पर तैनात पुलिसकर्मियों की जांच की। इसके बाद डीसीपी गौरव बंशवाल ने जांच रिपोर्ट के आधार पर 45 पुलिसकर्मियों का तबादला विभिन्न थानों में कर दिया। जांच में सामने आया कि लंका थाने में 15 पुलिसकर्मी ऐसे थे, जो पांच वर्षों से अधिक समय से तैनात थे। इन सभी का तबादला अन्य थानों में किया गया है।

## एक नजर

### पंचायत चुनाव से पहले छोटी पंचायतों की जरूरतों का ध्यान रखेगी उप्र सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पंचायत चुनाव से पहले छोटे शहरों की आबादी की ज़रूरतों को पूरा करने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए सरकार ने कम आबादी वाले 60 से ज़्यादा शहरी स्थानीय निकायों दीन दयाल उपाध्याय योजना के तहत बजट देने पर विचार कर रही है। अधिकारियों की मानें तो शहरी विकास विभाग ने 34 जिलों के 66 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) को इसके लिए चुना है जिन्हें आने वाले महीनों में दीन दयाल उपाध्याय योजना का लाभ मिलेगा। नगर विकास विभाग के सूत्रों की मानें तो 50,000 से कम आबादी वाली नगर पंचायतों (नगर परिषदों) को बेहतर बनाने के उद्देश्य से, शहरी विकास विभाग द्वारा यूएलबी को अतिरिक्त बजट प्रदान किया जाता है ताकि ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित बस्तियों को कस्बों में बदला जा सके। नगर पंचायतों में तैनात कार्यकारी अधिकारियों को सड़कों की स्थिति, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट और सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं में सुधार करने का काम सौंपा गया है। लखनऊ में मोहनलालगंज, रायबरेली में नसीराबाद, शाहजहांपुर में निगोही, पीलीभीत में बरखेड़ा, फर्रुखाबाद में नवाबगंज, अयोध्या में खिरौनी सुि. चतागंज, बहराइच में कैसरगंज और मैनपुरी में करहल उन नगर पंचायतों में शामिल हैं जिन्हें अधिक धनराशि मिलेगी। प्रयागराज प्रशासनिक प्रभाग के प्रतापगढ़ जिले को सबसे ज़्यादा लाभ होगा, जहां पांच नगर पंचायतों को इस कार्यक्रम के तहत शामिल किया गया है। उन्नाव, बरेली, बदायूं, देवरिया, अलीगढ़ और मेरठ उन जिलों में शामिल हैं जहां चार शहरी स्थानीय निकायों को चुना गया है। सीमित क्षमताओं वाले शहरों को सहायता प्रदान करने के लिए मार्च 2018 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य विकास गतिविधियों को निर्बाध रूप से तेज़ करना है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 10,000 से कम आबादी वाली नगर पंचायतें 2 करोड़ रुपये पाने की हकदार होंगी। जिनकी आबादी 10,000 से 20,000 के बीच है, उन्हें 3 करोड़ रुपये मिलेंगे, जबकि जिनके अधिकार क्षेत्र में 20,000 से 50,000 लोग हैं, वे दो किस्तों में 4 करोड़ रुपये प्राप्त करने के पात्र होंगे। इस बीच, स्थानीय प्रशासन के प्रस्तावों पर कार्रवाई करते हुए जहां बजट के तत्काल निवेश की आवश्यकता है वहां पर 2026-27 वित्तीय वर्ष के लिए अब तक 22 जिलों में 44 नगर पंचायतों को शॉर्टलिस्ट किया गया है।

### सरयू उफान पर, कटान का खतरा बढ़ा

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में मंगलवार को सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। तटबन्धों पर नदी के दबाव से कटान का खतरा बघ गया है। केन्द्रीय जल आयोग के सूत्रों ने बताया कि सरयू नदी आज सुबह लाल निशान से 27 सेमी ऊपर बह रही थी। नदी का रूख कटान की ओर है। नदी विक्रमजोत तथा दुबौलिया में तटबन्धों पर दबाव बनाये हुए है। सूबिका बाबू गांव के चारों तरफ बाघ का पानी पहुंच गया है जिससे सूबिका बाबू मैरूघ हो गया है। नदी का जलस्तर यहां 92-980 पहुंच गया है। विशुनदासपुर अनुसूचित बस्ती, अशोकपुर ग्राम पंचायत के कुछ पुरवों की तरफ बाघ का पानी धीरे-धीरे बघ रहा है। अतिसंवेदनशील तटबन्ध चांदपुर, कटरिया पर नदी का दबाव लगभग एक किमी से अधिक तक बना हुआ है। उन्होंने बताया कि नदी का जलस्तर अगर ऐसे ही बघ्ता रहा तो दर्जनों गांव बाघ की चपेट में आ जायेगे। कृषि योग्य जमीनों पर बाघ का पानी पहुंच गया है जिससे फसलों की भारी क्षति हो रही है। अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने बताया है कि सूबिका बाबू गांव में दो मोटर बोट, पांच नाव लगा दिया गया है तथा बाघ क्षेत्र में अधिकारियों की तैनाती कर दी गयी है। बाघ खण्ड द्वारा भी निगरानी किया जा रहा है। वर्तमान समय में कटान रोकने के लिए बाघ खण्ड द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है।

### आत्मदाह करने वाले के घर पहुंचा सपा का प्रतिनिधिमंडल

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल जोगापुर गांव पहुंचा और आत्मदाह करने वाले बुजुर्ग वशिष्ठ नारायण गोंड के परिजनों से मुलाकात की। एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने बताया कि उन्होंने वाराणसी के जिलाधिकारी को फोन कर मृतक के परिजनों को आवास निर्माण, आवासीय पटा, कृषि पटा और आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की। गौरतलब है कि वाराणसी के राजातालाब तहसील में भूमि विवाद से परेशान होकर बुजुर्ग वशिष्ठ नारायण गोंड ने 22 अगस्त को आत्मदाह कर लिया था। बीएचयू में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। सपा का प्रतिनिधिमंडल जोगापुर गांव पहुंचकर मृतक के भाई राम लखन गौड़, उनकी पत्नी गीता देवी और बेटे कपिल देव गौड़ सहित अन्य परिजनों से मिला।

# धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में दो गिरफ्तार

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले के आदमपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को अगवा कर जबरन धर्म परिवर्तन कराने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पीड़ता के पिता ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने पुलिस आयुक्त मोि. हत अग्रवाल से मुलाकात की। इसके बाद पुलिस आयुक्त के निर्देश पर सोमवार रात तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। कोनिया निवासी निहाल समेत दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। निहाल के पिता राजू उर्फ शरीफ और लालू की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, कोनिया बड़ी मस्जिद निवासी निहाल ने तीन महीने पहले नाबालिग बेटी का अपहरण किया था। पीड़ति पिता ने बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने इस मामले में निहाल समेत चार लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351(2), 352, 137(2), 191(2) और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धारा 5(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# हिरासत में मौत हत्या के बराबरः अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** हरदोई जिले में एक युवक की पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले समा. जवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार को आघे हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि हिरासत में हुई मौत हत्या के बराबर है।

इसमें संलिप्त लोगों को कठिन से कठिन सजा मिलनी चाहिए। दरअसल दो दिन पूर्व हरदोई जिले के शाहाबाद कोतवाली में पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शाहाबाद पुलिस ने रवि राजपूत (20) को एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में हिरासत में लिया था। रविवार को उसने कोतवाली परिसर में स्थित शौचालय में फंदा लगा लिया। इसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक (एसपी) नीरज जादौन ने कहा कि



घटना की जांच कराई जा रही है। इस मामले को लेकर मंगलवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि हिरासत में मौत का रिकॉर्ड बनान. 'वाला उप्र का शासन-प्रशासन किस हद तक असंवेदनशील है। इसका नया उदाहरण अब हरदोई से आया है। अखिलेश यादव ने कहा कि हिरासत में मौत दरअसल 'हत्या' के बराबर होती है। सभी संलिप्त लोगों को कठिन से कठिन सज़ा मिलनी चाहिए। गौरतलब है कि वोट चोरी के आरोप सामने आने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव भाजपा सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ लगातार मोर्चा खोल हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। हर विभाग, हर कार्य में भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रदेश में अवैध प्लालटग का धंधा जोरो पर है। भाजपा के लोग गरीबों की जमीन, तालाब और अन्य सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर रहे है। भाजपा भूमाफिया पार्टी बन गयी है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। कानून-व्यवस्था पर जीरों टालरेंस का दावा जीरो हो चुका है। भाजपाई और उनके साथी सहयोगी कानून व्यवस्था की धज्जियां उघ रहे है। लोगों के साथ अन्याय कर रहे है। भाजपा सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। लोग अन्याय, अत्याचार से त्रस्त है।

# जल्द फटेगा राहुल गांधी का हाइड्रोजन बमः अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि वोट चोरी का मुद्दा पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है और इस बार बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद और मर्जी से राहुल गांधी का हाइड्रोजन बम फटेगा।

लहुराबीर स्थित कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने वाराणसी का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां का अपडेट चुनाव आयोग ने दोपहर एक बजे के बाद देना बंद कर दिया था। उन्होंने तत्कालीन मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें दिल्ली बुलाकर जल आयोग का सीईओ बनाया गया, क्योंकि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए काम किया था। श्री राय ने कहा कि राहुल गांधी ने पहले ही एटम बम फोड़ने की बात कही थी और अब हाइड्रोजन बम फोड़ा जाएगा।



उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन बम फटने के बाद भाजपा वालों को कहीं जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने भाजपा पर हिंसा का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ता लगातार हमले कर रहे हैं। लखीमपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ की, जबकि इटावा में कांग्रेस कार्यालय पर राहुल गांधी के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने योगी सरकार पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज करने और गिरफ्तारियां करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इटावा में 15 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा वाले बौखलाए नहीं, बल्कि पागल हो गए हैं। भाजपा ने अपने ही संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज करवाया और संघ से जुड़े लोगों को निशाना बनाया।

श्री राय ने कहा कि वोट चोरी करके नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं और काउंलटग के दिन दोपहर एक बजे के बाद अपडेट बंद कर दिए गए थे। उन्होंने कहा कि वे बुधवार को लखनऊ पहुंचकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लोगों से मुलाकात करेंगे।

# लाठी डंडे से पीटकर अधेड़ की हत्या आठ गिरफ्तार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के सुजानगंज क्षेत्र में बीती देर रात जमीनी विवाद में लाठी डंडे से पीट कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

पुलिस में घटना के दो घंटे के अंदर ही नामजद आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि बेलवार गांव में सोमवार की रात लगभग नौ बजे पुरानी रंजिश व जमीनी विवाद को लेकर शराब के नशे में मंगलदास, सुरेंद्र व हार्दिक के अलावा अन्य चार ने लाठी डंडा तथा धारदार हथियार से हमला करके नरेंद्र कुमार पटेल (45) की हत्या कर दी। उच्चाधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए घटना के शीघ्र अनावरण के लिए निर्देशित किया। थानाध्यक्ष सुजानगंज फूलचंद पांडेय ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दो घन्टे के अन्दर घटना में नामजद दो अभियुक्तों तथा परिजनों की पहचान पर घटना में शामिल छह अज्ञात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार अभियुक्तों में मंगलदास पटेल, सुरेंद्र पटेल, प्रेमचंद्र पटेल, गोविंद पटेल, सोनू पटेल, सचिन पटेल, शिवम पटेल और जवाहर लाल पटेल शामिल हैं।

# आठ वर्षीया बालिका को बनाया हवस का शिकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र की एक आठ वर्षीया बालिका से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है।

पीड़ता की मां ने आज थाना कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। यह घटना रक्षाबंधन के दिन यानी 09 अगस्त को घटित हुई थी जब बच्ची अपने मामा के घर के बाहर खेल रही थी। पड़ोस के युवक ने टाफी बिस्कुट का लालच देकर अपने घर में ले जाकर बालिका के साथ दुष्कर्म किया और धमकी देकर घर के सामने लाकर छोड़ दिया। पीड़ता की मां की तहरीर पर आज मुकदमा दर्ज किया गया और विवेचना शुरू कर दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने यहां बताया कि कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को दी गई तहरीर में खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव की निवा. सिनी महिला ने बताया है कि कुछ माह पूर्व उसे डिलिवरी होने वाली थी जिसके चलते वह अपनी आठ वर्षीया बेटी के साथ अपने मायके खलीलाबाद के एक गांव में आई हुई थी। उसका आरोप है नौ अगस्त यानी रक्षाबंधन के दिन उनकी बेटी घर के बाहर खेल रही थी जहां घर के बगल का ही रहने वाला 22 वर्षीय राजू उनकी आठ वर्षीया बेटी को टाफी और बिस्कुट का लालच देकर अपने घर ले गया। घर के दूसरी मंजिल पर उसको ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में उसे धमकी देते हुए घर के बाहर छोड़ दिया। जिसके बाद से ही वह गुमसुम रहने लगी। धीरे-धीरे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। जिसके चलते उसने उससे गुमसुम रहने का कारण पूछा तो बच्ची ने सोमवार की देर शाम अपने साथ हुई पूरी घटना की आपबीती अपनी मां को बताई। इस मामले में इंस्पेक्टर थाना कोतवाली पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# प्रयागराज में मासूम की गंगा में डूबने से मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के शिवकुटी क्षेत्र में गंगेश्वर महादेव मंदिर के गंगा नदी में बालक की डूबने से मौत गयी है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सोमवार देर शाम रविशंकर मिश्र अपने बेटे कुशाग्र (8) को अपने साथ बाइक पर घुमाने के लिए ले गए थे। गंगेश्वर महादेव मंदिर के पास गंगा किनारे रोड पर बाइक रो. ककर वह फोन पर बात करने लगे। इस दौरान कुशाग्र खेलते-खेलते सड़क किनारे से फिसलकर गंगा में गिर गया। आसपास मौजूद लोगों को जब तक समझ में आता, तब तक वह गहरे पानी में समा चुका था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

# निषाद पार्टी के कार्यालय पर लगी होर्डिंग से सियासी पारा चढ़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद इस समय लगातार सुर्खियों में हैं। लखनऊ में निषाद पार्टी के कार्यालय के बाहर एक होर्डिंग लगी है जिसके कई सियासी मायने निक. ाले जा रहे हैं।

हालांकि दो दिन पहले ही संजय निषाद ने अपने बेटे के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। निषाद पार्टी कार्यालय पर लगी सियासी होर्डिंग लखनऊ में चर्चा का केंद्र बनी हुई है। होर्डिंग में स्लोगन दिया गया है, 'निषाद की ताक़त को मत आज़माओ, भरोसे को यूं मत गवाओ'। निषाद पार्टी के नेता बिजेंद्र त्रिपाठी की तरफ से यह होर्डिंग लगाई गई है। राजनीतिक पंडितों की मानें, तो होर्डिंग के जिरए संजय निषाद की पार्टी बीजेपी को बड़ा संदेश देने की कोशिश में जुटी है। यह होर्डिंग ऐसे समय में लगी है जब संजय निषाद की मुलाक़ात सीएम योगी से हुई थी। ऐसी अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि क्या 2027 से पहले निषाद पार्टी अपनी सहयोगी पार्टी भाजपा से अलग हो जाएगी।

गौरतलब है कि निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाक़ात की थी। यह मुलाक़ात कई मायनों में महत्वपूर्ण मानी जा रही थी क्योंकि संजय निषाद ने हाल ही में गठबंधन को लेकर काफी तीखा बयान दिया था। दरअसल निषाद पार्टी प्रमुख और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा था कि अगर उसे लगता है कि सहयोगी दलों ने 'कोई लाभ नहीं पहुंचाया है' तो वह गठबंधन तोड़ दे।

सूत्रों ने बताया कि इस टिप्पणी के बाद, संजय निषाद को उसी रात प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का फोन आया था और उन्होंने वादा किया कि दोनों दलों के बीच मतभेद सुलझा लिए जाएंगे। दरअसल, संजय निषाद ने गोरखपुर में कहा था, कि अगर उन्हें हमारे साथ गठबंधन से कोई फायदा नहीं हो रहा है,

तो उन्हें इसे तोड़ देना चाहिए। मैं भाजपा को यह बताना चाहता हूं। वे छोटे नेताओं का इस्तेमाल करके हम पर अभद्र भाषा में हमला क्यों कर रहे हैं? हालांकि निषाद पार्टी के नेताओं ने कहा कि उनके पार्टी प्रमुख की ये टिप्पणी भाजपा के छोटे सहयोगियों चाहे वे मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश में निषाद, राजभर, या पटेल हों, या पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जाट के बीच बढ़ती दूरियों के कारण है। भाजपा दीर्घकालिक दृष्टि से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों के बीच अपना नेतृत्व तैयार कर रही है, जो उनका मुख्य मतदाता आधार हैं। जय प्रकाश निषाद और साध्वी निरंजन ज्योति जैसे निषाद नेताओं की आलोचनात्मक टिप्पणियों के कारण निषाद पार्टी की आशंकाएं और बढ़ गई थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने से पहले संजय निषाद उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से भी मुलाकात कर चुके हैं।

# दांदरा की ग्राम सभा से हटवाया अवैध कब्जा



**आतिफ निसार जैनू, शाह टाइम्स**

**सहसवान।** दहगवा राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम सभा की जमीन पर अबैध कब्जा कर उस पर ईटो से पशुओ को चारा खिलाने के लिए लडोहरी वना ली थी।

जिससे लोगो को आने जाने मे परेशानी होने के चलते गाँव के एक व्यक्ति ने उसकी शिकायत तहसील प्रशासन को दर्ज कराई उसकी शिकायत पर हल्का लेखपाल, कानूनगो सहित पुलिस बल के साथ जेसीबी ले जाकर ग्राम सभा की जमीन पर अबैध कब्जो को हटवाया थाना जरीफनगर क्षेत्र के ग्राम दांदरा में ग्राम पंचायत की जगह पर गांव के किशनपाल ने अवैध कब्जा कर रखा था। जिस पर कब्जा कर खूटे गाड रखे थे और बही पर पशुओ को बांधा जाता था जिससे लोगो को आने जाने मे परेशानी होने लगी तो गांव के ही दिनेश ने तहसील प्रशासन को एक प्रार्थना पत्र देकर ग्राम पंचायत की जमीन पर अबैध कब्जो को हटाने की गुहार लगाई थी जिसमे एसडीएम ने राजस्व विभाग को आदेश कर मंगलवार को राजस्व विभाग की एक टीम जिसमे कानून गो किशनलाल व हल्का लेखपाल जितेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ जेसीबी लेकर पहुंच गये और ग्राम पंचायत की जमीन पर अबैध रुप से पशुओ की लडोहरी व खूटो को जेसीबी से उखाडकर ग्राम पंचायत की जमीन से कब्जा हटवाया शिकायत कर्ता दिनेश का कहना था कि सड़क किनारे अवैध कब्जा था जिससे गांव में बड़े वाहन आने-जाने में परेशानी होती थी।

एसडीएम सहसवान के निर्देश पर अवैध कब्जे पर जेसीबी चलवाकर कब्जा धारक से जमीन को खाली कराया इस मौके पर कानून गो किशनलाल, हल्का लेखपाल जितेन्द्र सिंह व थाना जरीफनगर पुलिस बल मौजूद रहा कानून गो ने कहा कि अगर दोबारा ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा किया या गंदगी डाली गई तो संबंधित लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया जाएगा।

# वैकल्पिक मार्ग पर भरा बरसाती पानी मूसलाधर बारिश ने प्रशासन की खोली पोल



**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** सोत नदी के वैकल्पिक मार्ग की पहली मूसलाधार बारिश ने प्रशासन की पोल खोल दी है। एक करोड़ सोलह लाख रुपये की लागत से बने सोत नदी के वैकल्पिक मार्ग पर करीब 2-2 फीट पानी बह रहा है, जिससे आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। मार्ग पर लंबा जाम लग गया है, इसके बावजूद लोग हालात की गंभीरता को नजर अंदाज करते हुए जान जोखिम में डालकर वाहनों सहित निकलने की कोशिश कर रहे हैं। इधर नवीन पुल निर्माण में लगे वाहन पानी में डूब गए, जिससे निर्माण कार्य रुक गया है और हालात भी नाजुक हो गए हैं। यह पुल एक करोड़ 16 लाख रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। जिसे तैयार होने में अभी एक से डेढ़ साल का समय लगेगा। तब तक क्षेत्रवासियों को लगातार ऐसी ही समस्याओं से जूझना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि पानी निक. ासी के लिए बड़ी पुलिया का निर्माण पहले ही करा दिया गया होता, तो आज इस विकट परिस्थिति से बचा जा सकता था। पानी का तेज बहाव न केवल मार्ग पर रुकावट बना रहा है, बल्कि जगह-जगह सड़क की नींव को खोखला कर रहा है, जिससे भविष्य में बड़े हादसों का खतरा भी मंडराने लगा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सोतनदी का यह वैकल्पिक मार्ग बारिश के मौसम में खतरे का सबब बन गया है। खासकर स्कूली बच्चों, मरीजों और नौकरीपेशा लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए ग्रामीणों व राहगीरों से अपील की है कि वह फिलहाल इस मार्ग से भारी वाहन न गुजारें, वैकल्पिक सुरक्षित रास्तों का ही इस्तेमाल करें।

# पृथ्वी पर असुरों का अत्याचार बढ़ने पर अवतार लेते हैं प्रभु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** कछला रोड स्थित माहेश्वरी भवन में मंगलवार को श्रीराम-कृष्ण समिति के बैनर तले शुरु हुई रामकथा के पहले दिन ऋषिकेश (उत्तराखंड) से पधारे कथावाचक अयोध्यादास रामायणी महाराज ने भगवान राम के विवाह का विस्तृत वर्णन करते हुए धनुष भंग के प्रसंग का मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होनें बताया कि विश्वामित्र मुनि राम और लक्ष्मण को लेकर जनकपुरी पहुंचे। वहां शिव धनुष तोड़ने की शर्त पर सीता का विवाह राम से तय हुआ। कथा की शुरुआत त्रेता युग में राक्षसों के अत्याचार और विश्वामित्र मुनि के यज्ञ की रक्षा से हुई। यज्ञ के बाद विश्वामित्र मुनि राम-लक्ष्मण के साथ जनकपुरी की ओर गए। राजा जनक द्वारा रखी गई शिव धनुष तोड़ने की शर्त और भगवान राम द्वारा धनुष भंग कर सीता से विवाह का प्रसंग कथा का मुख्य आकर्षण रहा। कथावाचक ने कहा कि पृथ्वी पर जब-जब असुरों का अत्याचार बढ़ा, तब-तब ईश्वर ने किसी न किसी रूप में अवतार लेकर असुरों का संहार किया है। उसी प्रकार भगवान राम ने भी पृथ्वी लोक पर आकर धर्म की स्थापना की और लोगों का कल्याण किया। उन्होनें अन्य कई प्रसंगों की भी सुनाया। इस मौके पर नरेन्द्र गरल, डा.राजाबाबू वार्ष्णेय, चन्द्रपाल तोष्णीवाल, सत्यपाल वार्ष्णेय, मनोज वार्ष्णेय, लो. केश बाबू वार्ष्णेय, नीरज माहेश्वरी, संजीव वार्ष्णेय, दुर्गेश बाबू वार्ष्णेय, आशीष वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

# घुमंतु जातियों के कल्याण के लिए विशेष बोर्ड बनाने की घोषणा

**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** मंगलवार को नगर के घुमंतू समाज में शामिल गिहार समाज ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विमुक्त जाति दिवस के अवसर पर घुमंतू जातियों के कल्याण के लिए एक विशेष बोर्ड बनाने की घोषणा के बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। पूर्व सभासद उमेश गिहार ने कहा कि गिहार समाज शासन की योजनाओं से वंचित रहा, पर अब मोदी व योगी सरकार की योजनाओं के माध्यम से उन्हें मुख्यधारा में लाया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व सभासद उमेश गिहार, राजकुमार फौजी, पप्पू, रतनलाल, मुकेश, संतोष, शिशुपाल, राकेश, प्रेमपाल, अरविंद, साधु, गोविंद, राम बहाद. ुर, राज कपूर, मंगेश देवी, कमलेश, रुक्मेश देवी, सरोज देवी, केला देवी, सोनी, दयावती, राजमाला, लज्जा देवी, प्रीति देवी आदि मौजूद रहे।

# शोभायात्रा को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक



**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** मंगलवार को बारह रबीउल अव्वल और गणेश चतुर्थी के जुलूस को लेकर पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक कोतवाली में आयोजित की गई। जहां सभी से त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने कहा कि सभी लोग अपने-अपने त्यौहार को श्रद्धा और उल्लास से मनाएं। उन्होंने सभी से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जो भी व्यक्ति कानून व्यवस्था को बाधित करने की कोशिश करेगा उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर सेंसर पाल सिंह, एड. अनूप शर्मा, एड. सचिन सक्सेना, मशहूद खां हमदम, मुन्ने खां, मदरसे के प्रिंसिपल मौलाना इफ्तेखार अहमद अशरफी, राजेश मराठा, गांव पपगांव से मस्जिद के इमाम मौलाना मो. असलम रजा, समाजसेवी आरिफ खान, शाकिर अहमद, गोपाल शर्मा, रजत साहनी, कुलदीप रस्तोगी, मो. उमर आदि मौजूद रहे।

# शत-प्रतिशत निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न कराएं वितरण : एडीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता समिति एवं सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के अन्तर्गत खाद्यान्न के प्रेषण एवं प्राप्ति तथा खाद्यान्न के परिवहन आदि में आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक का आयोजित की गई। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा जनपद में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया तथा सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के अन्तर्गत खाद्यान्न के प्रेषण एवं प्राप्ति तथा खाद्यान्न के परिवहन आदि में आने वाली समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गयी।

बैठक में सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि वह प्रत्येक दशा में लाभार्थियों को शत-प्रतिशत निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न का वितरण करायें तथा उक्त व्यवस्था में जहां भी लीकेज की सम्भावना हो उसे खत्म किया जाये तथा विसंगतियों को दूर किया जाये ताकि शासन की मंशानुरूप पारदर्शी वितरण व्यवस्था को सुदढतापुर्वक लागू किया जा सकें। बैठक में उपस्थित परिवहन ठेकेदारों को निर्देशित किया गया कि वह अनुमन्य वाहनों का उपयोग करते हुये उचितदर दुकानों तक निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न पहुंचवायें इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। इस अवसर पर डा0 मोहन झा, ए0सी0एम0ओ0, वीरेन्द्र कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सुशील कुमार, डी0 पी0 ओ0, मण्डलायुक्त के स्तर से नामित मा0 सदस्य के0बी0गुप्ता एवं अजय पाराशरी सहित, समस्त आपूर्ति स्टाफ, विपणन शाखा से प्रेषण प्रभारी, उचितदर विक्रेताओं के प्रति. निधि एवं समस्त सिंगल स्टेज परिवहन ठेकेदार उपस्थित रहे।

# सरकारी धन का हो रहा दुरूपयोगः भाकियू नेता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सिलहरी ब्लॉक जगत के गांव कुपरी और बमनी सलेम पुर में भारी बरसात में भी नहीं रुक रहा मनरेगा साइड पर अपलोड फोटोओ में नावालिग दिख रहे मजदूर रखकर भाकियू नेता ने की जांच की मांग लगातार चार दिन से बरसात हो रही है खेत और सभी रास्तों पर जलभराव दिखाई दे रहा है पर ग्राम प्रधान और सचिव मनरेगा में लगातार कार्य दर्शाकर मस्ट्रोल अपलोड कर रहे हैँ जबकि बरसात में फावड़ा चलना तो अलग पैर रखने की जगह नहीं है ऐसे में मिट्टी का कार्य कैसे हो सकता है और क्या बरसात में भीगते हुए फावड़ा कैसे चलाया जा सकता है भाकियू जिलाध्यक्ष केपीएस राठौर ने आरोप लगाते हुए वताया कि जगत की दो कुपरी और बमनी सलेमपुर में 25 मजदूर मंरेगा साइड पर मस्टरोल अपलोड किए गये है मंगलवार को प्रातः ही बरसात के चलते ग्राम पंचायतों में मनरेगा में मजदूरों द्वारा मिट्टी कार्य होना दर्शाया गया है भाकियू नेता का आरोप है कि ब्लॉक से लेकर ग्राम पंचायत तक सभी संलिप्त हैँ वहीं ब्लॉक में तैनात कम्प्यूटर अपरेटर भी बरसात होने के बाबजूद भी मनरेगा मस्ट्रोल उपलोड कर देता है जिसमें ग्राम प्रधान अपने चहेते लोगों के नाम नरेगा में दर्शाकर उनके खाते में धन राशि भेजकर वंदरवांट की जाती है आरोप है ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक तक बंदरबाट कर लिया जाता है जो सरकारी धन का बड़े पैमाने पर दुरपयोग किया जा रहा है जबकि ग्रामीणों का कहना है मंगलवार को प्रातः काल बरसात हो रही थी गांव कुपरी में मनरेगा साइड पर अपलोड मस्टरोल में सीसी रोड पर खड़े होकर फोटो अपलोड की गई है भारतीय नेता का आरोप है कि अपलोड मस्टरोल फोटो में नाबालिको को मनरेगा मजदूरी मे शामिल किए गए हैं जो गलत है बाकी नेता ने उक्त फर्जी वाले की जांच कर कर सरकारी धन को दुरुपयोग से बचने की मांग की है इस संबंध एपीओ गजेंद्र सिंह ने बताया बरसात का मौसम चल रहा है ऐसे मे रोजगार सवको ने उपस्थित लगा कैसे दी है संबंधित ग्राम पंचायतो के टी ए को लेटर जारी किया गये है कि मौके पर जाकर जांच करे और बरसात में लगाई गई उपस्थिति को जीरो करें इनका मानदेय रोका जाए।

# ऑरेंज अलर्ट, बारिश होने की संभावना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सचेत ऐप के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार निम्न जनपदों में अगले 03 घंटो में कुछ स्थानों पर मध्यम गरज/बिजली के साथ मध्यम से तीव्र बारिश होने की संभावना के 'ऑरेंज अलर्ट' की सूचना प्राप्त हुई है। 'बदायूँ, बरेली, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, हरदोई, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, शाहजहाँपुर, उन्नाव'।

# बाला जी महाराज की कृपा से हर संकट दूर हो जाता हैः ललितेश्वर महाराज



**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** बालाजी बलदेव धाम गुदनी में मंगलवार को भक्तिमय माहौल में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान बालाजी हनुमान जी महाराज को सुंदर चोला चढ़ाया। भक्तों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर मंगल. कामनाएँ मांगीं। इसके उपरांत दूर-दूर से आए भक्तों को पूज्य महंत श्री श्री 1008 ललितेश्वर महाराज ने आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने बालाजी महाराज की महिमा का वर्णन करते हुए कहा उनकी कृपा से हर संकट दूर हो जाता है। भक्तों ने गहन भक्ति भाव से दरबार में नतमस्तक होकर अपनी-अपनी मनोकामनाएँ व्यक्त कीं। आपको बता दें बालाजी महाराज का दरबार प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को सजता है, जहाँ दूर-दराज से श्रद्धालु अपनी मन्नतें पूरी कराने के लिए पहुंचते हैं। इस मौके पर मंदिर परिसर में जय बजरंगबली, जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

## एक नजर

# 6 एवं 7 सितम्बर को होगी प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 का आयोजन जनपद बदायूँ में दिनांक 06 व 07 सितम्बर 2025 को किया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 से 05:00 बजे तक। इस परीक्षा में लगभग 39,360 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे, जिनके लिए जिले में 24 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि परीक्षा के लिए मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी तैयारियां की जाएं, जिससे अभ्यर्थियों को कोई दिककत न हो, साथ में उनके सामान के रखने की भी उचित व्यवस्था रहे। केन्द्र व्यवस्थापक इसका विशेष ध्यान रखें। परीक्षा केन्द्र में प्रकाश व्यवस्था का खास ख्याल रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए परीक्षा को शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियाँ समय से पूर्ण की जाएं। परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, प्रकाश, सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएँ एवं विद्युत आपूर्ति की विशेष व्यवस्था की जाएं। परीक्षा के दिन केन्द्रों के आस-पास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। उन्होंने रेलवे स्टेशन व रोडवेज बस स्टैण्ड पर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। अभ्यर्थियों को यात्रा में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए रेलवे प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। स्टेशन पर निरन्तर उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को सूचना उपलब्ध कराई जाएगी।

**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एंव विज्ञापन/सूचनाओं के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9411010546 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 9458213331 |
| राजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती | 9761005266 |
| नईम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 9808271513 |
| अंकित गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 8430206061 |

अजीत शर्मा क्राइम संवाददाता बदायूं सिटी 9259362222
धर्मेंद्र कुमार दीक्षित संवाददाता आसफपुर 7830155078
आतिफ निसार ज़ैनू संवाददाता सहसवान 8954188786
बीके तोमर संवाददाता खेड़ा नवादा बदायूं 9412302152
अनुराग मिश्रा संवाददाता वजीरगंज 9759558639
बदायूं मे न्यूज एजेंसियों के लिए संपर्क करें जिला प्रभारी 7500110219 9411827221

# लाडली सरकार भजन संध्या का आयोजन



**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** नगर में श्रीराधा रानी प्रेम सेवा समिति के तत्वावधान में राधाष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष में एक भव्य व दिव्य आयोजन संपन्न हुआ। लाड़ली सरकार को 56 भोग अर्पित किए गए संध्या समय भक्ति व श्रद्धा से परिपूर्ण भजन संध्या का आयोजन किया गया। मुरादाबाद से आये प्रसिद्ध कलाकारों ने जब एक से बढ़कर एक मधुर भजनों की प्रस्तुति दी, तो संपूर्ण वातावरण राधे-राधे के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। भजनों की सुरमयी धुन पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमकर नृत्य करने लगे। भजन संध्या में राधारानी की महिमा का गान हुआ प्रेम व भक्ति की सरिता बह निकली। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर आरती उतारी राधारानी से अपने जीवन में सुख-शांति व मंगलकामना का आशीर्वाद माँगा। इस मौके पर लायक सिंह यादव, पवन कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, चौधरी मनोज कुमार, बालकृष्ण गुप्ता, संजीव मिश्रा, डॉ. अजीत सिंह, टिंकू शाक्य, डॉ. सुमित पॉल, सतीश माथुर, उपदेश कुमार, सौरभ शुक्ला, श्याम गौड़, इशिता गौड़, कविता कथूरिया, ध्रुव यादव, कुश यादव, मनोज कुमार यादव, पवन रस्तोगी, अभिषेक शर्मा, हर्षित शर्मा, अक्षित शर्मा, रिंकू दिवाकर, कुमरपाल, नंद किशोर मौर्य सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सघन एड्स जागरूकता अभियान शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राजकीय डिग्री महिला महाविद्यालय घंटा घर बदायूं में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सघन एड्स जागरूकता अभियान के सफल संचालन हेतु एक गोष्ठी डॉ वंदना प्राचार्या महोदया की अध्यक्षता में किया गया स इसके बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी (एड्स ) डॉ विनेश कुमार द्वारा जनपद में एच आई वी/ एड्स होने के 4 कारण असुरक्षित यौन सम्बन्ध,एच आई वी ग्रस्त महिला से होने वाले उसके बच्चे, एच आई वी ग्रस्त व्यक्ति का ब्लड दूसरे को चढ़ाने, एच आई वी से संक्रमित व्यक्ति की सिरिंज से दूसरे को इंजेक्शन लगाने से फैलता है इसी प्रकार बच्चों को जागरूक किया गया स एवं उपस्थित सुषमा सिंह ने (PPTCT) काउंसलर द्वारा बताया गया कि अगर कोई भ्प्ट संक्रमित महिला है ।

तो उसका प्रसव डॉक्टर की देख रेख में ही होनी चाहिए इसी तरह ैज्् के बारे में संपूर्ण जानकारी देते हुए सभी को जागरूक किया गया एवं । शनि दुवे प्रोग्राम मैनेजर लोक स्मृति सेवा संस्थान बदायूं के द्वारा बताया गया कि सही जानकारी ही सही बचाव है ।एवं उनके संस्था द्वारा चल रहे प्रोग्राम जैसे एफ एस डब्लू, एम एस एम, ड्रग यूजर्स जैसे उच्च जोखिम समूहों पे HIV@AIDS विषय पर जागरूक कर रोक थाम एवं, जाँच, बचाव, इलाज के बारे में संपूर्ण जानकारी दिया स एवं कार्यक्रम का संचालन रोहित सक्सेना । प्रोग्राम मैनेजर द्वारा किया गया स कार्यक्रम में उपस्थित । शिक्षिक एवं शिक्षिका महोदय/महोदया डॉ अर्चना पांडे, डॉ सतीश कुमार एवं डॉ बृजेश कुमार, डॉ भावना सिंह, एवं सरिता गौतम एवं अन्य शिक्षकों के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

# शिव महापुराण कथा में शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुन भावविभोर हुए भक्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** नगर दातागंज में गणेश चतुर्थी महोत्सव के चलते हर वर्ष की भांति इस साल भी 14वीं बार जय दुर्गा शिव शक्ति सेवा समिति कमेटी द्वारा श्याम धर्मशाला दातागंज में भागवत कथा का विशाल आयोजन किया गया है जिसमें दातागंज नगर के अलावा आसपास क्षेत्र के सैकड़ों की तादात में भक्तजन झूमते नाचते भक्ति में लीन दिखाई देते नजर आए , दिन सोमवार को दो सितंबर कस्बा के कथा के पांचवे दिन शिव-पार्वती विवाह कथा का भव्य आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना की। इस धार्मिक अनुष्ठान में लग्न से विवाह विदाई और आरती की रस्मे विधि विधान से पूरी की गई। श्रद्धालु भगवान शिव और माता पार्वती दिव्य मिलन की साक्षी बनकर भावविभोर हो गए। कथा के दौरान बड़ी संख्या मे उपस्थित भक्त भक्ति रस मे झूमते रहे। कार्यक्रम मे पुष्पवर्षा कर नवविवा. हित जोडों के स्वरूप का स्वागत किया और मंगल गीत गाए। कथा के पांचवें दिन कथावाचक पूज्या श्री राधिका प्रियंवदा किशोरी ने अध्याय का बहुत ही अच्छा वर्णन किया। जय दुर्गा शिव शक्ति सेवा समिति कमेटी के सदस्य नितेश अग्रवाल उर्फ शैंकी ने कहा के नगर दातागंज की जनता के भरपूर सहयोग से 14वां विराट श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव 2025 के चलते भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। जिसका मैं बहुत ही आभारी हूं और आगे भी इस तरह का सहयोग मिलता रहेगा ऐसी मैं सभी से कामना करता हूं। मै कहना चाहूंगा कि धार्मिक कार्यक्रम ज्यादा से ज्यादा होते रहे। आने वाले दिनों में भी विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस मौके पर कथा आयोजक नितेश अग्रवाल उर्फ शैंकी भैया , नितिन गुप्ता उर्फ गुल्लू, राजेश गुप्ता उर्फ खन्ना भैया, अमन गुप्ता, सुमित गुप्ता उर्फ अच्छू भैया , पुष्पराज गुप्ता उर्फ सुमित, अनूप सैनी, दीपक गुप्ता, विवेक शर्मा, सुभाष सैनी, सुजीत वर्मा, अमन विक्रम सिंह उर्फ गोलू, प्रशांत वर्मा , मनोज गुप्ता, प्रलोक गुप्ता, मोहन गुप्ता उर्फ मयंक भैया , सौरभ गुप्ता, विवेक सैनी उर्फ राजू मौजूद रहे।

# झमाझम बारिश में जनजीवन अस्त-व्यस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही झमाझम बारिश में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है वही अत्यधिक बारिश के चलते बिसौली कस्बा के समीप रानेट चौराहे के पास सोत नदी पर बने वैकल्पिक पूरी तरह पानी में डूब गया है जिससे बिसौली विधानसभा क्षेत्र के लगभग 100 गांव को जोड़ने वाला मार्ग पूरी तरह प्रभावित है वैकल्पिक मार्ग से होकर गुजरने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन फिर भी लोग अपनी जान जोखिम में डालकर गुजरने को मजबूर हैं वहीं सूचना मिलने पर बिसौली इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने आम जनमानस की सुरक्षा की दृष्टि से भारी वाहनों का वैकल्पिक मार्ग पर आवा गमन प्रतिबंधित कर दिया गया है और स्वयं भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहकर आने जाने वाले लोगों को वहां से गुजरने के लिए रोका जा रहा है वहीं बड़े वाहनों को वजीरगंज एवं औरछी होते हुए निकाला जा रहा है।

# ईद मिलादुन्नबी पर जलसे की मिली अनुमति



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** अंजुमन खुद्दामुल औलिया को शिमला जनरल स्टोर के सामने बारावफात के जलसे की अनुमति मिल गई है।

कुछ दिनों पहले बारावफात पर पीस कमेटी की मीटिंग में नैनीताल रोड पर जलसे करने पर रोक लगा दी थी। बता दें कि मेन रोड पर पिछले 55 वर्षों से अंजुमन खुद्दामुल औलिया, अंजुमन मुहब्बाने रजा और अंजुमन बुस्ताने मदार के नैनीताल रोड पर जलसे होते चले आए हैं। इस बार पीस कमेटी की मीटिंग में नैनीताल रोड पर जलसों पर रोक लगने से अंजुमनों में

■ **55 सालों से चली आ रही परंपरा रहेगी जारी**

खलबली मच गई। अंजुमन बुस्ताने मदार, अंजुमन गुलामा रसूल और अंजुमन खुद्दामुल औलिया के लोग बरेली जाकर डीएम से जाकर मिले, और उनको इस संबंध में ज्ञापन दिया। तब तीनों अंजुमनों को नैनीताल रोड पर सड़क किनारे जलसे करने की अनुमति मिल गई है। अनुमति मिलने के बाद अंजुमन खुद्दामुल औलिया के हाफिज अनवार अहमद कादरी ने जलसों की परमीशन मिलने पर डीएम, एसडीएम, सीओ और प्रभारी निरीक्षक का शुक्रिया अदा किया।

अंजुमन बोस्ताने मदार, अंजुमन गुलामाने रसूल, अंजुमन खुद्दामे आलिया बहेड़ी के कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से एकत्र होकर जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया था, और बारावफात पर जलसा करने की जिलाधिकारी से अनुमति मांगी है, उन्होंने कहा कि पिछले 55 सालों से हम बहेड़ी में तीन अंजुमनें मिलकर जलसा ए मोहम्मदी करते आए है। वहीं 20 से ज्यादा अंजुमन जलूस निकालती चली आ रही हैं, और इस बार भी हमें बारावफात के मौके पर जलसे करने की अनुमति दी जाए।

# देवहा नदी उफान पर, एसडीएम और तहसीलदार ने देखा हाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** भदपुरा ब्लॉक के गांवों अमीरनगर गुलडहाई, जरपा मोहनपुर एक बार फिर बाढ़ की विपदा से झूझने को लेकर खासे चिंतित नजर आ रहे हैं। क्षेत्र से निकली देवहा नदी के उफान पर होने की सूचना पर मंगलवार रात एसडीएम ने तहसीलदार के साथ गांवों का दौरा कर हाल जाना।

उफान पर चल रही देवहा नदी से विकास क्षेत्र भदपुरा के कई गांव इसकी चपेट आ जाते हैं। मंगलवार को एसडीएम उदित पवार, तहस. ीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह राजस्व कर्मियों के साथ आमीननगर, गुलडहाई गांव पहुंचे और बाढ़ का हाल जाना। उन्होंने ग्रामीणों से ऊंचे स्थानों पर जाने और सतर्क रहने की अपील भी की।



तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने बताया कि बाढ़ का पानी अभी आबादी से काफी दूरी पर है, लेकिन फिर भी उन्होंने कुछ ग्रामीणों को दूसरे स्थानों पर शिफ्ट करने के लिए स्थानों को चिन्हित किया है, जैसे ही बाढ़ का पानी गांव तक पहुंचेगा उन्हें दूसरे स्थानों पर शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने को कहा है, साथ ही राजस्व कर्मियों को भी इन ग्रामों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

## एक नजर

# खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में लगी आग

शाह टाइम्स संवाददाता

**पुलिस की सर्तकता से टला हादसा**

**शीशगढ़।** खाना बनाते समय गैस सिलेंडर लीकेज होने से भड़की आग से हड़कंप मच गया। पुलिस की सतर्कता से बड़ा हादसा टला। पुलिस ने घण्टे भर की मशक्कत के बाद रेत डालकर आग पर काबू पाया। तब कहीं परिजनों ने राहत की सांस ली।

बताते चलें कि आज मंगलवार को सुबह लगभग 11 बजे कस्बे के मोहल्ला जाटवान निवासी घनश्याम राजपूत की पत्नी गैस चूल्हे पर खाना बना रही थी। तभी अचानक भरे हुए सिलेंडर में गैस लीकेज होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। परिजनों ने भीगे कपड़े, बोरी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, मगर आग नहीं बुझी। किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने घर के पास से भीड़ को हटाकर घर से जानवरों व घरेलू सामान को सुरक्षित निकालकर अलग स्थान पर पहुंचा दिया। जलते गैस सिलेंडर पर रेत डालकर आग पर काबू पाया। तब कहीं परिजनों ने राहत की सांस ली। पुलिस की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया।

# ठगों ने युवा अधिवक्ता के खाते से उड़ाए 78 हजार रुपये

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** शातिर ठगों ने एक तहसील के एक युवा अधिवक्ता के बैंक खाते से 78 हजार रुपए उड़ा दिए। खास बात यह है कि अधिवक्ता ने अपने बैंक खाते पर न तो एटीएम कार्ड ही जारी कराया, और न ही किसी को कोई ओटीपी ही बताई। जब वह मंगलवार को अपने बैंक खाते से रुपये निकालने गए तो उन्हें इसकी जानकारी हुई। अधिवक्ता ने साइबर क्राइम के टोल फ्री नम्बर पर घटना की शिकायत दर्ज करायी है।

नवाबगंज क्षेत्र के गांव ईंधजागीर के युवा अधिवक्ता चंद्रशेखर गंगवार अपने परिवार के साथ रहते हैं। वह तहसील में विधि व्यवसाय करते हैं। बीते दिनों हुए एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव में वह सचिव पद पर चुनाव भी लड़े थे, लेकिन वह काफी कम मतों से चनाव हार गए थे। नगर नवाबगंज के बाईपास स्थित बैंक आफ बड़ौदा की शाखा में उनका खाता है, उनके बैंक खाते में 78 हजार रुपय जमा थे। ठगों ने किसी तरह उनके बैंक खाते से 78 हजार रुपये उड़ा दिए। मंगलवार को जब वह अपने खाते से रुपए निकालने गए तो उन्हें इसकी जानकारी हुई। रुपए निकाले जाने की जानकारी मिलते ही उनके होश उड़ गए। बैंक कर्मियों से उन्होंने जानकारी की तो पता चला कि यूपीआई से दो बार में उनके खाते से रुपय निकाले गए हैं। वहीं अधिवक्ता चंद्रशेखर गंगवार का कहना है कि उन्होंने अपने बैंक खाते पर न तो कोई एटीएम कार्ड जारी कराया है, और न ही कोई क्रेडिट कार्ड जारी कराया है। उन्होंने साइबर क्राइम में रुपए निकाले जाने की शिकायत दर्ज कराई है।

# होटल पर चाय पीने आए युवकों ने किया संचालक को मारपीट कर घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** सोमवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा के पास मौजूद एक होटल पर चाय पीनें के बहाने से आए कार सवार पांच लोगों ने होटल संचालक को हॉकी व लोहे की रॉड से घायल कर दिया।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मेडिकल के लिए भेजा है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव जगतपुर काशीराम निवासी नरेन्द्र सिंह की टोल टैक्स के पास राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे शगुन टी स्टाल के नाम से होटल है। पीड़ित के मुता. बिक सोमवार देर रात करीब 11 बजे कार सवार पांच लोग अचानक होटल पर आए।चाय बनाने का आर्डर दिया। होटल संचालक नरेन्द्र सिंह चाय बनाने को जैसे ही उठे कार सवार पांचों लोगों ने लाठी डंडों,हॉकी,लोहे की रॉड से उनके ऊपर हमला कर दिया।जब नरेन्द्र सिंह बेसुध हो गए।

तभी पांचों युवक भाग गए।आसपास के होटल संचालक ,दुकानदारों ने नरेंद्र सिंह को उठाया।हमले से उनका सिर फट गया,शरीर पर भी काफी चोटें आई।पीड़ित नरेन्द्र सिंह की शिकायत पर पुलिस ने पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ जान लेवा हमले की रिपोर्ट लिखकर पीड़ित को मेडिकल के लिए भेज दिया है।थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार ने बताया कि पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# ईद मिलादुन्नबी एवं दशहरे पर विशेष सफाई के निर्देश

■ **गंदगी मिलने पर सफाई नायकों पर होगी कार्यवाही**

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** ईद मिलादुन्नबी एवं दशहरे के पर्व पर कस्बे में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश चेयरमैन नीलोफर ने जारी किए हैं। किसी भी स्थान पर गंदगी मिली तो सफाई नायक जिम्मेदार होंगे।

चेयरमैन नीलोफर ने बताया कि कस्बे के सभी 15 वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाने एवं चोक नालों की सफाई कराने के दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। सफाई कर्मियों से काम कराने की जिम्मेदारी सफाई नायकों को दी गई है और वह स्वयं भी सभी वार्डों की मॉनिटरिंग करेंगी। बिना किसी भेदभाव के सफाई व्यवस्था कराई जाएगी, ताकि ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में अकीदतमंदों को कोई परेशानी न हो। कहीं भी गंदगी मिली तो सीधे कार्यवाही तय है। चेयरमैन नीलोफर ने सभी अकीदतमंदों से अपील की है कि वह तय मार्गो से ही जुलूस निकालें तथा



पुलिस प्रशासन का सहयोग करे आपसी भाई चारा बनाए रखें ।

### नगर पंचायत कार्यालय पर होगा जुलूसे मोहम्मदी का स्वागत

हर साल की तरह इस साल भी नगर पंचायत कार्यालय पर जुलूस के इस्तकबाल का विशेष इंतजाम की व्यवस्था की गई है। अकीदतमंदों के लिए विशेष तरीके से चाय नाशते की व्यवस्था की गई है। चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी गुड्डू अपनी टीम के साथ जुलूस में शामिल अकीदतमंदों का इस्तकबाल करेंगे। जुलूस में शामिल सभी अंजुमनों के सदर को नगर पंचायत कार्यालय पर इस्तकबाल के लिए चेयरमैन नीलोफर ने निमंत्रण भी भेजा है।

### जुलूस के लिए सड़कों के गड्ढे भरने का कार्य शुरू

जुलूस में शामिल अकीदतमंदों को कोई परेशानी न हो इसके लिए सड़कों पर गड्ढे भरने का कार्य शुरू कर दिया गया है। नगरपंचायत प्रशासन द्वारा अपने स्तर से ट्रैक्टर ट्राली में भरकर राविश, टुकड़ा डालने का काम तेजी से किया जा रहा है। जिन स्थानों पर गड्ढे है उनको पहले से ही चिन्हित करके कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। साथ ही सभी मस्जिदों में सजावट का काम भी अभी से शुरू कर दिया गया है। अंजुमन के पदाधिकारी अपनी अपनी मस्जिदों को सजाने के लगे हुए हैं। इस बार की सजावट काबिले तारीफ होगी ऐसी संभावना दिख रही है।

# आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर जला

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** पिछले तीन दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश से जहां गर्मी में राहत मिली, वहीं आज क्षेत्र के गांव समूहा में आकाशीय बिजली गिरने से गांव में लगा ट्रांसफार्मर जल गया। इसके साथ ही बारिश से कस्बे में जगह-जगह जलभराव हो जाने से नागरिकों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर क्षेत्र से निकली पनघेली नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

ग्राम समूहा में लगा ट्रांसफार्मर आकाशीय बिजली गिरने से जल गया, जिससे गांव में अंधेरा छा गया है। ग्राम के छेदालाल, दुर्गा प्रसाद, बनवारी लाल, पुष्पेन्द्र, चंद्रभान, भूपराम, अनिल, हसमत खां आदि ने विजली विभाग से तत्काल ही ट्रांसफार्मर को बदले जाने की मांग की है। इसके साथ ही कस्बे से सटकर निकली पनघेली नदी का जलस्तर बढ़ जाने से आसपास रहने वाले लोगों के सामने आने जाने की दिक्कत खड़ी हो गई है।

# रामलीला मेला आयोजित कराने को लेकर फिर छिड़ी रार

■ **दो दो दावेदारों में से सेना ने किसी को नहीं दी अनुमति**

शाह टाइम्स संवाददाता
( जफरुद्दीन मंसूरी )

**नवाबगंज।** पिछले कई दशकों से सेना के ग्राउंड पर लगता आ रहा रामलीला मेला इस बार फिर दो दावेदारों के बीच फंसकर रह गया है। सेना ने तहसील प्रशासन को पत्र जारी कर रिपोर्ट मांगी है।

कस्बे में तीन सप्ताह तक चलने वाले इस रामलीला मेला को आयोजित करने के लिए पिछले कुछ सालों से ग्राम पंचायत ईंधजागीर द्वारा भूमि को अपने ईंधजागीर के क्षेत्र में बताते हुए मेला आयोजित करने के लिए रक्षा संपदा विभाग में अपना दावा किया था, लेकिन आखिरी समय में मेला आयोजित कराए जाने की अनुमति अभी तक मेला लगवाती चली आ रही रामलीला सोसायटी के हाथ लगी।

मेले का आयोजन कराए जाने का मामला उच्च न्यायालय तक जा पहुंचा था। बीते साल भी मेला आयोजित किए जाने को लेकर दो धड़ों में काफी खींचतान मची थी, जिसके चलते अंतिम समय में मेला रामलील सोसायटी द्वारा कराया गया था।

इस वर्ष भी रामलीला सोसायटी ने 17 अगस्त से 6 अक्टूबर तक मेला आयोजित करने की अनुमति रक्षा संपदा विभाग (सेना) से मांगी है, जबकि दूसरे खेमा राम चरित मानस सेवा समिति ने 16 अगस्त से 9 तक मेला आयोजित किए जाने की अनुमति मांगी है।

दो दो धड़ों द्वारा मेला आयोजित कराए जाने की सेना से अनुमति मांगे जाने पर विभाग ने एक पत्र एसडीएम को भेजकर भूमि की सुरक्षा दृष्टि कोण से देखते हुए स्पष्ट रिपोर्ट देने का अनुरोध किया है।

राम चरित मानस सेवा समिति के अध्यक्ष नानक चन्द शर्मा ने बताया कि उन्होंने मंगलवार को शपथ पत्र के साथ अपना जबाव तहसील प्रशासन को दे दिया है।

इस मामले में रामलीला सोसायटी के अध्यक्ष रवींद्र पाल सिंह गंगवार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें 10 अगस्त तक सेना से अनुमति मिल जाएगी, उसके बाद मेले का कार्यक्रम घोषित किया जाएगा।

दूसरी ओर तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने बताया कि अभी तक इस मामले में वह सेना द्वारा भेजे गए पत्र को नहीं देख सके हैं देखने के बाद ही कुछ कह पाएंगे।

कुल मिलाकर देखा जाए तो मेला क्षेत्र के इस मशहूर मेले के आयोजन को लेकर छिड़ी रार कहां जाकर रुकती है कुछ कहा नहीं जा सकता है, फिलहाल दोनों धड़े अपनी अपनी जोर आजमा. इश में लगे हुए हैं।

# लोकनिर्माण विभाग के पुलिया निर्माण न कराने से कस्बे में जलभराव, सड़क बनी तालाब

■ **पुलिया निर्माण को नगरपंचायत ने लोक निर्माण विभाग से मांगा अनापत्ति प्रमाण**

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** लोकनिर्माण विभाग द्वारा कस्बे के दो स्थानों पर पिछले एक दशक से छोटी पुलियों का निर्माण न कराए जाने से कस्बे के कई मोहल्लों में जलभराव होने के कारण स्थिति अत्यंत गंभीर होती जा रही है। ग्रामीणों के घरों में भी पानी पहुंचने लगा है।

बताते चलें कि कस्बे के मोहल्ला बरेली बस अड्डे के निकट शास्त्री अस्पताल व एक स्कूल के निकट लोकनिर्माण विभाग द्वारा एक दशक पूर्व दो छोटी पुलियों का निर्माण कराया था। उस समय सड़कें नीची होती थी, अब वर्तमान में सड़कों को ऊंचा करके बना दिएजाने से पानी पुलिया के ऊपर से गुजरकर ग्रामीणों के घरों में पहुंचने लगा है। शास्त्री अस्पताल के निकट एवं नगर पंचायत कार्यालय के निकट पूरी सड़क पर पानी भर जाने से सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है, जिस कारण राहगीरों खासकर अस्पताल जाने वाले मरीजों के लिए अत्यंत गंभीर समस्या पैदा हो गई है। चेयरमैन नीलोफर द्वारा लोक निर्माण विभाग से कई बार शिकायतें किए जाने के बाद भी विभागीय कर्मचारी चुप्पी साधे बैठे हैं। ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### चेयरमैन ने लोक निर्माण विभाग से मांगा अनापत्ति प्रमाण

लोक निर्माण विभाग द्वारा पुलिया निर्माण न कराए जाने से नाराज चेयरमैन नीलोफर ने नगर पंचायत के फंड से पुलिया निर्माण कराने का निर्णय लिया है। इस कार्य के लिए चेयरमैन नीलोफर ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर पुलिया निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण मांगा है, ताकि पुलिया का निर्माण जल्द हो सके।

पुलिया का निर्माण लोक निर्माण विभाग को कराना चाहिए। पहले भी लोक निर्माण विभाग ने ही कराया था, लेकिन लोक निर्माण विभाग सुनने को तैयार नहीं है। हमें कस्बे के लोगों की चिंता है। कस्बे के लोगों को जलभराव से बचाना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए पुलिया निर्माण हमने नगर पंचायत के फंड से कराने का निर्णय लिया है। इस कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग का अनापत्ति प्रमाण जरूरी जितनी जल्दी अनापत्ति प्रमाण मिल जाएगा, उतनी ही जल्दी निर्माण शुरू करा दिया जाएगा।

**नीलोफर, चेयरमैन, नगर पंचायत शीशगढ़**

# सात दिवसीय पूजा अर्चना के बाद गणपति विसर्जन किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** नगर के सुदामा मन्दिर स्थित भगवान गणेश जी की सात दिवसीय पूजा अर्चना के पश्चात रामगंगा बरेली में विसर्जित किया गया। इससे पूर्व प्रतिदिन सुबह शाम पूजा अर्चना, कीर्तन हुआ व अंतिम दिन यज्ञ किया गया।



शिव शक्ति ग्रुप के सौजन्य से गणपति बाप्पा मोरया के उद्घोष के साथ शोभायात्रा निकालकर प्रसाद वितरण किया गया। नगर के अनेक परिवार के लोग भी अपने-अपने गणपति लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए।

यात्रा में विशेष रूप से अविनाश मिश्रा, उमाकांत जोशी, अभिषेक देवल, लेखराज मौर्य, बबलू सैनी, राजेन्द्र कश्यप, गुड्डू कश्यप, राजा रस्तोगी, संजीव सक्सेना, नैतिक जोशी, अजय गुप्ता, अनुरोध शर्मा, मुनीष जोशी, कमल शर्मा, अनुभव शर्मा, मनीष जोशी, विक्रांत जोशी, सतेन्द्र जोशी, रमेश गुप्ता, गणेश प्रसाद, पंडित सुबोध शास्त्री, संजीव सागर, सतीश कश्यप, ज्ञान सिंह यादव, संदीप सागर, अजय मौर्या, कढ़ेराम मौर्य, सत्यपाल यादव आदि भक्त उपस्थित रहे।

# शरीयत के दायरे में निकालें ईद मिलादुन्नबी का जुलूसः फरमान मियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** इस्लामी इतिहास का अहम महीना 1500 वां ईद मिलादुन्नबी इस बार बड़ी शानो-शौकत और रिवायती अंदाज में मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के पुराने और नए इलाकों में खूबसूरत सजावट की गई है। अंजुमनों के साथ-साथ जमात रजा-ए-मुस्तफा के पदाधिकारी भी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभायेंगे। जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान फरमान मियाँ ने देशवासियों को ईद मिलादुन्नबी की दिली मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि यह दिन हमारे लिए रहमतों और बरकतों से भरा हुआ है। उन्होंने जुलूस में आने वाली सभी अंजुमनों से अपील की कि वह किसी तरह के हथियार लेकर नहीं आएं, किसी भी तरह के शोर शराबे के साथ अंजुमन जुलूस में शामिल न करें, और अपने निर्धारित रास्ते पर जुलूस को ले जाएं। पैगंबर ए इस्लाम की मोहब्बत में सभी लोग सादगी के साथ दुरूद शरीफ पढ़ते हुए जुलूस में शामिल हों, सभी लोग भाईचारे, अमन और मोहब्बत का पैगाम आम करें। उन्होंने बताया कि मथुरापुर जमियातुर रजा में अटा, बीबियापुर, तिलियापुर, खनागौटिया, बहेड़ी, मीरगंज, बंदिया, मथुरापुर, परधोली आदि गाँव के करीब 50 से ज़्यादा अंजुमनों को सम्मानित किया जाएगा। इस ऐतिहा. सिक 1500 वें ईद मिलादुन्नबी के मौके पर पुराने शहर और नए शहर दोनों जगह जमात रजा-ए-मुस्तफा के पदाधिकारी भी सक्रिय रहेंगे, ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। शहर की गलियां और चौक रोशनी से जगमग करेंगे। जगह-जगह महफिलें, नातिया कार्यक्रम और सजावट की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। जुलूस-ए-मोहम्मदी का आयोजन परंपरागत अंदाज में होगा। शहर की मस्जिदों और मदरसों में खास सजावट के साथ कुरआन ख्वानी और दुआ का आयोजन होगा। शहर पूरे उत्साह के साथ ष्या रसूल अल्लाहष के नारों और नात-ओ-कसीदों से माहौल रोशन होगा। ईद मिलादुन्नबी सिर्फ जश्न का नहीं, बल्कि एकता और इंसानियत का पैगाम देने का दिन है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे आपसी सौहार्द और मोहब्बत को बढ़ावा दें। 1500वां ईद मिलादुन्नबी इतिहास में यादगार साबित होगा, क्योंकि आयोजन न केवल आस्था बल्कि अनुशासन और भाईचारे की मिसाल पेश करेगा। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और प्रबंधन की पूरी तैयारी की जा रही है। यातायात व्यवस्था से लेकर जुलूस के रूट तक का नक्शा तय किया जा रहा है। जगह-जगह सहायता केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे, ताकि जुलूस मे शामिल लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

# बीएलओ घर-घर जाकर भली प्रकार सत्यापन के उपरांत ही किसी का नाम जोड़ें या काटेंः डीएम

■ **निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम में लगे बीएलओ एवं सुप. रवाइजर का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को त्रिस्तरीय सामान्य पंचायत निर्वाचन-2026 हेतु निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम में लगे बीएलओ एवं सुपरवाइजर का प्रशिक्षण व समीक्षा बैठक तहसील आंवला स्थित स्वर्ण पैलेस गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर डीएम ने कहा कि सभी बीएलओ गांव-गांव जाकर डोर टू डोर सर्वे उचित प्रकार से करें, जिससे वोटर लिस्ट सही बने, तथा तरह-तरह की भ्रांतियां न फैलें। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में जितने लोग हैं उनका शतप्रतिशत सत्यापन किया जाए, वोटर लिस्ट पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार का भेदभाव न किया जाए। बीएलओ घर-घर जाकर भली प्रकार सत्यापन के उपरांत ही किसी का नाम जोड़े या काटें। निर्वाचन प्रक्रिया में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसे पूरी ईमानदारी व गंभीरता के साथ निभाएं।



प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि ऐसे बीएलओ जो पुनरीक्षण कार्य हेतु सर्वाधिक ई-बीएलओ मोबाइल ऐप का प्रयोग करेंगे, उन बीएलओ को प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी, तथा मोबाइल ऐप से मतदाताओं की एंट्री करने वाले बीएलओ को सामान्य मानदेय के अतिरिक्त प्रोत्साहन भत्ता भी दिया जायेगा। जनपद में ऐसे सर्वोच्च 08 बीएलओ को अधिकतम मतदाता इन्ट्री हेतु ई-बीएलओ मोबाइल ऐप का प्रयोग करने पर निम्नानुसार प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की जायेगी, यथा- प्रथम प्रोत्साहन पुरस्कार रूपए 10000/-, द्वितीय प्रोत्साहन पुरस्कार रुपए 8000/-, तृतीय प्रोत्साहन पुरस्कार रुपए 6000/- एवं सांत्वना प्रोत्साहन धनराशि (05 बी0एल0ओ0 को) रुपए 3000/- प्रदान की जाएगी।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने कहा कि समस्त बीएलओ निष्ठा पूर्वक कार्य करें, और आगामी 29 सितम्बर 2025 तक घर-घर जाकर फार्म 11 पर सूचनाएं एकत्रित कर सम्बन्धित तहसील कार्यालय में एक प्रति अवश्य जमा करें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार समस्त बीएलओ के मोबाइल पर ई-बीएलओ मोबाइल ऐप पर अपना रजिस्ट्रेशन करा लें, घर-घर जाकर गणना कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी आंवला विदुषी सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, बीएलओ उपस्थित रहे।

# किच्छा नदी का जलस्तर बढ़ा, ग्रामीणों में दहशत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** नरायन नगला में किच्छा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे नदी किनारे बसे गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। प्रशासन ने ग्रामीणों को अलर्ट कर दिया है, और नदी के पास न जाने की हिदायत दी है।

पिछले दो दिनों से उत्तराखण्ड के पहाड़ों पर हो रही मूसलाधार बारिश के कारण किच्छा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। बांध से पानी छोड़े जाने के कारण नदी का जलस्तर और भी बढ़ गया है, जिससे नदी किनारे बसे गांवों में पानी भर गया है।

नदी के आसपास बसे गांव के चारों तरफ जलभराव हो गया है, जिससे ग्रामीण दहशत में आ गए हैं।



नदी किनारे बसे गांव हरहरपुर, लक्ष्मीपुर, रजपुरा, नारायण नगला, धमीपुर, इटौआधुरा आदि गांव में दहशत का माहौल है।

प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, और ग्रामीणों को नदी के पास न जाने की हिदायत दी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें।

एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशासन बराबर नजर बनाए हुए है, नदी किनारे बसे गांव के लोगों को सावधानी बरतने को कहा गया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत लखनपुर विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लखनपुर विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा/15वां वित्त आयोग (अनटाइड/टाइड फण्ड) की धनराशि से ग्राम पंचायत में समुदाय के लिए खाद्यान्न भण्डारण निर्माण कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु सीमेंट, बजरफुट, ईंट की रोड़ी, बजरी, बारीक रेता, प्रथम श्रेणी की ईंट, मिट्टी, पन्नी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-05.09.2025 को समय 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-06.09.2025 को समय दोपहर 2:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | ग्राम पंचायत में समुदाय के लिए खाद्यान्न भण्डारण भवन निर्माण | 8.93 लाख |

**रघुवीर सिंह** (प्रधान) **मो. फईम** (सचिव)



**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।



**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# डीएम और एसपी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मंडी सचिव, पूर्ति निरीक्षक मिलक, बीडीओ मिलक के साथ ही विद्युत विभाग के आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के समय से निस्तारित न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए त्वरित निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों को गंभीरता से लें और समयबद्धता के साथ उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए और अधिकारी सभी शिकायतकर्ताओं से संपर्क स्थापित करते हुए उनका फीडबैक अवश्य लें और इसका रिकॉर्ड भी व्यवस्थित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण मा. मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए अधिकारीगण निर्धारित समय से कार्यालय में उपस्थित रहकर जन समस्याएं सुनें और शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लाप.



रवाही न बरतें और न ही गलत निस्तारण करायें। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल सहित अन्य विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में कोई प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं आना चाहिए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों से रैंकिंग मॉड्यूल में हुए बदलाव को भली-भांति समझने और शिकायत निस्तारण की कार्यवाही को त्वरित गति से करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि गंभीर प्रकरणों में निस्तारण के लिए मौके पर पहुंचना जरूरी है। अधिकारी मौके पर जाकर शिकायत का समाधान करायें और शिकायतकर्ता को भी इस संबंध में अवश्य सूचित करें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि. एवं रा.) संदीप कुमार वर्मा, सीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश सहित समस्त उपजिलाधिकारी व जनपद स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पट्टी कला कोसी नदी पर गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान तैनात रहेगा पुलिस बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** पट्टी कला स्थित कोसी नदी मंदिर पर गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हादसा रोकने के लिए पुलिस बल तैनात हो गया है। गत वर्ष गणेश प्रतिमा विसर्जन करने आए उत्तराखंड के तीन युवक कोसी नदी में बह गए थे जिसमें एक की लाश बरामद हो गई थी।

पट्टी कला कोसी नदी स्थित गणेश प्रतिमा विसर्जन करने का दौर शुरू हो गया है कोसी नदी में अत्यधिक जल स्तर बढ़ जाने से विसर्जन के दौरान हादसे की आशंका बनी रहती है हादसे से बचने के लिए पुलिस ने विसर्जन के लिए अलग स्थान निर्धारित किया है जिसका मुआयना क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे भी कर चुके हैं।



विसर्जन के दौरान कोसी नदी पर मसवासी पुलिस बल तैनात रहेगा। पुलिस ने मंगलवार से ड्यूटी सुनिश्चित कर दी है और कोसी नदी पर प्रतिमा विसर्जन करने के लिए आने वाले लोगों को कोसी नदी के किनारे से ही विसर्जन करने की हिदायत की जा रही है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया की कोसी नदी में मसवासी क्षेत्र समेत उत्तराखंड के तमाम लोग गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए यहां पहुंचते हैं।

गौरतलब है कि गत वर्ष काशीपुर इलाके से गणेश प्रतिमा विसर्जन करना आए तीन युवक कोसी नदी में बह गए थे जिसमें एक युवक की लाश कुछ दिनों बाद स्वार क्षेत्र के इलाके से बरामद की गई थी।

# दशलक्षण महापर्व का छठा दिन श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया उत्तम संयम दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जैन समाज का महापर्व दशलक्षण पर्व नगर में श्रद्धा और आस्था की गंगा बहा रहा है। मंगलवार को पर्व का छठा दिन उत्तम संयम दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर फूटा महल तथा श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर शौकत अली रोड पर दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों और कार्यक्रमों की छटा बिखरी रही।

सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लग गया। भक्तों ने भगवान की भक्ति में लीन होकर पूजा-अर्चना की और आत्मशुद्धि एवं आंतरिक पवित्रता का संकल्प लिया। पूरे वातावरण में भक्ति रस और आध्यात्मिकता की गूंज सुनाई दी।



शाम के समय आयोजित धर्मसभा में इंदौर और मथुरा से पधारे विद्वानों ने उत्तम संयम धर्म का महत्व समझाया। ब्रह्मचारिणी बबीता एवं ब्रह्मचारिणी प्रज्ञा दीदी (इंदौर) ने कहा कि संयम ही जीवन का आभूषण है। यदि मनुष्य इंद्रियों पर नियंत्रण कर ले तो जीवन में शांति और सच्चा सुख स्वत: आ जाता है। संयम हमें भोगों की क्षणभंगुरता से निकालकर आत्मकल्याण की राह दिखाता है। शास्त्री अंकित जैन (मथुरा) ने प्रवचन में कहा कि संयम धर्म आत्मा की महान साधना है। जिस प्रकार बिना नियंत्रण के रथ लक्ष्य तक नहीं पहुँच सकता, वैसे ही बिना संयम के जीवन का मार्ग भटक जाता है। संयम अपनाने से ही मनुष्य अपने भीतर छिपी दिव्यता को पहचान सकता है। प्रवचनों के उपरांत मंदिरों में सामूहिक आरती की गई। दीपों की झिलमिलाहट और भजनों की गूंज से वातावरण और भी पावन हो उठा। आरती के बाद बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगा. रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सबका मन मोह लिया। नृत्य, भजन और धार्मिक गीतों ने वातावरण को भक्ति-रस से भर दिया। वहीं, आयोजित प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया। इस प्रकार दशलक्षण पर्व का छठा दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ और श्रद्धालु अगले दिन की धार्मिक झांकी के लिए उत्साहित नजर आए।

# संयुक्त आयुक्त उद्योग ने मण्डलायुक्त के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को संयुक्त आयुक्त उद्योग द्वारा एक मीटिंग कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह के साथ आयोजित की गई। मीटिंग में अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ से उत्पन्न स्थिति एवं अन्य औद्योगिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मीटिंग का उद्देश्य भारत सरकार एवम प्रदेश सरकार से क्या राहत उद्यमियों को दी जा सकती है इस पर सुझाव उद्यमियों ,निर्यातकों से मांगे गए। आई आई ए रामपुर चौप्टर के चेयरमैन श्रीष गुप्ता के नेतृत्व में निर्यातकों की समस्याओं को विस्तार से रखा , मीटिंग में रामपुर के निर्यातक अरविंद नंदा ने जी एस टी में एच एस एन कोड़ सिंथेटिक ओर नेचुरल मेंथॉल के लिए अलग अलग बना दिये गए है परंतु डव्लू सी ओ में सम्मिलित नही किया गया। जी एस टी की दरें अभी तक अलग-अलग नही की गई



इंटरेस्ट सबमेंशन जोकि एम एस एम इ निर्यातकों के लिए मिलता था वो अब नही मिल रहा है।

उद्यमी अमृत कपूर ने भी अन्य सुविधाएं टैक्स मे, इंटरेस्ट में, रोड टेप आदि सुविधाएं निर्यातकों को देने की मांग की जिससे कि इस समस्या का सामना किया जा सके।

निर्यातक संचित गुप्ता ने अमेरिका के निर्यात पर अतिरिक्त इंसेंटिव,ई सी जी सी कवरेज सब्सिडरी,भाड़े आदि में छूट,पी एल आई स्कीम का लाभ आदि देने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। आई आई ए के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने इस समय टैरिफ की समस्या के बीच अन्य सरकारी विभागों द्वारा सर्वे छापों, सरकारी धन की डिमांड का दवाब, म्युनिसिपल टैक्स आदि के दवाब को न बनाने के निर्देश कमिश्नर से जारी करने का आग्रह किया। मंडल में उद्यमियों को कम बिजली आपूर्ति का मुद्दा उठाया ,इसके अलावा बड़ी इंडस्ट्री की भूमि के बीच गूल आदि की सरकारी भूमि के बदले बजाय उसी गांव के जिले में कही भी भूमि देने की सुविधा देने का विषय रखा ।

बैंकों द्वारा निर्यातकों पर लोन वापस करने का अनावश्यक दवाब बनाया जा रहा है उस पर भी निर्देश जारी करने का प्रस्ताव रखा।

मंडल आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने सभी सुझाव ध्यान पूर्वक सुने ओर आवश्यक निर्देश जारी करने के निर्देश दिए और कहा कि सारे सुझाव सरकार को भेजे जाएंगे और यथा सम्भव सहायता दिलवाने के प्रयास किये जायेंगे। मीटिंग में मंडल के सभी जिलों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मीटिंग में आई आई ए के डिवीजनल चेयरमैन विकास अग्रवाल ने पूरे मंडल की सभी औद्योगिक समस्याओं को विस्तार से रखा एवं कांवर के दिनों में पूरी इंडस्ट्री लगभग बंद रहने का मुद्दा उठाया।

# हम एकता मंच ने मुफ्ती महबूब साहब के लिए दुआ ए मगफिरत की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** हम एकता मंच की एक अहम मीटिंग मोहल्ला सतून ए संग स्थित राष्ट्रीय सलाहकार मास्टर जुबैर साहब के मकान पर हुई। जिसमें मुफ्ती महबूब के लिए दुआ ए मगफिरत की गई।

मुफ्ती साहब को याद करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफीक खघं ने कहा कि मौलवी महबूब साहब एक नेक मुखलिस ईमानदार इंसान थे। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी कौम की भलाई में लगा दी। वो एक सच्चे मोमिन थे अल्लाह उनकी मगफिरत फरमाए और जन्नत में आला मुकघम अता। राष्ट्रीय महासचिव मास्टर फिरोज खघन ने कहा कि मुफ्ती महबूब साहब एक सच्चे और



मुसलमान होने के साथ बहुत ही नेक, खुघुश अखलाक इंसान थे। वो इंसा. नियत के पैरोकार थे। इसीलिए गैर मुस्लिम भी उनकी बहुत इज्जत करते थे। अल्लाह उनकी मगफिरत फरमाए। और बाकघी लोगों को भी नेक, मुखलिस, ईमानदार,बा अखलाक और सच्चा मुसलमान बनाए। मास्टर जुबैर साहब ने मुफ्ती महबूब साहब के लिए दुआ ए मगफिरत कराई। इस मौके पर शहर सदर नादिर खघं बबलू, हबीब खघंघ मेम्बर और मौहम्मद नाजिम साहब मौजूद रहे।

# स्वार के खण्ड शिक्षा अधिकारी फोटो लाल होंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सोमवार शिक्षा विभाग में जिले में हुआ फेरबदल खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना का ट्रांसफर स्वार से सैदनगर ब्लाक कर दिया गया जबकि अब स्वार का कार्यभार फोटो लाल को खण्ड शिक्षा अधिकारी बनाया गया है।

# बाइकों की टक्कर में पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** बिलासपुर रोड पेट्रोल पंप के निकट दो बाइकों की टक्कर हो गई जिसमें महिला सहित पांच लोग घायल हो गए।

घायलों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया रफीकन निवासी ग्राम वार्ड नंबर 17 खेड़ा थाना रुद्रपुर उधम सिंह नगर नत्थू अली निवासी ग्राम वार्ड नंबर 17 खेड़ा थाना रुद्रपुर उधम सिंह नगर शाहिद निवासी ग्राम खमरिया थाना मिलक जनपद रामपुर यह अपने रिश्तेदारों को बाइक से रुद्रपुर छोड़ने जा रहा था।

सोमपाल निवासी ग्राम सिरसा थाना मिलक जनपद रामपुर बृजेश निवासी ग्राम सिरसा दोनों अपनी बाइक से मिलक से अपने गांव सिरसा को जा रहे थे। इन दोनों बाइकों की टक्कर हो गई जिसमें यह लोग घायल हो गए घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# डीएम और एसपी ने किया जल निकासी व्यवस्था और सौंदर्यीकरण के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में प्रशासन स्तर से कराये जा रहे विकास कार्यों, जल निकासी व्यवस्था और सौंदर्यीकरण के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के साथ स्टार चौराहा, पनवड़िया, सिविल लाइंस रोड सहित शहर के अन्य स्थानों का भ्रमण किया।

उन्होंने स्टार चौराहा और पनवड़िया चौराहा का निरीक्षण कर वर्षा जल निकासी की स्थिति को देखा और कचहरी के सामने जल भराव की समस्या के समाधान के लिए नाला निर्माण हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने पनवड़िया पुल के दाहिनी ओर जल भराव से हो रही



असुविधा को देखते हुए इंटरलॉकिंग व नाला निर्माण कराए जाने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दिए।

उन्होंने सिविल लाइंस रोड के किनारे समुचित प्रकाश व्यवस्था के लिए चिन्हित स्थानों पर लाइट लगाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने सीआरपीएफ स्थित दांडी पार्क के पास निर्माणाधीन फोकस वॉल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने शहर के अन्य मुख्य मार्गों पर भी फोकस वॉल निर्माण कराये जाने के निर्देश अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद को दिये।

# अब्दुल खलील खां जिलाध्यक्ष, सज्जन खां संरक्षक, अजय सागर बने जिला मंत्री

■ **उत्तर प्रदेश बिजली मजदूर संगठन ने रामपुर की नई जिला कमेटी की घोषणा की, महामंत्री सुहैल आबिद ने सौपा मनोनयन पत्र**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश बिजली मजदूर संगठन के लखनऊ स्थित कार्यालय से रामपुर जिला कमेटी का ऐलान किया गया। इस अवसर पर संगठन के महामंत्री सुहैल आबिद ने औपचारिक रूप से मनोनयन पत्र सौंपे। नई जिला कमेटी के गठन के बाद बिजली मजदूरों में नए उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला।

घोषित सूची में वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी अब्दुल खलील खाँ को जिलाध्यक्ष, पूर्व अवर अभियंता एवं प्रदेश स्तरीय नेता सज्जन खाँ को संरक्षक और तेजतर्रार बिजली कर्मचारी नेता अजय सागर को जिला मंत्री मनोनीत किया गया। इनके अलावा आदिल खाँ को कार्यवाहक अध्यक्ष, राहुल ग्रिफ्फिन को उपाध्यक्ष, ममता सिंह को अति मंत्री और नरेश कुमार को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया।

अब्दुल खलील खाँ, स्वर्गीय अब्दुल गफ्फार खाँ के सुपुत्र हैं। अब्दुल गफ्फार खाँ उत्तर प्रदेश बिजली मजदूर संगठन के धाकड़ नेताओं में शुमार रहे। उन्होंने मजदूरों के हक और सम्मान के लिए जीवनभर संघर्ष किया और संगठन को नई पहचान दी। उनका जीवन बिजली मजदूरों की बेहतरी और अधिकारों के लिए समर्पित रहा। उन्हीं की राह पर अब



उनके पुत्र अब्दुल खलील खाँ संगठन की बागडोर संभालते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

सज्जन खाँ, जो संगठन में संरक्षक बनाए गए हैं, अपने समय के धाकड़ नेताओं में गिने जाते हैं। पूर्व अवर अभियंता रहते हुए भी उन्होंने मजदूरों के हितों के लिए हमेशा आवाज बुलंद की और संघर्षों में सक्रिय भूमिका



निभाई। अब संगठन ने उन्हें संरक्षक की जिम्मेदारी देकर मजदूरों की एकता और मार्गदर्शन को और मजबूत किया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर जिलाध्यक्ष अब्दुल खलील खाँ ने कहा कि संगठन ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए मैं अपनी पूरी ताकत झोंक दूंगा। बिजली मजदूरों के अधिकारों और



समस्याओं के समाधान के लिए मैं हर स्तर पर संघर्ष करूंगा। मेरे पिता स्वर्गीय अब्दुल गफ्फार खाँ और हमारे वरिष्ठ साथी सज्जन खाँ ने जो राह दिखाई है, उसी पर चलना मेरा ध्येय होगा। संरक्षक सज्जन खाँ ने कहा कि बिजली मजदूरों की असली ताकत उनकी एकता है। अब्दुल गफ्फार खाँ मेरे पुराने साथी थे, जिनके साथ मिलकर हमने मजदूरों की लड़ाई लड़ी। आज संगठन की नई पीढ़ी उस संघर्ष को आगे बढ़ा रही है, यह गर्व की बात है। नई कमेटी मजदूरों की आवाज को और बुलंद करेगी।

नव नियुक्त जिला मंत्री अजय सागर ने कहा कि मैं दलित समाज से आता हूँ और मजदूर वर्ग की कठिनाइयों को नजदीक से समझता हूँ। संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा और जोश के साथ निभाऊंगा।

मजदूरों की आवाज को मजबूती देने के लिए हर स्तर पर सक्रिय रहूंगा। नई कमेटी के गठन के बाद बिजली मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह और विश्वास की नई लहर दौड़ गई है। मजदूरों का कहना है कि नई टीम संघर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए संगठन को और मजबूत करेगी।

# 1 नफर वारंटी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई ।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रविवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1वारंटी सारूख पुत्र मो उमर निवासी मो0रसूलपुर को उसके मस्कन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0सुग्रीव सिंह ,का0मो0 संदीप कुमार, रिंकू कुमार आदि मौजूद रहे।

# ईद-ए-मिलाद (बारावफात) को लेकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी ने लगाई अधिकारियों की मजिस्ट्रेट ड्यूटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ईद-ए-मिलाद (बारावफात) के पर्व के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में लगाई गई है।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा. नितिन मदान ने समस्त तैनात मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि अपने-अपने थाना क्षेत्र के अन्तर्गत निर्धारित समयावधि में निकलने वाले जुलूस/होने वाले जलसों को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु आदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि थाना सिविल लाइन्स में तहसीलदार सदर कृष्ण कुमार चौरसिया, कोतवाली में चकबन्दी अधिकारी आदित्य कुमार, गंज में अधिशासी अभियन्ता जल निगम देवेन्द्र कुमार, टाण्डा में सहायक आयुक्त/सहायक निबन्धक सहकारिता गणेश गुप्ता, अजीमनगर में खण्ड विकास अधिकारी सैदनगर प्रदीप चौधरी, मिलक खानम में अधिशासी अभियन्ता नलकूप विकास दिवाकर, बिलासपुर में तहस. ीलदार बिलासपुर शिव कुमार शर्मा, खजुरिया में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत, केमरी में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत नीरज रस्तोगी, भोट में खण्ड विकास अधिकारी बिलासपुर पीयूश वर्मा, मिलक में तहसीलदार न्यायिक अवनीन्द्र कुमार शुक्ल, शहजादनगर में खण्ड विकास अधिकारी मिलक राजेश कुमार चौधरी, पटवाई में चकबन्दी अधिकारी बिलासपुर चरण सिंह विमल, शाहबाद में तहसीलदार शाहबाद अमित कुमार सिंह, सैफनी में खण्ड विकास अधिकारी शाहबाद धीरेन्द्र पाल चौहान एवं महिला थाना में जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्य की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि समस्त मजिस्ट्रेट अपने-अपने सम्पूर्ण थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कानून-व्यवस्था तथा शान्ति एवं सौहार्द को बनाये रखने हेतु मजिस्ट्रेट के दायित्व का निर्वहन करेंगे तथा पुलिस अधिकारियों के साथ भ्रमणशील रहते हुए समन्वय स्थापित कर संवेदनशील स्थान/धार्मिक स्थलों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखते हुए यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी प्रकार की नई परम्परा स्थापित न होने पाए। समस्त मजिस्ट्रेट असमा. जिक, अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखकर यह सुनिश्चित करेंगे कि भीड़/जुलूस में अपराधिक तत्वों द्वारा कोई अव्यवस्था उत्पन्न न की जाए तथा सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी दशा में शस्त्रों का प्रदर्शन न हो एवं अवैध शस्त्रों को लेकर चलने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट धारा-163 के अन्तर्गत प्रदत्त निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे। पर्व के अवसर पर अपने-अपने क्षेत्रों में शान्ति व्यवस्था के प्रभारी रहेगें तथा कार्यक्रम स्थलों/जुलूस हेतु अपने अधीनस्थ अधिकारियों की ड्यूटी लगायेगें। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल पर्व पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी पर्व के अवसर पर आकस्मिक अग्निकाण्ड सम्बन्धी दुर्घटना के दृष्टिगत समस्त आवश्यक तैयारियां समयपूर्व सुनिश्चित करेंगे। समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत अपने-अपने क्षेत्रों में निकलने वाले जूलूस/जलसे के निर्धारित मार्गों एवं कार्यक्रम स्थलों पर समय पूर्व समुचित सफाई व्यवस्था का प्रबन्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि पर्व के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय एवं संवाद हेतु जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित कन्ट्रोल रूम रहेगा, जिसका दूरभाष नम्बर-8445161506, 9068302632, 0595-2350404 एवं व्हाट्सएप नम्बर-9045299525 है। कन्ट्रोल रूम में अवर अभियन्ता, (लो.नि.वि.) प्रान्तीय खण्ड मनोज कुमार की डयूटी कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों/समस्याओं निस्तारण हेतु लगायी गई है।

# पीईटी परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेने परीक्षा केंद्र पर पहुंचे डीएम और एसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में 6 व 7 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) सकुशल एवं नकल विहीन कराये जाने को लेकर जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने मुर्तजा इंटर कॉलेज, ग्रीनवुड और सेंट मैरी स्कूल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्रों पर परीक्षा को लेकर की जाने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को जरूरी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रखे जाएं। साथ ही परीक्षा के सभी महत्वपूर्ण चरणों की व्यवस्थित ढंग से वीडियोग्रॉफी कराई



जाए।

उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर पानी, प्रकाश आदि की व्यवस्था को और बेहतर करने के भी निर्देश दिये।

उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 15 परीक्षा केंद्रों पर पीईटी की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कुल 21696 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।

जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक सहित मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है और सभी मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का पूर्व निरीक्षण कर लें। सभी परीक्षा केंद्रों पर उनकी निगरानी में परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

# मछली पकड़ने गया युवक गंगा में डूबा

## बीस दिन पहले हुई थी शादी, हाथों की मेंहदी छूटने से पहले उजड़ा सुहाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मछली पकड़ने गये चार दोस्त गंगा में आये बाढ़ के पानी में डूब गये। तीन को सकुशल पानी से बाहर निकल लिया गया। एक युवक लापता हो गया है। लापता युवक को गोताखोर तलाश कर रहे है।

रहरा थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। जहाँ गंगा नदी में मछली पकड़ने गये चार दोस्तों में से 20 वर्षीय युवक शाहिद बाढ़ के पानी में डूब गया। यह घटना मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे बिहारीपुर के पास गंगा घाट पर हुई।



■ नहीं मिला सुराग, खोजबीन में लगे गोताखोर

गांव छपना निवासी शाहिद पुत्र साबिर, आकिल, साहिल पुत्र जाकिर और दिलशाद पुत्र इदरीश मछली पकड़ने गये थे। अचानक बाढ़ का पानी बढ़ने से चारों दोस्त डूबने लगे। साथियों की मदद और कड़ी मशक्कत के बाद आकिल दिलशाद और साहिल को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। लेकिन शाहिद गंगा के बाढ़ के पानी में समा गया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर हड़कंप मच गया। रोते-बिलखते परिजन और गांव के लोग भी घटनास्थल पर पहुँच गये। सूचना पाकर रहरा थाना पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुँची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से शाहिद की तलाश शुरू की गई। परिजनों ने बताया कि शाहिद की शादी 20 दिन पहले ही संभल जनपद के गांव मतावली निवासी गुलनाज से हुई थी। वह अपने तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। इस दुखद घटना से पूरे परिवार में को. हराम मचा हुआ है। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा है। थानाध्यक्ष अतवीर सिंह ने बताया कि युवक की तलाश जारी है और गोताखोरों की टीम लगातार गंगा में खोजबीन कर रही है।



■ हसनपुर। गंगा में युवक के डूबने के बाद मौके पर जमा ग्रामीणों की भीड़।

## घर से हजारों के बकरे ले गए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी**। चोरों ने घर में बंधे 15 बकरे चोरी कर लिये। शक के आधार पर पुलिस को तहरीर दी गयी है। घटना मौहल्ला मंडी रहमानी चौक की हैं यहां के रहने वाले आमिर पुत्र तौहीद ने कई बकरे पाल रखे हैं। बीती रात वह घर में सो रहा था। इस दौरान चोरों ने यहां बंधे 15 बकरे चोरी कर लिये। रात ढाई बजे जब वह लघुशंका को उठा तो बकरे गायब देख होश उड़ गये। उसका कहना था कि मंडी उझारी निवासी खानचंद पुत्र रामलाल पिछले कई दिनों से उसके बकरों पर नजर रख रहा था।उसे पूरा शक है कि उसी ने बकरे चोरी किये हैं। चोरी गये बकरों की कीमत हजारों में है।

# चोर को दो साल तीन महीने की सजा

## कोर्ट ने दो हजार का जुर्माना भी ठोका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चोरी के मामले में अदालत ने दो साल तीन महीने जेल की सजा सुनाई। दोषी पर दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

चोरी की घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव तख्तपुर में साल 2018 की थी। गांव में किसान वीरभान सिंह का परिवार रहता है। 13 अगस्त 2018 को वीरभान सिंह के घर में चोरी की वारदात हुई थी। मामले में उन्होंने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के दौरान गांव मिठठेपुर निवासी इसरार को गिरफ्तार कर चालान किया था। उसके कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद हुआ था। फिलहाल, इस मुकदमे में वह जमानत पर था। जिसकी सुनवाई अदालत में विचाराधीन थी। सोमवार को अदालत में मुकदमे की आखिरी सुनवाई की गई, पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने इसरार को दोषी करार दिया। दो साल तीन महीने जेल की सजा सुनाई तथा दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# घोड़े-तांगे की टक्कर से लेखपाल की मौत



## बाइक पर सवार होकर जा रहा था तहसील



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। तहसील जा रहे बाइक सवार लेखपाल को घोड़े तांगे ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना से घर में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

लेखपाल केशव शरण ने 27 जुलाई 2016 को जिले में आमद कराई थी। इसके बाद चार जुलाई 2016 से उनकी तैनाती नौगांवा सादात तहसील में चल रही थी। लेखपाल केशव शण अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अमरोहा में किराए के मकान पर रहते थे। रोज की तरह मंगलवार की सुबह ड्यूटी के लिए नौगांवा सादात तहसील जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक अमरोहा-नौगांवा रोड स्थित बादशाहपुर गांव के सामने पहुंची। तभी घोड़े तांगे से टक्कर हो गई। हादसे में लेखपाल केशव शरण गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही साथ ही लेखपाल और तहसील के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घायल लेखपाल केशव शरण को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मृतक लेखपाल के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी

# बच्चों के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट

## कई घायल, पांच के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष की ओर से जानलेवा हमला किया गया। कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने बिगड़ते हालात काबू किए। मामले में एक पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ हत्या का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना क्षेत्र के गांव हैबतपुर की है। यहां पर किसान हफीज खान का परिवार रहता है। उनके बेटे फैज खान द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक आरोप है कि गांव निवासी काशिफ खान, शारिफ खान, नाजिम खान, नासिर खान व इफराहीन दबंग प्रवृति के हैं। फैज खान के चाचा नासिर खान के बच्चों की किसी बात पर काशिफ खान के बच्चों से कहा. सुनी हो गई थी। आरोपी इसी बात को लेकर आरोपी रंजिश रख रहे थे। आरोप है कि सोमवार दोपहर आरोपियों ने एकाएक ही हमला कर दिया। जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों और धारदार हथियार लेकर धावा बोला। हमले में नासिर खान गंभीर घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इतना ही नहीं मारपीट में नसीम खान के अलावा तीन अन्य लोग भी घायल हुए। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बमुश्किल बेकाबू होते हालात पर काबू पाया।

## तिगरी में हुआ तीनों भाईयों का अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सोमवार की शाम को ओमकार व बंटी के शव मिल गए थे, तो वहीं मंगलवार को अनुज का शव भी उतराता मिला। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा था। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने तीनों भाईयों का अंतिम संस्कार तिगरी में कर दिया। तीन सगे भाईयों की चिताएं जलती देखकर हर किसी की आंखो से आंसुओ की धारा फूट पड़ी।



■ अमरोहा। आजाद रोड पर तीनों भाईयों की शव यात्रा में शामिल लोग।

# तीन भाईयों के शव पहुंचते ही मची चीख पुकार

## हजारों नम आंखों के बीच अन्मिम संस्कार, 27 को तिगरी में डूबे थे तीनों

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गंगा में डूबे तीन भाईयों के शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। यहां हर आंख नम थी। तीनों भाईयों के पार्थिव शवों को सैकड़ो नम आंखों के साथ अन्तिम संस्कार कर दिया गया।

शहर के मोहल्ला दानिशमंदान निवासी रामपाल सिंह के परिवार में चार बेटे हैं। बीती 27 अगस्त उनके सबसे बड़े बेटे आकाश के बेटे विनायक का मुंडन संस्कार कार्यक्रम में था। परिवार के लोगों के अलावा रिश्तेदार धार्मिक अनुष्ठान के लिए तिगरीधाम गए थे। इनमें रामपाल सिंह के छोटे बेटे ओमकार, बंटी व अनुज भी शामिल थे। उस दिन दोपहर में तीन बजे तीनों गंगा में नहाते समय डूब गए थे। परि. जनों को इसकी जानकारी शाम में छह बजे हो सकी थी जब तीनों के कपड़े गंगा किनारे एक तख्त पर रखे हुए मिले थे। गोताखोर व पीएसी जवान तभी से लगातार गंगा में तीनों की तलाश में जुटे हुए थे। सोमवार को छठे दिन ओमकार और बंटी का शव घटनास्थल से करीब एक किमी के फासले पर मिला था। गोताखोरों ने दोनों को बमुश्किल खींचते हुए बाहर निकाला था वहीं मंगलवार को अनुज को शव करीब छह किमी दूर उतराता मिला। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार दोपहर में तीनों भाइयों के शव पोस्टमार्टम होकर पिकअप से घर पहुंचे तो पूरे मोहल्ले में कोहराम मच गया। रामपाल सिंह के घर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे। रिश्तेदारों में चीख पुकार मच गई। क्योंकि, तीनों शव गंगा से छह दिन में निकले थे लिहाजा हालत ठीक नहीं होने पर आनन-फानन अंतिम संस्कार से जुड़ी तैयारियों को पूरा कराया गया, शव मिलने ही सूचना पर रिश्तेदारों ने पहले से ही सारा इंतजाम कर रखा था। इसके बाद घर से निकली तीन भाइयों की अर्थिया एक साथ देखकर भीड़ में मौजूद लोग रो उठे। इसके बाद शव यात्रा निक. ाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। एक के पीछे एक अर्थी देख रास्ते में राहगीरों के कदम भी ठिठकते गए। शाम में रेलवे स्टेशन के पास स्थित शमशान घाट में एक साथ तीनों भाइयों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# झोलाछाप के इलाज से जच्चा की मौत

## बिना कानूनी कार्रवाई के अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। झोलाछाप चिकित्सक के उपचार से महिला की हालत बिगड़ गई। मेरठ ले जाते हुए रास्ते में महिला की मौत हो गई।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव भीमा ठीकरी निवासी 22 वर्षीय राजवती पत्नी उदयवीर सिंह को परि. जनों द्वारा प्रसव पीड़ा होने पर सोमवार की शाम नगर के अमरोहा रोड स्थित बस स्टैंड के नजदीक एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां झोलाछाप ने महिला का ऑपरेशन कर दिया। जहां बड़े ऑपरेशन के बाद महिला को शिशु की प्राप्ति हुई तो वहीं महिला की हालत बिगड़ती चली गई। जहां से आनन फानन में महिला को हायर सेंटर रेफर किया गया। जिसके बाद परिजन महिला को लेकर मेरठ जा रहे थे। रास्ते में महिला की मौत हो गई। मृतका के पति के अनुसार अमरोहा अड्डे के नजदीक स्थित विनायक अस्पताल में ऑपरेशन किया गया था। जिसके बाद महिला की हालत बिगड़ गई थी। साथ ही परिजनों ने मंगलवार के दोपहर को बिना किसी कानूनी कार्रवाई महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। फिलहाल महिला की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मचा हुआ है। महिला अपने पीछे पति एक पुत्री तथा शिशु को छोड़ गई है। वहीं मामले में साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह ने बताया कि अस्पताल की जांच पड़ताल कर मामले में आगे की कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# भाजपा वोट चोरी कर लोकतंत्र की हत्या कर रही

## खालिक अंसारी बने सपा के नगर अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व केबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने भाजपा सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए सपा कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया है।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नवनियुक्त नगर अध्यक्ष खालिक अंसारी का परिचय कराया गया। विधायक कमाल अख्तर सहित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त अध्यक्ष खालिक अंसारी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंत्री कमाल अख्तर ने खालिक अंसारी को मिली इस नई जिम्मेदारी के लिए उन पर पूरा भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि खालिक अंसारी इस जिम्मेदारी को पूरी तरह निभाएंगे और संगठन को मजबूत करेंगे। नवनियुक्त अध्यक्ष खालिक अंसारी ने अपनी नई जिम्मेदारी के



लिए विधायक कमाल अख्तर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करेंगे। इस अवसर पर फारूख प्रधान, अकील प्रधान, अफलातून चौधरी, चन्द्रपाल सैनी, आरिफ अख्तर, यूसुफ कुरैशी, यतीन्द्र गौड़, गोलू त्यागी, कैसर परवेज,गुड्डू प्रधान, बदर कुरैशी, इंशा अल्लाह चौधरी,नवल जाटव, अखिलेश जाटव,विक्की अब्बास मौजूद रहे।

# अधिवक्ता के घर में तोड़फोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** अमरोहा कचहरी में प्रैक्टिस करने वाले एक अधिवक्ता के घर पर गांव के ही लोगों ने चढ़ाई करके चालीस हजार रूपये की कीमत का सामान/सम्पत्ति का नुकसान कर दिया। इतना ही नहीं अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी भी दी। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना गजरौला के ग्राम चौबारा निवासी प्रदीप कुमार पुत्र स्व.श्री शिवलाल अधिवक्ता हैं। 29 अगस्त को रात 11 बजे गांव निवासी राजु व राकेश के साथ

■ पांच आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

हमसाज होकर बब्लू, राहुल व महावीर छत पर दीवार कूदकर घुस गए। आहट सुनकर जब प्रदीप कुमार छत पर गए तो आरोपियों ने उन्हें दबोच लिया और अधिवक्ता की खिड़की, डिश आदि समेत करीब चालीस हजार रूपये की कीमत का सामान/ सम्पत्ति क्षतिग्रस्त कर दी। अधिवक्ता ने 112 डॉयल नंबर को सूचना दी, पुलिस ने मौका मुआयना किया। अधिवक्ता की तहरीर पर राजू, राकेश, बब्लू, राहुल व महावीर के विरूद्ध मुक. दमा पंजीकृत कर लिया है।

# पुलिस ने पिता-पुत्र को भेजा जेल

## विवाहिता दूसरे सम्प्रदाय के युवक के साथ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। थाना क्षेत्र के एक गांव में गैर समुदाय की विवाहिता को बहला-फुसलाकर ले जाने से उपजे विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। पुलिस ने मामले में गांव की शांति व्यवस्था बिगड़ने की आशंका जताते हुए दो आरोपियों को शांति भंग में गिरफ्तार कर उपजिलाधिकारी न्यायालय में पेश किया। एसडीएम न्यायालय के आदेश पर दोनों को जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार, विवाहिता के पति ने पूर्व में गांव के ही दो लोगों पर पत्नी को भगाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। हालांकि, पुलिस जांच में महिला ने खुद के स्वेच्छा से जाने की बात स्वीकार की थी। इसके बावजूद अलग-अलग समुदायों से जुड़े होने के कारण गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। ग्राम माहौल बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपित पिता-पुत्र को हिरासत में लिया। पुलिस का कहना है कि दोनों की मौजूदगी से गांव की शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती थी। इसलिए उन्हें शांति भंग में चालान कर जेल भेजा गया है। गांव में इस कार्रवाई के बाद जहां कुछ लोगों ने राहत की सांस ली है, वहीं दूसरी ओर मामले को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है।



# कृष्ण लीलाओं का वर्णन सुन हुए भाव विभोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के गांव अहरोला अहमद यार खां में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। कथा के पांचवें दिन वृंदावन से आई कथावाचक राधिका माधव ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक लीलाओं का वर्णन किया। जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। घ्कथावाचक ने श्रीकृष्ण की माखन चोरी लीला का सुंदर वर्णन किया। जिसमें उन्होंने बालकृष्ण के नटखट स्वभाव और उनकी शरारतों को दर्शाया। उन्होंने बताया कि कैसे श्रीकृष्ण अपने मित्रों के साथ मिलकर गोपियों के घर से माखन चुराते थे। और कैसे गोपियाँ उनकी शिकायत यशोदा मैया से करती थीं। लेकिन मैया अपने लाला को देखकर सब कुछ भूल जाती थीं। इस लीला के माध्यम से राधिका माधव ने भक्तों को प्रेम और भक्ति का संदेश दिया।घ्इसके बाद कथा में गोवर्धन भगवान की महिमा का विशेष वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि कैसे श्रीकृष्ण ने इंद्र के अभिमान को तोड़ने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उंगली पर उठा लिया था। इस अवसर पर लोकेश सिंह प्रधान, टेकचंद सिंह, मास्टर कुलदीप सिंह, बंटी चौहान, मूलचंद सिंह, और सतीश चौहान जैसे प्रमुख व्यक्ति शामिल हैं. इसके साथ ही प्रीतम सिंह, चंद्रपाल सिंह, सुखपाल सिंह, प्रेम सिंह, संजय सिंह, दीपक चौहान, अंशु चौहान, संतोष देवी, सविता चौहान, पिंकी चौहान, सोमवती देवी और भगवती देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी कथा का श्रवण कर रहे हैं।

# एसडीएम कोर्ट का इकबाल खां गुट को झटका

## रजिस्ट्रार के आदेश को किया किया स्थगित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष पद को लेकर करीब एक साल से चल रहे विवाद में उस समय नया मोड़ आ गया जब रजिस्ट्रार के आदेश को एसडीएम कोर्ट ने वाद की सुनवाई तक स्थगित कर दिया तथा इकबाल खां व हाजी खुर्शीद अनवर पक्ष को 12 सितम्बर को अभिलेखों के साथ प्रस्तुत होने का आदेश दिया है। वहीं पांच सितम्बर को ईद मिलादुन्नबी पर निकलने वाले जुलूस किसके नेतृत्व में निकलेगा इसे लेकर भी असमंजस की स्थिति है।

मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष पद को लेकर करीब सालभर से दो धड़ों के बीच विवाद की स्थिति बनी हुई है। बीते दिनों रजिस्ट्रार ने इकबाल खां के नेतृत्व वाली कार्यकारिणी को मान्यता दे दी थी। लेकिन, दूसरे गुट से हाजी खुर्शीद अनवर ने हाइकोर्ट में याचिका दायर कर इसे चुनौती दे दी थी। इतना ही नहीं उनकी ओर से रजिस्ट्रार कार्यालय में भी अलग से याचिका दायर की गई थी। इसके बाद से दोनों गुटों के बीच आपसी खींचतान जगजाहिर

■ मुस्लिम कमेटी अध्यक्ष पद का विवाद
ईद मिलादुन्नबी के जुलूस को लेकर असमंजस

थी। विवाद खुलकर सतह पर आ गया था। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी मुस्लिम कमेटी बहस का केंद्र बिंदु बनी हुई थी। बीते सप्ताह हाजी खुर्शीद अनवर पक्ष ने अचानक सुनवाई के बीच हाईकोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली थी। इसके बाद एसडीएम कोर्ट में वाद दायर किया था। इसी वाद के चलते अभी एसडीएम ने पांच सितंबर को निकाले जाने वाले जुलूस-ए -मोहम्मदी की भी अनुमति नहीं दी थी। वहीं अनुमति न मिलने के कारण पुलिस ने दोनों पक्षों को नोटिस जारी किया था। सोमवार को एसडीएम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई थी। इकबाल खां व खुर्शीद अनवर पक्ष ने एसडीएम कोर्ट पहुंच कर अपना पक्ष रखा था। एसडीएम ने मामले की सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को एसडीएम ने इस मामले में आदेश दिया। सहायक निबंधक फर्म्स सोसाइटी चिट्स द्वारा 29 जुलाई 2024 के निर्वाचन के आधार पर प्रबंध समिति की सूची को पंजीकृत किए जाने को लेकर तत्कालीन एसडीएम सुधीर कुमार सिंह 2 मई 2025 के आद. ेश को वाद की सुनवाई तक स्थगित कर दिया मुस्लिम कमेटी विवाद में दोनों पक्षों को सुना गया है। वाद की सुनवाई तक मामले स्थगन आदेश दिया गया है। अगली सुनवाई के लिए 12 सितंबर निर्धारित की गई है। दोनों पक्षों को दस्तावेज कोर्ट में पेश करने के लिए निर्देशित किया गया है।

● विश्व प्रत्यारोपण खेल

# भारतीय एथलीटों ने जीते 63 पदक

**सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने भाग लिया, जिन्होंने एथलीटों की उपलब्धियों की सराहना की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑर्गन इंडिया, गैर सरकारी संगठन पाराशर फाउंडेशन और भारतीय दल के टीम प्रबंधकों की एक पहल, ने जर्मनी के ड्रेसडेन में विश्व प्रत्यारोपण खेल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों को गर्व से आज सम्मानित किया।

भारत की भागीदारी के पीछे प्रेरक शक्ति के रूप में, ऑर्गन इंडिया टीम ने खेलों में देश के अब तक के सबसे बड़े दल की तैयारी, प्रशिक्षण, प्रायोजन की व्यवस्था और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने भाग लिया, जिन्होंने एथलीटों की उल्लेखनीय उपलब्धियों और उनके जज्बे की सराहना की। इस वर्ष, 57 एथलीटों (49 अंग प्राप्तकर्ता और 8 जीवित दाता) ने 17 खेलों में 51 देशों के 1,600 प्रतिभागियों के बीच भारत का प्रतिनिधित्व किया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा मान्यता प्राप्त, ये खेल एथलेटिक उत्कृष्टता का उत्सव और प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ताओं और दाताओं की ताकत का एक वैश्विक प्रमाण हैं। भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 63 पदक (16 स्वर्ण, 22 रजत, 23 कांस्य) हासिल किए, जो पर्थ 2023 में जीते गए 35 पदकों से लगभग दोगुना है और कुल मिलाकर 13वां स्थान प्राप्त किया। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिन्हित करते हुए, तीरंदाजी, फुटबॉल, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल में पहली टीमों ने विशिष्टता के साथ प्रतिस्पर्धा की, जिसमें तीरंदाजी ने दो पदक जीते। एथलीट राजस्थान, कर्नाटक, केरल, हरियाणा, गोवा, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तराखंड और दिल्ली से आए थे। वैश्विक मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करके, भारत के एथलीटों ने अपने गृहनगरों और पूरे देश में चर्चाओं को जन्म दिया है, परिवारों को अंगदान करने और एक ऐसी बुनियादी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया है जहां अंगदान को जीवन बचाने वाले उदारतापूर्ण कार्य के रूप में देखा जाता है। यह उपलब्धि दिनेश व्यास पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के लगातार दूसरी बार दिए गए अटूट समर्थन और सुब्रोस के बहुमूल्य सहयोग से संभव हुई, जिनके योगदान से यह आयोजन नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। गीके लवलडग, टू द न्यू, ऑर्गन ट्रांसप्लांट ट्रस्ट, मैकलॉड फार्मा, डॉ. ओ.पी. भल्ला फाउंडेशन और प्यूमा जैसे समर्थकों के आभारी हैं जिन्होंने एथलीटों के लिए सभी किट प्रायोजित करने में योगदान दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि, स्पेशल ओलंपिक भारत के अध्यक्ष डॉ. मलिक नड्डा, विशिष्ट अतिथि एनओटीटीओ के निदेशक डॉ. अनिल कुमार और दिनेश व्यास ट्रस्ट की अध्यक्षा सुश्री कुंती झावेरी, मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (प्रशिक्षण भागीदार) के एमडी और सीईओ राजीव कपूर सहित अन्य प्रायोजकों और समर्थकों ने भाग लिया और एथलीटों और उनकी उल्लेखनीय यात्रा का जश्न मनाया। मुख्य आकर्षण में, अपनी पत्नी को किडनी देने वाले जसकरन सिंह ने चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीते, और खेलों के उत्कृष्ट दाता एथलीट का खिताब अर्जित किया। राजस्थान के रामदेव सिंह, जिन्होंने 2012 में अपनी मां से किडनी ट्रांसप्लांट करवाया था।

# महिला एशिया कप में विश्व कप टिकट दांव पर

● **एशिया कप प्रमुख हॉकी महिला टूर्नामेंट 5 से 14 सितम्बर तक चलेगा, इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग लेंगी**

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** गोंगशु, चीन महिला एशिया कप 2025 की मेजबानी करेगा। एशिया का प्रमुख हॉकी महिला टूर्नामेंट, जो 5 से 14 सितंबर तक चलेगा, जिसमें चैंपियन टीम एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 के लिए अपनी टिकट बुक करेगी।

टूर्नामेंट प्रारूप- इस टूर्नामेंट में 8 टीमें होंगी, जिन्हें पूल ए और बी में विभाजित किया गया है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर 4 पूल चरण में आगे बढ़ेंगी, जहां टीमें एक द्वितीयक पूल में प्रतिस्पर्धा करेंगी और एक से चार तक रैंक प्राप्त करेंगी। सेमीफाइनल लाइन-अप द्वितीयक पूल के परिणामों के आधार पर तय किया जाएगा, जबकि पहले पूल चरण में प्रत्येक पूल से नीचे की दो टीमें वर्गीकरण और विश्व रैंकिंग अंकों के लिए खेलेंगी।

**पूल ए:** चीन, चीनी ताइपे, कोरिया, मलेशिया

पूल बी: भारत, जापान, थाईलैंड, सिंगापुर

**मैच कार्यक्रम**- टूर्नामेंट की शुरुआत 5 सितंबर को पूल बी के मुकाबलों से होगी, जहां जापान का पहला मैच सिंगापुर से होगा और उसके बाद भारत का मुकाबला थाईलैंड से होगा। इसके बाद पूल ए के मैच होंगे, जहां सभी 8 टीमें पहले दिन मैदान में उतरेंगी। कोरिया बनाम चीनी ताइपे के मैच से पूल ए की शुरुआत होगी और फिर दिन का अंतिम मैच मेजबान चीन और मलेशिया के बीच होगा। महिलाओं की प्रतियोगिता का प्रारंभिक पूल चरण 5 से 8 सितंबर तक खेला जाएगा, उसके बाद द्वितीयक पूल चरण, पोज़िशनल प्लेऑफ और पदक मैच 10 से 14 सितंबर तक खेले जाएंगे।

**विश्व कप योग्यता**-महिला प्रतियोगिता की विजेता टीम को 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड्स के बीच होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप में एक प्रतिष्ठित स्थान मिलेगा।

एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 की महिला प्रतियोगिता के लिए अब छह टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं। बेल्जियम और नीदरलैंड्स, इस आयोजन के मेजबान होने के कारण, सीधे क्वालीफाई कर गए हैं। जर्मनी और अर्जेंटीना ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पिछले दो संस्करणों के माध्यम से क्वालीफाई किया था। अमेरिका ने पैन अमेरिकन कप के माध्यम से और स्पेन ने यूरोहॉकी चैंपियनशिप के माध्यम से क्वालीफाई किया। एशिया के साथ-साथ, अफ्रीका और ओसनिया में होने वाली महाद्वीपीय चैंपियनशिप इस आयोजन के लिए तीन सीधे क्वालीफायर तय करेंगी, जबकि शेष सात टीमें 2026 में एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के माध्यम से क्वालीफाई करेंगी। पैन अमेरिकन कप और यूरो हॉकी चैंपियनशिप में अपने प्रदर्शन के आधार पर, निम्नलिखित महिला टीमों ने एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर 2026 के लिए क्वालीफाई किया है: उरुग्वे, चिली, कनाडा, आयरलैंड, इंग्लैंड, फ्रांस, इटली, वेल्स, स्कॉटलैंड, ऑस्ट्रिया और स्विट्जरलैंड, इसके अलावा आगामी एशिया कप से चार और ओसनिया कप से एक टीम क्वालीफाई करेंगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### कमिंस को लगी चोट न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ मैचों से बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** पैट कमिंस को नवंबर में शुरू होने वाली घरेलू एशेज श्रृंखला की तैयारी के दौरान आराम मिलेगा, क्योंकि स्कैन में उनकी पीठ में 'काठ की हड्डी में खिंचाव' का पता चला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि इस ऑलराउंडर को 'और अधिक प्रबंधन की आवश्यकता होगी', और उन्हें न्यूजीलैंड (अक्टूबर में) और भारत (अक्टूबर-नवंबर में) के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है। यह समस्या ऑस्ट्रेलिया के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज दौरे के बाद नियमित जांच के दौरान सामने आई थी।

### न्यूजीलैंड ने क्रेग मैकमिलन को कोच नियुक्त किया

**वेलिंगटन, वार्ता।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने की कोशिश में न्यूजीलैंड ने अपने कोचिंग कौशल को मजबूत किया है और क्रेग मैकमिलन को पूर्णकालिक आधार पर कोच नियुक्त किया है। मैकमिलन पिछले साल अंशकालिक अनुबंध पर टीम में शामिल हुए थे और उन्होंने व्हाइट फर्न्स को यूएई में महिला टी-20 विश्व कप में सफलता दिलाने में मदद की थी। ब्लैक कैप्स के पूर्व ऑलराउंडर मुख्य कोच बेन सॉयर के नेतृत्व में महिला टीम को बैटिंग व क्षेत्ररक्षण, दोनों विभागों में सहयोग देंगे। इस घोषणा पर मैकमिलन ने कहा कि व्हाइट फर्न्स के साथ इस भूमिका को पाकर मैं बेहद खुश हूं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का खेल लगातार बेहतर होता जा रहा है और मैं अपनी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ काम करना जारी रखने और उन्हें अपने लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद करने के लिए उत्साहित हूं।

# युकी-वीनस अहम मुकाबले को तैयार



● **पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में नोवाक का सामना टेलर से सुबह छह बजे होगा**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** यूएस ओपन एक महत्वपूर्ण दौर में प्रवेश कर रहा है, जहां आगे कई बड़े मुकाबले होने वाले हैं। जिरी लेहेका का सामना पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में कार्लोस अल्काराज से होगा, आज रात 10:30 बजे भारतीय समयानुसार। आर्यना सबालेंका का सामना महिला एकल क्वार्टर फाइनल में मार्केटा वोंद्रोसोवा से बुधवार, 3 सितंबर को सुबह 4:30 बजे भारतीय समयानुसार होगा, इसके बाद पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में नोवाक जोकोविच का सामना टेलर फ्रिट्ज से सुबह 6:00 बजे होगा। पुरुष युगल में, माइकल वीनस और युकी भांबरी का सामना राउंड ऑफ 16 में टिम पुट्ज और केविन क्राविएट्ज से बुधवार, 3 सितंबर को सुबह 2:30 बजे भारतीय समयानुसार होगा।

यूएस ओपन 2025 के 9वें दिन कई उल्लेखनीय परिणामों के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। जैनिक सिनर ने अलेक्जेंडर बुब्लिक पर सीधे सेटों में शानदार जीत हासिल की और कोर्ट पर असाधारण दबदबा दिखाया। अमांडा अनिसिमोवा ने एक बधी जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। नाओमी ओसाका ने अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करते हुए कोको गॉफ को हराकर 2021 के बाद से अपने पहले बड़े क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। युगल में, वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। ऑगर-अलियासिमे भी आंद्रेई रुब्लेव पर सीधे सेटों में जीत के साथ आगे बढ़े। ऐश व लुई स्टेडियम में दिन भर के रोमांचक मुकाबलों ने टूर्नामेंट के रोमांचक दौर की नींव रखी।

# यूएई पर अफगानिस्तान की जीत

● **राशिद खान ने टी-20 विकेटों का विश्व रिकॉर्ड बनाया**

**शारजाह, वार्ता।** राशिद खान ने आधुनिक क्रिकेट के महान खिलाड़ी के रूप में अपनी साख और मजबूत कर ली है। वे संयुक्त अरब अमीरात पर अफगानिस्तान की जीत के साथ पुरुषों की टी-20 विकेटों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

लेग स्पिनर ने एक बार फिर अपने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया और सोमवार रात 38 रनों की जीत में चार ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट लेकर अमीराती मध्यक्रम को ध्वस्त करने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह उन्होंने न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी को पीछे छोड़ते हुए इस प्रारूप में 165 विकेट अपने नाम कर लिए। शरफुद्दीन अशरफ ने खतरनाक बल्लेबाज मुहम्मद वसीम (37 गेंदों में 67 रन) को आउट किया था, और इसके बाद राशिद ने चार गेंद बाद ही साथी बल्लेबाज आसिफ खान (1) को आउट कर मैच मेजबान टीम से छीन लिया।

एथन डिसूजा (12) को आउट करने के बाद, आसिफ के विकेट ने राशिद को साउदी की बराबरी पर ला दिया। लेग स्पिनर ने अपने स्पैल की आखिरी गेंद पर ध्रुव पाराशर (1) की गेंद पर बाहरी किनारा लेते हुए रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। ध्रुव पाराशर को सब-फील्डर मोहम्मद इशाक ने कैच कर लिया। अफगानिस्तान की यह त्रिकोणीय श्रृंखला में पहली जीत है, क्योंकि पहले मैच में उसे पाकिस्तान से 39 रनों से हार का



सामना करना पड़ा था। इससे पहले, इब्राहिम जादरान और सेदिकुल्लाह अटल के बीच 84 रनों की साझेदारी ने अफगानिस्तान की पारी को संभाला, जिसके बाद करीम जनत और 2024 आईसीसी पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अजमतुल्लाह उमरजई की धमाकेदार बल्लेबाजी ने टीम को 188 रनों तक पहुंचाया, जिसमें बैकएंड पर तीन ओवरों में बनाए गए 49 रन शामिल थे। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, राशिद और अफगानों के सामने यूएई को राहुल चोपड़ा के लिए कोई जोड़ीदार नहीं मिल पाया, जिन्होंने हार के दौरान 35 गेंदों में नाबाद 52 रनों की शानदार पारी खेली थी।

# सिनर क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**न्यूयार्क, वार्ता।** प्रमुख सीजन में जैनिक सिनर ने कमजोरी के संकेत कम ही दिखाए हैं। यूएस ओपन के तीसरे दौर के मैच के दौरान, एक पल के लिए, इतालवी खिलाड़ी फ्री-स्विंगिंग डेनिस शापोवालोव के सामने जोखिम में दिखे, जिन्होंने पहला सेट जीतकर तीसरे सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी। उस मुकाबले में संघर्ष करने के बाद, एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी ने सोमवार को शानदार वापसी की और शानदार प्रदर्शन करते हुए 23वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शानदार सिनर ने कजाकिस्तान के खिलाड़ी को 6-1, 6-1, 6-1 से हराकर अपने खिताब की रक्षा की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाया। सिनर ने कहा कि कुल मिलाकर मैं बहुत-बहुत खुश हूं।ष इस साल पहली बार मैं यहां नाइट मैच



● **सिनर ने कजाकिस्तान के खिलाड़ी को 6-1, 6-1, 6-1 से हराकर अपने खिताब की रक्षा की तरफ बढ़ाया कदम**

खेल पा रहा हूं और इससे बहुत बड़ा फर्क पड़ता है। मैं सभी का आने और उत्साहवर्धन करने के लिए शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। यह हम खिलाड़ियों के लिए एक बहुत ही खास मौका है, इसलिए आप सबका बहुत-बहुत शुक्रिया। यह सिनर की मेजर टूर्नामेंट में सबसे बड़ी जीत है। इस साल की शुरुआत में उन्होंने रौलां गैरोमें तीसरे दौर में जिरी लेहेका को 6-0, 6-1, 6-2 से हराया था। बुब्लिक आर्थर ऐश स्टेडियम के अंदर कोर्ट पर उतरे थे, जब उन्होंने तीन राउंड तक एक भी सर्विस गेम नहीं गंवाया था। लेकिन सिनर ने मैच के अपने पहले दो रिटर्न गेम तुरंत जीत लिए और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अपने प्रतिद्वंदी की सर्विस आठ बार तोड़ी और सिर्फ एक ब्रेक पॉइंट का सामना करते हुए एक घंटे 21 मिनट में मैच जीत लिया। यह टूर्नामेंट का दूसरा सबसे कम समय में पूरा हुआ पुरुष एकल मैच था। सिनर ने कहा कि हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। हमारे बीच कुछ कड़े मुकाबले हुए हैं, खासकर इस साल, इसलिए अब हम एक-दूसरे को थोड़ा बेहतर जानते हैं कि हम कैसे खेलते हैं। उन्होंने बस बधाई दी और मुझे शुभकामनाएं दीं। पिछला मैच उनके लिए बहुत मुश्किल था, पांच सेट खेले और बहुत देर से खत्म हुआ।

# वनडे विश्व कप और टेस्ट पर फोकस रखने के लिए स्टार्क का टी-20 से संन्यास

● **2027 के वनडे विश्व कप को प्राथमिकता देने के लिए लिया टी-20 से संन्यास**

**मेलबर्न, वार्ता।** मिचेल स्टार्क ने अगले साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया के व्यस्त टेस्ट कार्यक्रम और 2027 के वनडे विश्व कप को प्राथमिकता देने के लिए टी20 अंतर्राष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा की है। 35 वर्षीय स्टार्क ने 65 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं और यूएई में 2021 टी20 विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे। उन्होंने आखिरी बार कैरेबियन में 2024 विश्व कप में इस प्रारूप में खेला था।

उनके 79 टी20 अंतर्राष्ट्रीय विकेट वर्तमान में उन्हें ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे स्थान पर रखते हैं, उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 20 रन देकर 4 विकेट लेना है जो उन्होंने 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था। स्टार्क ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट हमेशा से मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले गए हर टी20 मैच के हर मिनट का आनंद लिया है, खासकर 2021 विश्व कप में, सिर्फ इसलिए नहीं कि हम जीते, बल्कि इसलिए भी कि हम एक अविश्वसनीय ग्रुप में थे और उस दौरान जो मजा आया वह शानदार था। 2026 के मध्य से ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट क्रिकेट में एक व्यस्त दौर का सामना करना पड़ेगा जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज, द. अफ्रीका का दौरा, न्यूजीलैंड के खिलाफ चार मैचों की सीरीज, जनवरी 2027 में भारत में पांच टेस्ट मैच, एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र 150वां वर्षगांठ मैच और फिर 2027 के मध्य में विदेशी धरती पर एशेज सीरीज शामिल है।

## गॉफ को पस्त कर ओसाका क्वार्टर फाइनल में

**न्यूयार्क, वार्ता।** नाओमी ओसाका ने सोमवार को कोको गॉफ को 6-3, 6-2 से हराकर यूएस ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जिससे घरेलू दर्शकों के सामने अमेरिकी खिलाड़ी का सफर खराब हो गया। सेंटर कोर्ट पर गॉफ को एरर व सर्विस में दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जबकि चार बार की चैंपियन ओसाका ने अपनी नियंत्रित आक्रामकता और लगातार शॉट लगाने से प्रभावित किया। ओसाका ने कहा कि मैं बस यहां आकर खेलने का मौका चाहती थी। यह दुनिया का मेरा पसंदीदा कोर्ट है, और यहां वापस आना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। जापानी खिलाड़ी का सामना अब चेक गणराज्य की 11वीं वरीयता प्राप्त मुचोवा से होगा। महिलाओं के अन्य मुकाबलों में, दूसरी वरीयता प्राप्त इगा ने एलेक्ज़ेंड्रोवा को 6-3, 6-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

# बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल ने रुख बदला, आगामी बीसीबी चुनाव लड़ने को तैयार



**ढाका, वार्ता।** आगामी चुनाव कराने के लिए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष का पद संभालने वाले अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने अपना रुख बदल दिया है और उन्होंने अक्टूबर के पहले सप्ताह में होने वाले अगले चुनाव में भाग लेकर बोर्ड का हिस्सा बनने का फैसला किया है।

तमीम इकबाल द्वारा आगामी चुनाव में भाग लेने का फैसला करने के कुछ दिनों बाद बुलबुल ने आगामी बोर्ड चुनावों में भाग लेने के अपने इरादे की पुष्टि की। वर्तमान में बीसीबी अध्यक्ष के रूप में कार्यरत बुलबुल ने मंगलवार को घोषणा की कि वह आगामी चुनावों में निदेशक पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। मंगलवार को सिलहट जिला स्टेडियम का निरीक्षण करने के बाद बुलबुल ने पत्रकारों से कहा कि मैं देश में क्रिकेट की जरूरतों के हिसाब से और ज्यादा काम करना चाहता हूं।

उन्होंने कहा कि इंशाअल्लाह, हम अक्टूबर के पहले हफ्ते में चुनाव कराएंगे। हम निष्पक्ष चुनाव कराएंगे। उन्होंने कहा कि यहां अध्यक्ष का चुनाव सीधे तौर पर नहीं होता - बल्कि निदेशकों का चुनाव होता है। यही हमारा पहला उद्देश्य है और मैं इसका हिस्सा बनने की कोशिश करूंगा।

# अपने आपको बड़े मैच का खिलाड़ी मानता हूं: नीतीश राणा



● **राणा ने तीन प्लेऑफ मैचों में एक शतक और एक अर्द्धशतक के साथ तीन नाबाद मैच जिताऊ पारियां खेली हैं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** नीतीश राणा के लिए साल 2024 कुछ खास नहीं रहा था। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिताबी जीत अभियान में पहले चोट और फिर टीम कॉम्बिनेशन के कारण उन्हें सिर्फ दो मैचों में खेलने का मौका मिला। इसके बाद जब घरेलू सीजन आया तो रणजी ट्रॉफी के शुरूआती चार मैचों की छह पारियों में सिर्फ एक अर्द्धशतक आने के कारण उन्हें उत्तर प्रदेश की रणजी टीम से बाहर कर दिया गया। इसके बाद वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के नौ मैच जरूर खेले, लेकिन उसमें भी उनका औसत सिर्फ 13.88 और स्ट्राइक रेट 114.43 का रहा। विजय हजारे ट्रॉफी में भी एक मैच के बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया और जब रणजी ट्रॉफी का दूसरा चरण शुरू हुआ, तब भी वह टीम में नहीं थे।

आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए उनके नाम दो अर्द्धशतक जरूर थे, लेकिन 11 में से आधा दर्जन पारियों में वह दहाई के अंक को भी नहीं छू पाए थे। इसके बाद राणा ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए अपने घर लौटने का फैसला किया और कहा कि 2025-26 का घरेलू सीजन वह दिल्ली की तरफ से खेलेंगे। अब राणा ने इस घर वापसी का जश्न दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) सीजन-2 की खिताबी जीत से मनाया है, जहां वह वेस्ट दिल्ली राइडर्स टीम के कप्तान थे। उन्होंने तीन प्ले ऑफ मैचों में एक शतक और एक अर्द्धशतक के साथ तीन नाबाद मैच-जिताऊ पारियां (135', 45', 79') खेलीं और बताया कि वह बड़े मैच के खिलाड़ी हैं। इस खतिाबी जीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राणा ने कहा कि बड़े मैच में बड़े खिलाड़ियों का चलना बहुत जरूरी होता है।

## दृष्टिबाधित महिला टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में इंडिया येलो और इंडिया ऑरेंज का जलवा

**बेंगलुरु, वार्ता।** एनटीटी डेटा महिला टी-20 दृष्टिबाधित क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के दूसरे दिन बारिश के कारण हुई देरी के बावजूद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) द्वारा दिव्यांगों के लिए समर्थनम ट्रस्ट के साथ मिलकर आयोजित और एनटीटी डेटा द्वारा समर्थित, इस टूर्नामेंट में नवंबर 2025 में नई दिल्ली, काठमांडू और बेंगलुरु में होने वाले पहले महिला टी-20 दृष्टिबाधित विश्व कप के लिए भारत की शीर्ष 16 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। दूसरे दिन के मुख्य अंश: शिवानी के 35 गेंदों पर बनाए गए शानदार 56 रनों की बदौलत इंडिया येलो ने 141/5 का स्कोर बनाया। इंडिया ब्लू ने सलोनी (38) और अन्नू शर्मा (38) के दम पर वापसी की, लेकिन 11 रन से चूक गई।

# आसिफ अली ने लिया अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास



● **पाक की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है: आसिफ अली**

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान के मध्य क्रम बल्लेबाज आसिफ अली ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। 2021 टी 20 विश्व कप में अफग़ानिस्तान के खिलाफ रोचक मुकाबले में उनकी 7 गेंदों पर 25 रनों की पारी उनके अंतर्राष्ट्रीय करियर की सबसे यादगार पारी है। आसिफ ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को अपने जीवन का एक गर्व करने योग्य अध्याय करार देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। आसिफ ने कहा कि आज मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं। अलहमदुलिल्लाह, पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और क्रिकेट के मैदान पर अपने देश की सेवा करना मेरे लिए सबसे गौरव की बात रही है। मेरे प्रशंसकों, साथियों और कोचों, हर उतार-चढ़ाव में आपके प्यार, विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद। मेरे परिवार और दोस्तों, जो खुशी के पलों में और मुश्किल हालातों में, जिसमें विश्व कप के दौरान मेरी प्यारी बेटी का निधन भी शामिल है, मेरे साथ खड़े रहे।

# अमेरिका की बौखलाहट

चीन के शहर तियानजिन में शंघाई शिखर सम्मेलन की सफलता को लेकर अमेरिका की भौहें तनी हुई दिखाई दे रही हैं, जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि जिस तरह सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन व चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग के बीच जिस तरह कैमिस्ट्री देखने में आई, इससे अमेरिका का नाराज होना स्वाभाविक ही था। वह अमेरिका से आई प्रतिक्रिया से छिपा भी नहीं है। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प कह रहे हैं कि भारत ने कारोबार एकतरफा आपदा शून्य टैरिफ की पेशकश अमेरिका से की थी, लेकिन अब देर हो चुकी है, तो ट्रम्प के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो भारत के मामले में हस्तक्षेप करते दिखाई दे रहे हैं, उन्होंने एक टीवी साक्षात्कार में यहां तक कह दिया कि रूस के तेल से ब्राह्मण मुनाफाखोरी कर रहे हैं और यह सब भारतीय जनता की कीमत पर हो रहा है। ब्राह्मण मुनाफा कमा रहे हैं, इसे रोकने की जरूरत है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी महान नेता हैं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के नेता हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वह पुतिन व जिनपिंग के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं। हालांकि कांग्रेस ने नवारो की यह कहकर आलोचना की है कि वह भारत के मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। यह वही नवारो हैं जो रूस-यूक्रेन युद्ध को यूक्रेन-मोदीवार की संज्ञा दे चुके हैं। वह कह चुके हैं कि पीएम मोदी की ही वजह से रूस यूक्रेन से युद्ध कर पा रहा है, क्योंकि अगर वह रूस से तेल लेना बंद कर दें, तो रूस यूक्रेन के साथ जंग बंद कर देगा, मतलब साफ है कि वह रूस से तेल व सैन्य उत्पाद लेकर रूस की आर्थिक मदद कर रहे हैं, जिसके बल पर रूस यूक्रेन के लोगों को मार रहा है। यह बेतुका तर्क है और पुतिन ने साफ भी कर दिया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए भारत नहीं बल्कि यूरोप और अमेरिका जिम्मेदार है। बात सही भी है नाटो देशों की जिद के चलते ही यह युद्ध भड़का हुआ है। नाटो देश खुलकर यूक्रेन की मदद कर रहे हैं, जबकि पीएम मोदी ने शंघाई शिखर सम्मेलन में भी रूसी राष्ट्रपति से खुलकर मानवता के आधार पर इस युद्ध को रोकने की अपील की है। जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी व रूसी राष्ट्रपति पुतिन व चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की तिगड़ी की इस सम्मेलन में जुगलबंदी दिखाई दी, उससे अमेरिका का तिलमिलाना स्वाभाविक ही कहा जाएगा, लेकिन इसके लिए कोई और नहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की जिद व अहंकारी रवैया ही अधिक जिम्मेदार है। भारत ने अपनी तरफ से अमेरिका के साथ हर संभव सहयोग करने की नीति पर काम किया। यहां तक कि अमेरिका को अपने रणनीतिकार का दर्जा दिया, लेकिन बदले में अमेरिका ने क्या दिया। यूं भी अमेरिका ने एक बार फिर साबित कर दिया कि अमेरिका दोहरे आचरण वाला देश है। एक तरफ वह भारत व उसके पीएम मोदी को अपना मित्र भी बताता है, दूसरी तरफ वह मनमाना टैरिफ भी ठोकता है। जाहिर है, जिस तरह के बयान अमेरिका की तरफ से आ रहे हैं वह बताते हैं कि अमेरिका का रवैया भारत के प्रति बैर का रूप लेता जा रहा है, ऐसे में भारत को भी बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

## मतदाता सूची में सुधार का काम चुनाव आयोग का



वोटर सूची में अगर दो जगह उनका नाम है, तो इसमें चुनाव आयोग की गलती है और आयोग को ये बताना चाहिए कि उनके नाम पर किससे वोट दिलवाया जा रहा है, वह नौ साल पहले नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से जंगपुरा शिफ्ट हो चुके हैं और यदि उनका नाम अब भी वहां की वोटर लिस्ट में है, तो यह आयोग की गलती है, मैं नई दिल्ली से 9 साल पहले जंगपुरा गया हूं और मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म-7 भी भरा है, इसके बावजूद यदि अब भी मेरा नाम मतदाता सूची में है, इसमें मेरी कोई गलती नहीं है, मतदाता सूची में सुधार का काम उसके बाद कई बार हुआ है, इसके बावजूद मेरा नाम नहीं हटाया गया है, तो इसके लिए आयोग जिम्मेदार है।

**-पवन खेड़ा, प्रमुख, कांग्रेस संचार विभाग**

# रेड कार्पेट, चियर्स गर्ल्स और कूटनीति



आया तो पुतिन भी था। चुपचाप हवाई जहाज से उतरा। कार में बैठा। जहां जाना था चला गया। काम की बातें कीं। न दांत चियारा। न गले पड़ा। एक और आया। ढोल बजवाता, चियर गर्ल्स नचवाता, कैमरा, ऐक्शन ड्रामा। भारतीय मीडिया को आल्हा और भजन गाने लायक फुटेज भिजवा दिए गए। यह रेड कार्पेट और चियर्स गर्ल्स और दांत चियर्स की देश अब और क्या कीमत अदा करेगा, पता नहीं?

झालर व ऐप विरोध के बीच का सच यह है कि वित्त वर्ष 2024-25 में चीन व भारत के बीच व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 8,70,000 करोड़ रुपये) हो गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में चीन के साथ व्यापार घाटा भारत के कुल व्यापार घाटे का लगभग 35 फीसदी था। भारत का कुल व्यापार घाटा 283 अरब अमेरिकी डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-24 में यह अंतर 85.1 अरब अमेरिकी डॉलर था।

भारत के जबरदस्त प्रभुत्व वाले सार्क देशों के गठबंधन को चीन ने भोथरा कर डाला है। हाल ही में चीन के कुनमिंग शहर में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश के बीच एक त्रिपक्षीय बैठक हुई थी। कहा यह जाता है कि यह बैठक भारत के प्रभाव को छोटे-मोटे एशियाई देशों में भी चौपट करने पर कूटनीतिक का हिस्सा थी। यहां यह बता दूं कि सार्क की बैठक 2016 के बाद से नहीं हुई है। बता दें कि कभी दक्षिण एशियाई देशों का शक्तिशाली संगठन रहा सार्क आज नाम मात्र का संगठन रह गया है। 2014 में काठमांडू में हुए अंतिम शिखर सम्मेलन के बाद से इसका द्विवार्षिक शिखर सम्मेलन नहीं हुआ है। हुआ यूं कि 2016 का सार्क शिखर सम्मेलन पाकिस्तान के इस्लामाबाद में होना था। 18 सितंबर, 2016 को जम्मू-कश्मीर के उरी में भारतीय सेना के शिविर पर जबरदस्त आतंकवादी हमला हो गया। यह हमला सार्क सम्मेलन को निपटाने के लिए हुआ था या कोई और कारण था इस पर मैं पुख्ता तौर पर कुछ नहीं कह सकता। फिलहाल भारत ने इसके बाद सार्क सम्मेलन में हिस्सा लेने से मना कर दिया। परिणामस्वरूप, बांग्लादेश, भूटान और अफगानिस्तान ने भी इस्लामाबाद में आयोजित होने वाले इस सार्क सम्मेलन में आने से मना कर दिए। पाकिस्तान, चीनी इशारे पर जो चाहता था, वह उसने कर दिया। सार्क सम्मेलन रद्द हुआ और फिर आज तक न हुआ।

दक्षिण एशिया के राजनीतिक परिदृश्य में चीन और पाकिस्तान और बांग्लादेश अब चीन के साथ मिलकर एक नया कूटनीतिक खेल करने की तैयारी पूरी कर चुके हैं। पाकिस्तान, चीन व बांग्लादेश अब एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं जिसका उद्देश्य नया क्षेत्रीय संगठन बनाना है। यह नया संगठन दक्षिण एशियाई देशों के संगठन भारत के प्रभुत्व वाले सार्क SAARC यानी कि South Asian Association for Regional Cooperation को लगभग नष्ट करके बनाया जाने वाला है।

दक्षिण एशिया के राजनीतिक परिदृश्य में चीन और पाकिस्तान और बांग्लादेश अब चीन के साथ मिलकर एक नया कूटनीतिक खेल करने की तैयारी पूरी कर चुके हैं। पाकिस्तान, चीन व बांग्लादेश अब एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं जिसका उद्देश्य नया क्षेत्रीय संगठन बनाना है। यह नया संगठन दक्षिण एशियाई देशों के संगठन भारत के प्रभुत्व वाले सार्क SAARC यानी कि South Asian Association for Regional Cooperation को लगभग नष्ट करके बनाया जाने वाला है। इस पूरे खेल को चीन खेल रहा है। देर सबेर चीन पाकिस्तान को इस नए संगठन का मुखिया बनाकर, वह सारे खेल खेलना चाहता है, जो चीन को प्रिय होंगे। भारतीय मीडिया, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को लेकर जो रक्कासा नृत्य कर रहा है और जिस तरह की खबरें प्लांट कराई जा रही हैं, उसका सच कुछ और ही है। भारत को एसेंबलिंग यूनिट बनाकर रख दिया गया है। हम यहां केवल पैकिंग वाले डिब्बे बना रहे हैं लेकिन असल चिप, मदरबोर्ड से लेकर मशीनों व उपकरणों का सारा भेजा चीन से आ रहा है। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट का उल्लेख करना चाहूंगा, भारत में जुलाई 2015 से जून 2016 और अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र के 18 लाख असंगठित उद्यम बंद हो गए हैं। इस दौरान इन असंगठित उद्यमों में काम करने वाले 54 लाख लोगों की नौकरियां चली गईं। हाल में जारी असंगठित क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण की फैक्ट शीट और राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा 2015-16 में किए गए 73वें दौर के सर्वेक्षण के तुलनात्मक विश्लेषण से यह बात सामने आई है। अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में करीब 178.2 लाख असंगठित इकाइयां काम कर रही थीं, जो जुलाई 2015 से जून 2016 के बीच काम कर रहीं 197 लाख असंगठित इकाइयों की तुलना में करीब 9.3 प्रतिशत कम हैं। इसी तरह से इन प्रतिष्ठानों में काम करने वाले लोगों की संख्या भी इस दौरान करीब 15 प्रतिशत घटकर 3.06 करोड़ रह गई है, जो पहले 3.604 करोड़ थी। अनिगमित उद्यम में वे कारोबारी इकाइयां शामिल होती हैं, जो अलग कानूनी इकाइयों के रूप में निगमित नहीं होती हैं। आमतौर पर इन उद्यमों में छोटे व्यवसाय, एकल स्वामित्व, साझेदारी और अनौपचारिक क्षेत्र के कारोबार शामिल होते हैं। सूचना-प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी के फैसले के बाद पूरे देश में जबरदस्त हड़कंप मचा रहा। इससे पहले माइक्रोसॉफ्ट भी भारत में जबरदस्त छंटनी कर चुकी है। फिलहाल, इस देश में अब तथ्यात्मक बात करना विशुद्ध अपराध है। चीन रेड कार्पेट और रेड ड्रेस चियर्स गर्ल्स नचवाकर भविष्य में क्या नोचने की फिराक में है, यह तो समय बताएगा। फिलहाल मेन स्ट्रीम मीडिया रक्कासा बना नक्कारे की धुन पर फुलटास मुजरे की भूमिका में है, इनज्वाय करिए।



पवन सिंह

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक है ये उनके निजी विचार है)

# तैमारा घाटी में आते ही बदल जाता है मोबाइल का समय

**इस घाटी की सबसे डरावनी कहानियों में फेमस कहानी मोबाइल में डेट और समय का बदल जाना है। कई लोगों का इस घाटी के बारे में मानना है कि जब कोई यहां से गुजरता है तो उसके मोबाइल में साल, डेट और समय अपने आप बदल जाता है। ऐसा होने के पीछे लोग कुछ और कहानी भी बताते हैं। लोगों का मानना है कि तैमारा घाटी से कुछ ही दूरी पर मैग्नेटाइज्ड रॉक है। जिसकी वजह से यह समस्या होती है। वहीं एक अन्य कारण यह भी है कि इसी घाटी से कर्क रेखा गुजरती है, जिस वजह से यह समस्या होती है।**

झारखंड भारत का एक प्रमुख और खूबसूरत राज्य है। यह राज्य साल 2000 में बिहार से अलग होकर देश का 28वां राज्य बना था। आज झारखंड पूरे भारत का एक खनिज समृद्ध राज्य माना जाता है। झारखंड घने जंगलों, कोयला खदानों और बेहतरीन पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है। झारखंड की पतरानू घाटी, हुंडरू, टैगोर हिल और दशम वॉटरफॉल, नेतरहाट और तोपचांची झील जैसी खूबसूरत जगहों के बारे में हर कोई जानता है। इन खूबसूरत जगहों के बीच तैमारा घाटी के बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। तैमारा घाटी झारखंड में श्मौत का हाइवेश के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तैमारा घाटी की डरावनी कहानियों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**तैमारा घाटी**

तैमारा घाटी एक डरावनी जगह मानी जाती है, जोकि रांची-जमशेदपुर हाईवे यानी एनएच-33 पर है। यह जगह राजधानी रांची से करीब 30 किमी की दूरी पर है। हाइवे पर होने के कारण तैमारा घाटी को श्मौत का हाइवेश के नाम से भी जानी जाती है। यह हाइवे घने जंगलों के बीच में है, जिसकी वजह से यह काफी डरावना लगता है।

**तैमारा घाटी की घटनाएं**

तैमारा घाटी की एक नहीं बल्कि कई घटनाएं प्रचलित हैं। यह घाटी देखने में तो काफी मनमोहक



लगती है। लेकिन यह घाटी कई मौतों की गवाह भी बन चुकी है। बताया जाता है कि इस घाटी गुजरने पर टाइम और तारीख अपने आप बदल जाती है।

तैमारा घाटी को लेकर एक अन्य कहानी है कि जंगलों के बीच से जब गाड़ी गुजरती है, तो उस गाड़ी की स्पीड मीटर खुद ब खुद बदल जाती है। वहीं माना जाता है कि रात के समय इस घाटी से अजीबो-गरीब आवाजें आती रहती हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि डर के कारण लोग रात में अकेले इस घाटी से गुजरना नहीं चाहते हैं।

**तैमारा घाटी की डरावनी कहानियां**

इस घाटी की सबसे डरावनी कहानियों में फेमस कहानी मोबाइल में डेट और समय का बदल जाना है। कई लोगों का इस घाटी के बारे में मानना है कि जब कोई यहां से गुजरता है तो उसके मोबाइल में साल, डेट और समय अपने आप बदल जाता है।

ऐसा होने के पीछे लोग कुछ और कहानी भी बताते हैं। लोगों का मानना है कि तैमारा घाटी से कुछ ही दूरी पर मैग्नेटाइज्ड रॉक है। जिसकी वजह से यह समस्या होती है। वहीं एक अन्य कारण यह भी है कि इसी घाटी से कर्क रेखा गुजरती है, जिस वजह से यह समस्या होती है।

**तैमारा घाटी घूमने जाते हैं पर्यटक**

बता दें कि झारखंड की राजधानी रांची से करीब 30 किमी दूर स्थित तैमारा घाटी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर भीषण गर्मी में भी ठंडी-ठंडी हवाएं चलती हैं। ऐसे में पर्यटक भी तैमारा घाटी घूमने के लिए पहुंचते हैं। मानसून के समय पर्यटक दूर-दूर से यहां पर लॉन्ग ड्राइव के लिए पहुंचते हैं। मानसून में इस घाटी की खूबसूरती देखने लायक होती है।

# बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान से पनप रही बीमारियां

**राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पर विशेष**

भारत में प्रतिवर्ष लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से एक से सात सितम्बर के बीच 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जाता है। भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत खाद्य और पोषण बोर्ड प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ इसका आयोजन करता है, जो पूरे सप्ताह के दौरान होने वाली गतिविधियों और कार्यक्रमों की दिशा निर्धारित करती है।

2025 के राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का विषय है 'बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें' जो समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और कुपोषण को रोकने के लिए सभी आयु समूहों के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ खाने की आदतों के महत्व पर जोर देता है। दरअसल स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार के सेवन की आवश्यकता है लेकिन आज की बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान के कारण लोगों में तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं। एक स्वस्थ और संतुलित आहार हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को पोषण प्रदान करता है और हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होता है। पोषण सप्ताह के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को शरीर को पोषण देने वाली खानपान की चीजों के बारे में जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दरअसल स्वास्थ्य के मोर्चे पर भारत द्वारा बेहतर कार्य करने के बावजूद लोगों में सेहत को लेकर जागरूकता के अभाव के चलते रोगियों का आंकड़ा बढ़ रहा है, जो उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर बहुत भारी पड़ रहा है।

पोषण के महत्व को समझते हुए लोगों को खानपान, पोषण की पूर्ति और सेहत को लेकर जागरूक करने के लिए मार्च 1975 में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाए जाने की घोषणा सर्वप्रथम 'अमेरिकन डायटेटिक्स एसोसिएशन' द्वारा की गई थी, जिसे अब 'न्यूट्रिशन एंड डाइट साइंस एकेडमी' के नाम से जाना जाता है। 1980 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह एक सप्ताह के बजाय पूरे एक माह तक मनाया जाने लगा लेकिन 1982 में निर्णय लिया गया कि इसे पूरे एक महीने के बजाय सितम्बर महीने के पहले सप्ताह में ही मनाया जाएगा। तभी से एक से सात सितम्बर तक 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जा रहा है। पोषण सप्ताह के अवसर पर लोगों को शरीर को पोषण देने वाले फल, सब्जियों और अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्रियों को आजमाने के लिए प्रेरित किया जाता है। कुपोषण का मनुष्य के स्वास्थ्य और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता में कमी और आर्थिक पिछड़ेपन की समस्या भी उत्पन्न होती है।

पोषण स्वास्थ्य और कल्याण का केन्द्र बिंदु है, जो कार्य करने के लिए शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करता है और तंदुरुस्त एवं बेहतर महसूस करने में भी मददगार होता है। पर्याप्त पोषण का सेवन करने वाले व्यक्ति अधिक कार्य करते हैं जबकि खराब पोषण प्रतिरक्षा में




कमी, बीमारी के जोखिम को बढ़ाने, शारीरिक एवं मानसिक विकास को क्षीण करने तथा कार्यक्षमता में कमी पैदा करने का कार्य करता हैं। अच्छे पोषण का उत्पादकता, आर्थिक विकास तथा अंततः राष्ट्रीय विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है और अच्छा पोषण लोगों को स्वस्थ बनाए रखते हुए स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण भी करता है। इसीलिए नियमित शारीरिक गतिविधियों के साथ अच्छे पोषण को अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पोषण का संबंध शरीर की आवश्यकतानुसार आहार के सेवन को माना गया है और कुपोषण को अपर्याप्त या असंतुलित आहार द्वारा खराब पोषण के रूप में परिभाषित किया गया है।

अच्छे पोषण से स्वस्थ बच्चे बेहतर तरीके से सीखते हैं लेकिन आज के दूषित खानपान और फास्टफूड वाली जीवनशैली में कुपोषण खासकर विकासशील देशों की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। एक अनुमान के अनुसार दुनियाभर में एक तिहाई से भी ज्यादा बच्चों की मृत्यु में कुपोषण का बड़ा योगदान है और पूरी दुनिया में हर तीन कुपोषित बच्चों में से एक भारत में है। भारत को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए 8 मार्च 2018 को पोषण अभियान भी शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य खासतौर से 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में सुधार करना था और वर्ष 2022 के अंत तक देश से कुपोषण खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन पोषण अभियान फंड के इस्तेमाल में जिस तरह की उदासीनता देखी जाती रही है, उसे देखते हुए यह लक्ष्य हासिल करना अभी दूर की कौड़ी प्रतीत होता है। नीति आयोग की चौथी प्रगति रिपोर्ट से खुलासा हुआ था कि देश के 23 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों ने तो इस मद में आधे से भी कम फंड का इस्तेमाल किया। यदि हम वाकई देश को कुपोषण मुक्त राष्ट्र का दर्जा देना चाहते हैं तो उदासीनता की इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा।

हमारे भोजन में रंग और खुशबू देने वाले रासायनिक पदार्थ जैसे कुछ ऐसे तत्व भी होते हैं, जो पोषक तत्व नहीं होते लेकिन कार्बोज, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज लवण, पानी इत्यादि प्रमुख पोषण तत्व हैं। यदि ए पोषण तत्व हमारे भोजन में उचित मात्रा में विद्यमान न हों, तो हमारा शरीर अस्वस्थ हो जाएगा। भोजन के वे सभी तत्व, जो शरीर में आवश्यक कार्य करते हैं, पोषण तत्व कहलाते हैं। यह आवश्यक तत्व जब हमारे शरीर की आवश्यकतानुसार सही अनुपात में उपस्थित होते हैं, तब उसे सर्वोत्तम पोषण या समुचित पोषण की संज्ञा दी जाती है लेकिन जब पोषक तत्व



योगेश कुमार गोयल

शरीर में सही अनुपात में विद्यमान नहीं होते या उनके बीच में असंतुलन होता है तो वह कुपोषण कहलाता है यानी अधिक पोषण या कम पोषण दोनों को ही कुपोषण कहा जाता है। कम पोषण का अर्थ है आहार में किसी एक या एक से अधिक पोषण तत्वों की कमी और अधिक पोषण का अर्थ है एक या अधिक पोषक तत्वों की भोजन में अधिकता।

शरीर में पोषक तत्वों की अधिकता और कमी दोनों ही समान रूप से हानिकारक हैं, शारीरिक जरूरतों को पूरा करने के लिए भोजन में उचित मात्रा में आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति होनी चाहिए। पोषक तत्वों के संतुलन और असंतुलन को इसी से समझा जा सकता है कि जब कोई व्यक्ति एक दिन में ऊर्जा खपत से अधिक ऊर्जा ग्रहण करता है तो वह वसा के रूप में शरीर में एकत्र हो जाती है, जिससे व्यक्ति मोटापे का शिकार हो सकता है। पौष्टिक भोजन स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण आधारशिला है और अच्छे पोषण के लिए जरूरी है कि फास्ट फूड के बजाय घर में बने पारंपरिक और पौष्टिक आहार के सेवन को ही प्राथमिकता दें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### रूसी सेंटर ग्रुप के हमले में 385 यूक्रेनी सैनिकों की मौत

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रूसी सुरक्षा बलों के 'सेंटर' समूह के हमले में पिछले 24 घंटे में 385 यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस हमले में यूक्रेनी सशस्त्र बलों को 385 सैनिकों, पांच बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों, चार मोटर वाहनों और तीन तोपों का नुकसान हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि रूस के जैपद (प.) ग्रुप के सैनिकों ने 240 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया है तथा वोस्तोक (पूर्व) ग्रुप के साथ लड़ाई में विरोधी पक्ष के 225 सैनिक मारे गए।

### चेक गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री बाबिस पर चुनावी रैली में हमला

**प्राग।** चेक गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री आंद्रेज बाबिस पर सोमवार को एक चुनावी रैली के दौरान एक व्यक्ति ने उनके सिर पर किसी वस्तु से हमला कर दिया। चेक समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बाबिस की पार्टी एएनओ के एक प्रवक्ता के हवाले से बताया कि 2017 से 2021 तक चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री रहे बाबिस घटना के बाद जांच के लिए अस्पताल गए। उन्हें आई चोटों की गंभीरता के बारे में अभी पता नही चल पाया है। यह हमला पूर्वी शहर डोबरा में हुआ। चेक पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों ने हमले के तुरंत बाद उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और मामले की जांच की जा रही है।

### वियतनाम ने राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ मनाई

**हनोई।** वियतनाम समाजवादी गणराज्य ने अगस्त क्रांति और राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ मनाई। वियतनाम समाचार एजेंसी के अनुसार राजधानी हनोई के बा दीन्ह स्क्वायर पर एक भव्य सैन्य परेड के साथ मंगलवार को अगस्त क्रांति और राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ समारोह को आयोजित किया गया। समारोह का आरंभ 21 तोपों की सलामी के साथ हुआ, जिसके बाद सशस्त्र बलों और पुलिस की टुकड़ियों के साथ एक सैन्य परेड हुई। परेड में सैन्य वाहनों, तोपों और हथियारों को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित किया गया।

### डॉ. दीपक मित्तल यूएई में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी डॉ. दीपक मित्तल को संयुक्त अरब अमीरात में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि डॉ. मित्तल विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी हैं और उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। वह कतर में भारत के राजदूत रह चुके हैं। डॉ. मित्तल संजय सुधीर की जगह लेंगे जो अब तक संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत थे।

# फलस्तीन को मान्यता देने की तैयारी में बेल्जियम

## फैसला नौ सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक रूप से पेश किया जाएगा

**ब्रूसेल्स।** बेल्जियम ने घोषणा की है कि वह फलस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। यह एलान बेल्जियम के विदेश मंत्री ने किया।

उन्होंने कहा कि यह फैसला नौ सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक रूप से पेश किया जाएगा। हालांकि, इसके लिए दो शर्तें रखी गई हैं। गाजा में बंदी बनाए गए सभी इजरायली नागरिकों की रिहाई और हमास को राजनीतिक सत्ता से हटाना। विदेश मंत्री प्रेवोट ने साफ किया कि बिना इन दो शर्तों के यह मान्यता संभव नहीं है।

इसका मतलब है कि फिलहाल यह फैसला तुरंत लागू नहीं हो सकेगा। बेल्जियम ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब गाजा पर इजरायल की सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है और दुनिया के कई देश फलस्तीन को मान्यता देने की प्रक्रिया में हैं।

बेल्जियम ने यह कदम ऐसे समय में उठाया जब गाजा पर इजरायल की सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है



अब तक 140 से ज्यादा देश फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र मान चुके हैं, जिनमें दर्जनभर यूरोपीय देश भी शामिल हैं। प्रेवोट ने मंगलवार को यह भी कहा कि बेल्जियम वेस्ट बैंक में इजरायली बस्तियों से आने वाले सामान पर बैन लगाएगा। साथ ही हमास नेताओं, हिंसक यहूदी बसने वालों और दो अतिदक्षिणपंथी इजरायली मंत्रियों को पर्सोना नान ग्राटा यानि देश में प्रवेश न करने योग्य घोषित करेगा। प्रेवोट ने कहा कि यह कदम इजरायली जनता को दंडित करने के लिए नहीं है, बल्कि सरकार पर अंतर्राष्ट्रीय और मानवीय कानून का पालन कराने के लिए उठाया गया है। प्रेवोट ने यूरोपीय संघ से भी अपील की कि वह इजरायल पर और दबाव बनाए। उन्होंने कहा कि ईयू को इजरायल के साथ व्यापार समझौते यानि एसोसिएशन एग्रीमेंट को निलंबित करना चाहिए। गाजा युद्ध ने यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों में मतभेद बढ़ा दिए हैं। बेल्जियम और नीदरलैंड जैसे देशों में यह मसला राजनीतिक गठबंधनों को भी प्रभावित कर रहा है। हालांकि, इजरायल और यूरोप के बीच सैन्य, व्यापारिक और शैक्षणिक रिश्ते अब भी काफी मजबूत बने हुए हैं। बेल्जियम की घोषणा पर इजरायल के दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन गवीर ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देश हमास के बहकावे में आ रहे हैं और अंततः उन्हें भी आतंकवाद का सामना करना पड़ेगा। उनके अलावा इजरायल के वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच भी संभावित प्रतिबंधों की जद में आ सकते हैं। दूसरी ओर, फ्रांस और ब्रिटेन ने भी फलस्तीन को मान्यता देने की योजना बनाई है, जिससे इजरायल पर कूटनीतिक दबाव और बढ़ गया है। आस्ट्रेलिया, कनाडा और कुछ यूरोपीय देशों ने भी फलस्तीन को मान्यता देने की इच्छा जताई है, लेकिन वे इसे फलस्तीनी प्राधिकरण के सुधारों पर निर्भर बता रहे हैं।

जल त्रासदी



नई दिल्ली। देश की राजधानी में लगातार हो रही भारी बारिश के बाद लोहा पुल पर भरे पानी के बीच से गुजरते रिक्शा चालक।

## बाढ़ का पानी टबों और बर्तानों में जमा करें: पाक मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब बाढ़ से 24 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और एक हजार से ज्यादा गांव पानी में डूब गए हैं। इस बीच, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बाढ़ से निपटने के लिए एक अजीब सलाह दी है।

उन्होंने कहा कि लोग बाढ़ का पानी नालियों में बहाने की बजाय इसे अपने घरों में टबों या बर्तनों में जमा करें। पाकिस्तान के न्यूज चैनल से बात करते हुए आसिफ ने कहा: जो लोग बाढ़ का विरोध कर रहे हैं, उन्हें यह पानी अपने घर ले जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को इस पानी को टबों और बर्तनों में रखना चाहिए। हमें इस पानी को

**पाक को बड़े बांध बनने का इंतजार करने की बजाय छोटे बांध बनाना चाहिए, वो जल्दी तैयार हो सकें**

आशीर्वाद मानकर जमा करना चाहिए। आसिफ ने यह भी कहा कि पाकिस्तान को बड़े बांध बनने का इंतजार करने की बजाय छोटे बांध बनाना चाहिए, जो जल्दी तैयार हो सकें। पाकिस्तान में इस साल से जून से अब तक बाढ़ और लैंडस्लाइड की वजह से 197 बच्चों समेत करीब 770 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 990 से ज्यादा घायल हुए हैं। जबकि 4000 से ज्यादा घर डैमेज हुए हैं।

# अजरबैजान के राष्ट्रपति का भारत पर आरोप

**तियानजिन।** अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने भारत पर आरोप लगाया है कि वह, अजरबैजान की पाकिस्तान से नजदीकी का बदला वैश्विक मंचों पर ले रहा है।

यह बयान उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात में दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत नेएससीओ की सदस्यता के लिए अजरबैजान की दावेदारी को खारिज कर दिया था। इसके पीछे उसकी पाकिस्तान से नजदीकी को वजह बताया जा रहा है। दरअसल मई में आपरेशन सिंदूर के दौरान अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। अलीयेव ने कहा कि भारत के रुख के बावजूद उनका देश

**पाकिस्तान से संबंधों का बदला ले रहा, रिपोर्ट: भारत ने अजरबैजान की एससीओ में एंट्री रोकी**

पाकिस्तान के साथ रिश्तों को प्राथमिकता देता है। पाकिस्तानी पीएम शरीफ ने भारत के साथ हुए सैन्य टकराव के दौरान अजरबैजान के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान में आपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। इस आपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। आपरेशन के बाद अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया और भारत के एक्शन की निंदा की।

## रूसी नागरिकों के लिए वीजा-मुक्त नीति का परीक्षण करेगा चीन

**बीजिंग।** चीन ने 15 सितम्बर, 2025 से 14 सितम्बर, 2026 तक सामान्य पासपोर्ट धारक रूसी नागरिकों के लिए वीज़ा-मुक्त नीति का परीक्षण करने का निर्णय लिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सामान्य पासपोर्ट धारक रूसी नागरिक जो व्यापार, पर्यटन, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलने या 30 दिनों से अधिक समय के लिए चीन आते हैं, वे बगैर वीज़ा के चीन में प्रवेश कर सकते हैं। गुओ ने कहा कि चीन दोनों देशों के बीच लोगों के आने-जाने को सुगम बनाने को बहुत महत्व देता है और द्विपक्षीय लोगों के बीच आने-जाने को मजबूत करने का समर्थन करता है।

# अमेरिका को नागवार गुजरा मोदी, पुतिन और जिनपिंग का मिलन

## मोदी को पुतिन-जिनपिंग के साथ देखना शर्मनाक: पीटर नवारों

**वाशिंगटन।** ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और चीन के नेताओं के साथ नजदीकियों पर आपत्ति जताई है। नवारो ने कहा कि मोदी का शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन के साथ खड़ा होना शर्मनाक है। उन्होंने सवाल उठाया कि पता नहीं मोदी क्या सोच रहे हैं, हमें उम्मीद है कि वे समझेंगे कि उन्हें रूस की बजाय हमारे साथ होना चाहिए।

इसके अलावा नवारों ने सोमवार को भारतीय ब्राह्मणों पर रूसी तेल खरीद कर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि भारत के ब्राह्मण रूसी तेल से मुनाफा कमा रहे हैं, जिसकी कीमत पूरा भारत चुका रहा है। नवारो ने कहा कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे यूक्रेन पर हमला करने के लिए पैसे दे रहा है। इसलिए सबसे ज्यादा टैरिफ झेल



**ट्रम्प के सलाहकार ने कहा: उन्हें रूस के बजाय अमेरिका के साथ होना चाहिए, यूएस वित्त मंत्री बोले: एससीओ बैठक दिखावा**

रहा है। इससे रूस और अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा है, बल्कि आम भारतीयों को हो रहा है। यह बात उन्हें समझनी चाहिए। नवारो ने भारत को 'रूस की धुलाई मशीन' कहा और आरोप लगाया कि भारत न सिर्फ व्यापार असंतुलन बढ़ा रहा है, बल्कि ऐसे गठजोड़ भी मजबूत कर रहा है, जो अमेरिका के हितों के खिलाफ हैं। अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे मास्को की जंग मशीन को ताकत मिल रही है। उन्होंने भारत को बुरा खिलाड़ी करार दिया। बेसेंट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया एससीओ बैठक को दिखावा बताया। हालांकि, उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत मजबूत लोकतंत्र हैं और मतभेद सुलझा सकते हैं। बेसेन्ट ने ट्रेड डील पर धीमी बातचीत को भारत पर टैरिफ की एक प्रमुख वजह बताया। चीन के तियानजिन मेंएससीओ की बैठक हुई। बैठक से पहले फोटो सेशन के दौरान भारतीय पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन एक साथ नजर आए।

## जिनपिंग व उज्बेक राष्ट्रपति शावकत की हुई मुलाकात

**बीजिंग।** शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन 2025 (एससीओ) में शामिल होने के लिए चीन आए उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मंगलवार को मुलाकात हुई।

इस दौरान जिनपिंग ने कहा कि चीन उज्बेकिस्तान की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की रक्षा में उसका समर्थन करता है। मिर्जियोयेव एससीओ के साथ ही जापानी आक्रमण के विरुद्ध चीनी जन प्रतिरोध युद्ध और विश्व फासीवाद-विरोधी युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्मरणोत्सव में भी भाग लेंगे। जिनपिंग ने कहा कि चीन विकास रणनीतियों के समन्वय

**एससीओ सम्मेलन 2025 में शामिल होने चीन आए हैं शावकत मिर्जियोयेव**

में तेज़ी लाने, चीन-किर्गिज़स्तान-उज्बेकिस्तान रेलवे परियोजना के निर्माण को आगे बढ़ाने, संयुक्त वैज्ञानिक अनुसंधान, हरित ऊर्जा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा, आपातकालीन प्रबंधन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, गरीबी उन्मूलन और अन्य क्षेत्रों में सहयोग को मज़बूत करने के लिए उज़्बेकिस्तान के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि साथ ही चीन सांस्कृतिक, शैक्षिक, पर्यटन और स्थानीय आदान-प्रदान का विस्तार भी करेगा।

# पूर्व अमेरिकी एनएसए ने ट्रम्प को घेरा

## टैरिफ को लेकर कहा: भारत को रूस से दूर करने के प्रयास ध्वस

**वाशिंगटन।** टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने ही घर में घिरते नजर आ रहे हैं। अब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जान बोल्टन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका की टैरिफ नीति ने भारत को रूस से दूर करने और चीन से बढ़ते खतरे से निपटने के पश्चिमी प्रयासों को ध्वस्त कर दिया है। एक्स पर पोस्ट में बोल्टन ने ट्रम्प पर अपने आर्थिक दृष्टिकोण से रणनीतिक लाभ को खतरे में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि टैरिफ नीति ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को पूर्व में भू-राजनीतिक परिदृश्य को नया रूप देने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा



**ट्रम्प पर अपने आर्थिक दृष्टिकोण से रणनीतिक लाभ को खतरे में डालने का आरोप लगाया**

कि पश्चिम ने दशकों से भारत को रूस से दूर करने की कोशिश की है और चीन द्वारा उत्पन्न खतरे के प्रति भारत को आगाह किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी विनाशकारी टैरिफ नीति से दशकों के प्रयासों को ध्वस्त कर दिया है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा कूटनीतिक कदमों को व्यापक रणनीतिक संदर्भ में देखने की अनिच्छा ने शी जिनपिंग को पूर्व को फिर से स्थापित करने का अवसर दिया है। जान बोल्टन एक पूर्व अमेरिकी सरकारी अधिकारी हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (2018-19) के रूप में कार्य किया। बाद में उन्होंने विदेश नीति पर ट्रम्प के साथ मतभेदों को लेकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बोल्टन की टिप्पणी चीन के तियानजिन में 25वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन के बाद आई है।

## वैश्विक मामलों में डॉलर का दुरुपयोग कर रहे पश्चिमी देश

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने पश्चिमी देशों पर आरोप लगाया कि कि वे अपने विरोधी देशों को दबाने के लिए डॉलर पर अपनी पकड़ का दुरुपयोग कर रहे हैं तथा प्रतिबंधों, आयात शुल्क और अन्य माध्यमों से अपने विरोधी देशों की आर्थिक नीतियों को प्रभावित कर रहे हैं।

यह जानकारी रूसी समाचार एजेंसी तास ने मंगलवार को दी। तास की रिपोर्ट के अनुसार, लावरोव ने टिप्पणी किया कि पश्चिम एक नई बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के उदय का विरोध कर रहा है तथा इसे रोकने की हरसंभव कोशिश कर रहा है यहां तक कि बातचीत एवं निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के बजाय प्रत्यक्ष ब्लैकमेल, दबाव एवं

**विरोधी देशों की आर्थिक नीतियों को प्रभावित कर रहे हैं पश्चिमी देश: लावरोव**

प्रतिबंधों का सहारा ले रहा है। रूसी विदेश मंत्री ने सरकारी प्रसारक वीजीटीआरके के टेलीग्राम चैनल पर एक साक्षात्कार में कहा कि पश्चिमी देश वैश्विक मामलों में डॉलर का दुरुपयोग कर रहे हैं तथा अपने आसपास के सभी देशों पर टैरिफ युद्ध थोप रहे हैं। उन्होंने यह टिप्पणी चीन के तियांजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन तथा भारतीय, चीनी और रूसी राष्ट्राध्यक्षों के बीच त्रिपक्षीय बैठक के दौरान की है जिनमें सभी ने अमेरिकी आयात शुल्क के विरोध में सामूहिक विरोध की भावना व्यक्त की।

# नेस्ले CEO की नौकरी गई, कर्मचारी के साथ रिलेशन में थे

## एस्ट्रोनामर सीईओ भी एचआर के साथ रोमांस करते वायरल हुए थे, इस्तीफा देना पड़ा

**मुंबई।** एफएमसीजी कंपनी नेस्ले ने अपने चीफ एग्जीक्यूटिव आफिसर (सीईओ) लारेंट फ्रीक्स को नौकरी से निकाल दिया है। फ्रीक्स का एक साथी कर्मचारी के साथ अफेयर के चलते यह कार्रवाई की गई है। कंपनी ने सोमवार को एक नोटिफिकेशन में इसकी जानकारी दी।

इसमें बताया कि फ्रीक्स ने इस रिश्ते की जानकारी भी कंपनी को नहीं दी। यह नियमों का उल्लंघन है। कंपनी ने अब उनकी जगह सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और नेस्ले के काफी स्ट्रैटजिक बिजनेस यूनिट के हेड फिलिप नवरातिल को नया सीईओनियुक्त किया है। नेस्ले ने कहा कि फ्रीक्स को निकालने का फैसला एक जांच के बाद लिया गया, जिसमें पता चला कि उनका अपनी डायरेक्ट सबआर्डिनेट (पीए) के साथ रोमांटिक रिश्ता था। इस जांच को कंपनी के चेयरमैन पाल बल्के और लीड इंडिपेंडेंट डायरेक्टर पाब्लो



**मैं लारेंट को उनकी कई सालों की सेवा के लिए धन्यवाद देता हूं: पाल बल्के**

इस्ला ने देखा, जिसमें बाहर के वकीलों की भी मदद ली गई। पाल बल्के ने कहा कि ये फैसला जरूरी था। नेस्ले के मूल्य और नियम हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। मैं लारेंट को उनकी कई सालों की सेवा के लिए धन्यवाद देता हूं। लारेंट फ्रीक्स को पिछले साल ही चीफ एग्जीक्यूटिव बनाया गया था। उस समय नेस्ले का स्टाक 2022 की शुरुआत के मुकाबले करीब 40 प्रतिशत गिर गया था। उस वक्त यूरोप और अमेरिका में वेट-लास ड्रग्स की वजह से लोगों की खाने की आदतें बदल रही थीं। फ्रेक्स ने कंपनी में करीब 40 साल काम किया था और मार्क नाइडर की जगह ली थी। नए सीईओने कहा: कंपनी के काम को सपोर्ट करूंगा। फिलिप नवरातिल के कंपनी का नया सीईओबनाया गया है। उन्होंने 2001 में नेस्ले में इंटरनल आडिटर के तौर पर शुरुआत की थी और 2009 में नेस्ले होंडुरस के कंट्री मैनेजर बने। 2013 में उन्होंने मेक्सिको में कंपनी के काफी और बेवरेज बिजनेस को संभाला। पिछले साल वे नेस्ले नेस्प्रेसो के चीफ एग्जीक्यूटिव बने और इस साल एग्जीक्यूटिव बोर्ड में शामिल हुए थे। नवरातिल ने कहा कि मैं कंपनी की स्ट्रैटजिक दिशा और परफार्मेंस को बेहतर करने के प्लान को पूरी तरह सपोर्ट करता हूं।

# ऑस्ट्रेलिया में अपमानजनक पहुंच वाली तकनीकों पर लगेगा प्रतिबंध

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया की सरकार ने मंगलवार की घोषणा की है कि वह अपमानजनक पहुंच वाली तकनीकों को प्रतिबंधित करने जा रही है, इनमें एआई टूल भी शामिल हैं, जो अश्लील चित्र बनाने की क्षमता रखते हैं।

संचार मंत्री एनिका वेल्स ने कहा कि सरकार प्रौद्योगिकी उद्योग के साथ मिलकर काम करेगी, ताकि छिपे हुए ऑनलाइन स्टॉकिंग टूल्स और एआई ऐप तक पहुंच को प्रतिबंधित किया जा सके। ये टूल्स और ऐप्स स्पष्ट रूप से अश्लील डीपफेक सामग्री बना सकते हैं। सुवेल्स ने कहा कि आस्ट्रेलिया में एआई और वैध ट्रैकिंग तकनीक के लिए एक जगह है, लेकिन ऐसे किसी भी ऐप्स और तकनीकों के लिए कोई जगह नहीं है, जिनका उपयोग केवल लोगों, विशेषकर हमारे बच्चों को हानि पहुंचाने वाले, अपमानित करने और नुकसान पहुंचाने के लिए किया जाता है। यह इतना महत्वपूर्ण है कि हम इस पर कार्रवाई किए बिना नहीं रह सकते। अपमानजनक तकनीकें व्यापक रूप से और आसानी से उपलब्ध हैं और अब वास्तविक और अपूरणीय क्षति का कारण बन रही हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई मौजूदा कानूनों की पूरक होगी, जो पीछा करने और यौन सामग्री के बिना सहमति के वितरण पर रोक लगाती है। नए कानून भी अपमानकारी टूल तक पहुंच को सीमित करने की ज़िम्मेदारी तकनीकी कंपनियों पर डालेंगे। संघीय सरकार की ई-सुरक्षा आयुक्त जूली इनमैन ग्रांट ने जून में कहा था कि पिछले 18 महीनों में 18 वर्ष से कम आयु के लोगों की डिजिटली बनाई गई अंतरंग तस्वीरों की घटनाओं की संख्या पिछले सात सालों की तुलना में दोगुनी हो गई है।

